

एसआईआर पर लोकसभा में गतिरोध बरकरार विपक्षी दलों के हंगामे से कार्यवाही स्थगित - 12



निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी आठ साल के निचले स्तर पर- 12



पाकिस्तानी नागरिक थे पहलगाम में हमला करने वाले - 13



हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज : गिल-14

आज का मौसम
26.5° अधिकतम तापमान
24.5° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.46


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष एकादशी 01:12 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 5 अगस्त 2025, वर्ष 3, अंक 352, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### अकाल तख्त में पंजाब के शिक्षा मंत्री तलब

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त ने सोमवार को पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस को सिखों की धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में पांच 'सिंह साहिबान' के समक्ष छह अगस्त को पेश होने के लिए कहा। बैंस को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं बरसी पर आयोजित एक कार्यक्रम में मनोरंजनात्मक प्रस्तुतियों को लेकर तलब किया गया है।

### नागौर में 2.16 करोड़ का डोडा पोस्त जब्त

**जयपुर।** राजस्थान में नागौर जिले की पांचौड़ी पुलिस ने एक खेत में छापा मारकर 2.16 करोड़ रुपये मूल्य का अवैध डोडा पोस्त जब्तकर इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भेड़ गांव का श्रवणराम विश्नोई (40) के खेत पर छापा मारकर वहां से 50 कट्टों में भरा 1441 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया और मौके से ही आरोपी श्रवणराम को गिरफ्तार कर लिया।

### चीनी मांझे के 660 रोल के साथ दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधित चीनी मांझे की बिक्री में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 660 रोल मांझा बरामद किया है। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मुरादनगर निवासी मनीष (23) और सलीम पठान के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर एक टीम ने एक अगस्त को मंडोली स्थित मिलन गार्डन के पास से मनीष को गिरफ्तार कर लिया।


अंदर देखें ... अंतस





# पीठ पीछे आदेश हासिल कर सरकार ने न्याय व्यवस्था को किया नजरअंदाज

## बांके बिहारी मंदिर अध्यादेश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को लगाई कड़ी फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



उत्तर प्रदेश सरकार को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह श्रद्धालुओं के लाभ के लिए मथुरा के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को 15 मई को दी गई मंजूरी स्थगित रखेगा, क्योंकि इसमें मुख्य हितधारकों की बात नहीं सुनी गई।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को नजरंदाज कर गुप्त तरीके से अदालत का दरवाजा खटखटाने के दृष्टिकोण की निंदा की और प्राचीन मंदिर का प्रबंधन अपने हाथ में लेने के लिए उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 लाने की जल्दबाजी पर सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह लाखों श्रद्धालुओं के हित में मंदिर के मामलों के प्रबंधन के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त करेगी। साथ ही प्रबंध समिति में मुख्य हितधारकों को भी शामिल किया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल केएम. नटराज को बताया कि जितना कम कहा जाए उतना अच्छा है। आप अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों को कैसे सही ठहराते हैं? दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, राज्य सरकार अदालत के रिसीवर या हितधारकों को सूचित किए बिना, बेहद गुप्त तरीके से अदालत में आई। हाईकोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए उसने पीठ पीछे निर्देश हासिल किए। राज्य सरकार से हमें कम से कम ऐसी उम्मीद नहीं थी। फिलहाल शीर्ष अदालत अध्यादेश की संवैधानिकता पर फैसला नहीं कर रही है और उच्च न्यायालय इस पर विचार करेगा। पीठ ने 15 मई के आदेश को स्थगित रखने तथा दैनिक कामकाज की देखभाल के लिए किसी व्यक्ति को मंदिर का प्रबंध न्यासी नियुक्त करने के लिए पांच अगस्त को आदेश पारित करने पर निर्णय लेने का उल्लेख किया।

### याचिकाकर्ता ने बताया था योजना को अव्यवहारिक

19 मई को याचिकाकर्ता देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने याचिका दायर कर कहा कि प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना को लागू करना व्यवहारिक रूप से नामुमकिन है। दावा किया था कि मंदिर के ऐतिहासिक और संचालन से जुड़े लोगों की भागीदारी और सुझावों के बिना पुनर्विकास से प्रशासनिक फसाद पैदा हो सकती है। ऐसा पुनर्विकास मंदिर के धार्मिक और सांस्कृतिक चरित्र को बदल सकता है।

### यह भगवान कृष्ण की भूमि... वे विश्व के पहले ज्ञात मध्यस्थ थे

पीठ ने कहा कि यह भगवान कृष्ण की भूमि है। वे विश्व के पहले ज्ञात मध्यस्थ थे। आइए, वर्षों से लंबित इस विवाद का समाधान निकालें और इन प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के हित में इस क्षेत्र का विकास करें। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है क्योंकि आजकल धार्मिक पर्यटन राजस्व के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है। उसने मंदिर के मालिक होने का दावा करने वाले कई विरोधी गुटों सहित सभी हितधारकों को आश्वासन दिया कि मंदिर के मामलों के प्रबंधन के लिए किसी जिम्मेदार व्यक्ति को प्रभार दिया जाएगा, साथ ही आसपास के इलाकों और छोटे मंदिरों के विकास का भी आदेश दिया जाएगा।

# बाढ़ से बर्बादी : नदियां उफनाईं बेतहाशा बारिश से 12 की मौत

## कई जिलों में हालात काफी चिंताजनक, जनजीवन अस्त-व्यस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में बाढ़ और बेतहाशा बारिश के बीच लगभग 18 जिलों में नदियां बेकाबू हैं। इन हालातों के बीच राज्य में 12 लोगों की अलग-अलग घटनाओं में जान चली गई। वहीं, लखनऊ, अयोध्या और अंबेडकरनगर में 12वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। फिलहाल 17 जिलों की 37 तहसीलें और 402 गांव जलमग्न हैं।

भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण वाराणसी, प्रयागराज, मिर्जापुर, झांसी, आगरा, कानपुर देहात, कानपुर नगर समेत सभी प्रमुख जिलों में नदियां उफान पर हैं। गंगा-यमुना के साथ चंबल नदी में भी बाढ़ से कई इलाकों में हालात चिंताजनक हैं। घरों और स्कूलों में पानी घुस गया है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति वाराणसी और प्रयागराज में है। इधर, लखनऊ में लगातार भारी बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा 12वीं तक के स्कूलों को सोमवार की सुबह छुट्टी का आदेश दिया। बरेली, सुलतानपुर, सीतापुर में भी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि 24 जिले अतिसंवेदनशील और 16 जिले संवेदनशील हैं।



प्रयागराज में तटवर्ती इलाकों में घुसा गंगा का पानी।

### सीतापुर में सगी बहनों तो बदायूं में भाइयों की मौत

बारिश के चलते सोमवार को सीतापुर में कच्ची दीवार ढहने से दो सगी बहनों की जान चली गई जबकि बदायूं में पानी से भरे गड्ढे में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत हो गई। उधर, शाहजहांपुर में परौर थाना क्षेत्र के कस्बा परौर निवासी श्याम पाल (30) ने घर के बाहर कच्ची ईंटों से बनी कोठरी में सो रहा था। रात 2 बजे कच्ची दीवार गिर गई, जिसमें दबकर उसकी मौत हो गई। वहीं, अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र के कूबी गांव में तीन मंजिला पक्का मकान के मलबे में दबकर किसान की मौत हो गई। सीतापुर के सिधौली कोतवाली क्षेत्र के खैरेन देशनगर गांव में कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर दो बहनों की मौत हो गई। इधर, कानपुर के घाटमपुर में खंडहर की दीवार गिरने से कक्षा तीन में पढ़ने वाले सात वर्षीय शिवा की दबकर मौत हो गई।

### बाढ़ के चलते स्कूलों में अवकाश घोषित

**लखनऊ।** बारिश और बाढ़ के चलते उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों का अवकाश बढ़ाया गया है। किसी जिले में 7 अगस्त तक तो कहीं 5 अगस्त तक अवकाश घोषित किया गया है। प्रयागराज के प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के स्कूल 7 अगस्त तक के लिए बंद रहेंगे। मिर्जापुर में डीएम पवन कुमार गंगवार ने 7 अगस्त तक स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए। इसी तरह अलीगढ़ के सभी बोर्ड के नर्सरी से 12वीं तक के स्कूलों को 5 अगस्त को बंद रखने का आदेश है। महोबा में कक्षा एक से आठ तक के स्कूल 6 अगस्त तक बंद रहेंगे। जालौन और लखीमपुर खीरी में भी 5 और 6 अगस्त को स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है।

# राहुल से सुप्रीम सवाल-आपको कैसे पता चीन ने जमीन हड़पी

## सेना के खिलाफ टिप्पणी पर कोर्ट ने लगाई कांग्रेस नेता को फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस मामले में लखनऊ की एक अदालत में गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं। आप संसद में बातें क्यों नहीं कहते हैं, आप सोशल मीडिया पर क्यों कहते हैं? पीठ ने पूछा, आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीनियों ने कब्जा कर ली है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है? पीठ ने पूछा, बिना किसी सबूत के आप ये बयान क्यों दे रहे हैं? अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसी बात नहीं कहेंगे।



गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की सच्चे भारतीय की टिप्पणी पर सिंघवी ने कहा, यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य बात है? सिंघवी ने कहा कि गांधी केवल उचित खुलासे और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे।

### 'चीन गुरु' ने भारत को कमजोर करने की कसम खाई : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत को कमजोर करने और चीन को मजबूत करने की कसम खा रखी है। राहुल को चीन गुरु करार देते हुए भाजपा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी भारतीय सशस्त्र बलों से नफरत करते हैं तथा विदेशी ताकतें उन्हें रिमोट कंट्रोल से संचालित कर रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल लगातार गैर-जिम्मेदार और भारत विरोधी टिप्पणियां करते आए हैं।

# सिराज ने इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत



ओवल में इंग्लैंड पर जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

लंदन, एजेंसी

- भारत छह रन से जीता, सीरीज 2-2 से बराबर

भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को यहां मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी। इसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने सीरीज में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।

सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे, लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन

रांची/नई दिल्ली, एजेंसी

- झारखंड विस स्थगित, राज्य में 3 दिन का राजकीय शोक
- राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया शोक

झारखंड के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन ने सोमवार को अंतिम सांस ली। वह 81 वर्ष के थे। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए... मैं आज 'शून्य' हो गया हूं।



झारखंड विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देशभर से विभिन्न नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। झामुमो ने बताया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर शाम साढ़े पांच बजे दिल्ली से रांची लाया जाएगा। पार्टी ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को रामगढ़ जिले में उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा और वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए रोडवेज में मुफ्त यात्रा

- प्रदेश सरकार ने इस बार तीन दिन के लिए दी यह सुविधा

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माताओं-बहनों को निःशुल्क परिवहन बस सेवा मिलेगी। यह सुविधा 8 अगस्त शुक्रवार सुबह से शुरू होकर 10 अगस्त रात्रि तक अर्थात तीन दिन तक मिलेगी।

पर्व पर महिलाओं को आवागमन में दिक्कत न हो, इसके लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। निःशुल्क यात्रा की सुविधा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से मिलेगी, आवश्यकतानुसार बसों और उनके फेरों की संख्या भी बढ़ाने का विकल्प रहेगा।

## दिल्ली में सांसद के गले से नोची सोने की चेन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी में अज्ञात झपटमारों ने मयिलाडुतुरै की सांसद आर. सुधा की सोने की चेन उस समय छीन ली जब वह सुबह की सैर पर निकली थीं। चाणक्यपुरी में कई दूतावास और राज्य सरकारों के आधिकारिक आवास स्थित हैं। पुलिस ने बताया कि इलाके के तमिलनाडु भवन में रह रहीं सुधा सुबह की सैर के लिए निकली थीं, तभी अज्ञात लोगों ने उनकी सोने की चेन छीन ली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच जारी है। आरोपियों का पता लगाने और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए कई पुलिस दल तैनात किए गए हैं।

**तैयारी** | राज्य सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने शुरू की 50 एकड़ भूमि की तलाश

# प्रदेश में बनेगा फूलों की पौध निर्यात को 'एक्सपोर्ट हब'

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने फूलों की पौध के निर्यात को बढ़ावा देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेश में 50 एकड़ भूमि पर 'एक्सपोर्ट हब' बनेगा। इस पर दो करोड़ रुपये लागत अनुमानित है। सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने भूमि की तलाश शुरू कर दी है।

वर्तमान में महाराष्ट्र व कर्नाटक से फूलों का निर्यात हो रहा है। इन राज्यों की तर्ज पर अब राज्य सरकार ने भी फूलों की पौध के निर्यात पर फोकस किया है। औद्यानिक उपज के निर्यात के लिए इसी वर्ष जनवरी में उत्तर प्रदेश औद्योनिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड को प्रदेश के सभी उपजों के निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। सरकार के निर्देश पर बोर्ड ने निर्यात पर जोर देते हुए 'एक्सपोर्ट हब' के लिए भूमि की तलाश शुरू की है। इस तलाश में फूल की पैदावार से जुड़े किसानों की मदद ली जा रही है। हब के निर्माण के लिए एग्रीकल्चर फाइनेंस कॉरपोरेशन व हरियाणा की निजी कंपनी लिम्फेरो फोर्स से एमओयू समझौता हुआ है।

फिलहाल पश्चिमी उत्तर के जिलों मेरठ, बागपत, सहारनपुर, हापुड़ समेत बाराबंकी, कन्नौज आदि जिलों से 'जरबेरा' व 'डच रोज' फूलों का निर्यात हो रहा है, पर मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो रही है। श्रीलंका समेत खाड़ी देशों बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में इन फूलों के पौधों की मांग ज्यादा है।



### यूपी का जरबेरा व डच रोज बिखेरेगा विदेश में खुशबू

जरबेरा व डच रोज फूलों की मांग ज्यादा होने के कारण फिलहाल इन्हीं फूलों के पौधों को विदेश में भेजकर वहां के फूल बाजार में छाने की तैयारी है। डच रोज एक खास किस्म का गुलाब होता है। यह व्यवसायिक उपयोग के लिए उगाया जाता है। इसकी खेती सब्जियों की तरह होती है। इन्हें सीधे तौर पर सूर्य के प्रकाश की जरूरत नहीं होती। खुले बाजार में अच्छी खासी कीमत मिलती है, जबकि अपनी ताजगी व लंबे समय तक टिकने की खासियत के कारण जरबेरा पार्टियों-समारोहों में ज्यादा इस्तेमाल होता है। यह सफेद, पीले, गुलाबी, लाल और नारंगी समेत कई रंगों में होता है।

### पूरा करेंगे 1 ट्रिलियन इकॉनमी का लक्ष्य

प्रदेश सरकार की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में फूल किसान भी उत्साह दिखा रहे हैं। उप्र औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड के नोडल अधिकारी पंकज कुमार शुक्ला का कहना कि 'एक्सपोर्ट हब' के लिए भूमि की तलाश चल रही है। साल के अंत तक हब को तैयार करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि फूलों के निर्यात में प्रदेश अभी पीछे हैं, पर निर्यात की ज्यादा संभावनाओं को देखते हुए फूल निर्यातकों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

# सभी डीएम अतिसंवेदनशील जिलों में बाढ़ राहत को रहें तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्य सचिव ने संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव एसपी. गोयल ने संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर सभी डीएम को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के सभी डीएम संबंधित विभागों एवं केन्द्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर राहत एवं बचाव कार्यों को करायें तथा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करें, जिससे कहीं पर भी जन-धन का नुकसान न होने पाये।

उन्होंने कहा कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त राहत सामग्री की उपलब्धता रहे। बाढ़ राहत शिविरों में लोगों के लिए लंच पैकेट, शुद्ध पेयजल, दवाओं व नाश्ते के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध रहे। अन्य राहत सामग्री की गुणवत्ता से भी कोई समझौता न किया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बाढ़, अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देरी न हो। प्रभावित परिवारों को जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

# हर चुनौती से निपटने को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी तैनात

## बाढ़ की आफत :1 लाख 16 हजार 403 लोगों को मिली राहत, मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर ग्राउंड जीरो पर राहत सामग्री बांट रहे मंत्रीगण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों सतत निगरानी की जा रही है। उनके निर्देश पर टीम-11 में शामिल मंत्रियों ने अफसरों के साथ सोमवार को भी राहत और बचाव की कमान संभाली। अफसरों का दावा है कि सरकार का बाढ़ की आफत से घिरे 17 जिलों के 1 लाख 16 हजार 403 लोगों को राहत पहुंचाई गई है। हर चुनौती से निपटने को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी तैनात है।

बाढ़ के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के 57 जिलों में एनडीआरएफ की 14, एसडीआरएफ की 15 और पीएसी की 48 टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 17 जिलों की 40 तहसीलें और 694 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इन इलाकों में बाढ़ से 1,16,403 लोग प्रभावित हैं। इन सभी को राहत प्रदान की गई है। वहीं बाढ़ की वजह से 4,682 मवेशियों को सुरक्षा स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 373 लोगों के मकानों को क्षति पहुंची है, जिनमें से 356 लोगों को सहायता राशि दी जा चुकी है। वहीं प्रदेश में 11,386 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में आया है। इन प्रभावित क्षेत्रों में 738 नावों और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा 4,867 नावों को प्रीपोजीशंड किया गया है। इन इलाकों में अब तक 9,467 खाद्यान्न पैकेट और 1,18,769 लंच पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। वर्तमान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 39 लंगर के जरिये पीड़ितों को भोजन की सुविधा दी जा रही है। 25 हजार से अधिक लोगों सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है।



बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री बांटते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

### मुख्यमंत्री स्वयं रख रहे प्रभावित इलाकों पर नजर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं हर प्रभावित जिले की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में पारदर्शिता और मानवीय संवेदना को प्राथमिकता दी जाए। राज्य सरकार "हर पीड़ित तक सरकार" की भावना को ज़मीन पर उतारने के लिए संकल्पबद्ध है।

### बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए ग्राउंड जीरो पर उतरे हैं। मंत्रियों ने सोमवार को भी बाढ़ प्रभावित जनपदों का भ्रमण किया। मंत्रियों ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का भी जायजा लिया, फिर पीड़ितों से संवाद स्थापित किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अनिल राजभर ने वाराणसी में, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ' 'नंदी' ' प्रयागराज में, स्वतंत्र देव सिंह व संजय गंगवार ने जालौन में, मंत्री दयाशंकर मिश्र ' 'दयालु' ' बलिया में, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बांदा में, का भ्रमण कर वहां की स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और आवश्यक्ताओं के बारे में प्रभावित इलाकों में जाकर राहत मुहैया करा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जस्टिस राजन रॉय बने लखनऊ बेंच के वरिष्ठ न्यायमूर्ति



अमृत विचार,लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने जस्टिस राजन रॉय को लखनऊ बेंच का वरिष्ठ न्यायमूर्ति नियुक्त किया है। इस संबध में मुख्य न्यायमूर्ति की ओर से रविवार को आदेश जारी किया गया। जस्टिस रॉय की नियुक्ति वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी की 2 अगस्त को सेवानिवृत्ति के बाद की गई है। जस्टिस रॉय का जन्म 15 अगस्त 1965 को बिहार के गया में हुआ था। जस्टिस रॉय ने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1993 में विधि की उपाधि प्राप्त की और 30 जनवरी 1994 को यूपी बार काउंसिल में पंजीकरण करा के लखनऊ बेंच में विधि व्यवसाय प्रारम्भ किया। उन्हें फरवरी 2014 को इलाहाबाद हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल 14 अगस्त 2027 तक है।

### गोंडा कृषि महाविद्यालय के लिए 39.10 करोड़ स्वीकृत

अमृत विचार, लखनऊ। राज्यपाल ने योगी सरकार के प्रस्ताव पर गोंडा में कृषि महाविद्यालय कैंपस के निर्माण कार्य के लिए 40 करोड़ 75 लाख 63 हजार के सापेक्ष 39 करोड़ 10 लाख 53 हजार की पुनरीक्षित धनराशि स्वीकृत की है। यह महाविद्यालय आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या अंतर्गत है। वहां के कुलपति को चालू वर्ष के लिए 2.35 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

गोंडा में कृषि विवि की मांग काफी पहले से थी। अखिलेख सरकार ने वर्ष 2016-17 के बजट में गोंडा में कृषि विश्वविद्यालय निर्माण की घोषणा भी की थी। दावा किया गया था कि 3.46 लाख करोड़ रुपये के बजट से करनैलगंज में बनेगा।

### 1.5 करोड़ से दुरुस्त होंगे प्रदेश में पशु चिकित्सालय

अमृत विचार : लखनऊ। प्रदेश में जर्जर हालत के भवन में संचालित हो रहे पशु चिकित्सालयों एवं पशु सेवा केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। जिला योजना अंतर्गत मरम्मत किए जाने वाले कार्य के लिए राज्य सरकार द्वारा एक करोड़ 46 लाख 60 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए पशुपालन विभाग के उप सचिव रवींद्र प्रताप सिंह ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को पत्र जारी कर दिया है।

### नीट एमडीएस की तृतीय चरण की काउंसिलिंग 6 से

अमृत विचार : लखनऊ। यूपी नीट एमडीएस 2025 की तृतीय चरण की काउंसिलिंग 6 अगस्त से शुरू होगी, 11 अगस्त तक पंजीकरण के साथ धरोहर राशि जमा होगी। तत्पश्चात घोषित मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को 13 अगस्त तक कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी। अगले दिन 14 अगस्त को सीट आवंटन परिणाम घोषित होंगे, 18 अगस्त से 21 अगस्त तक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# जातिवाद, दंगे और माफियापरस्ती है सपा-कांग्रेस की राजनीति : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने मेरठ को 2,517 करोड़ और सहारनपुर को 381 करोड़ की दी योजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ और सहारनपुर में कांग्रेस और सपा पार्टियों पर राष्ट्रवादियों को फंसाने की साजिश करने का आरोप लगाया। कहा कि सपा-कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफिया के चरण वंदन तक ही सीमित रही है। कांग्रेस ने मालेगांव विस्फोट मामले में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर, आतंकवादियों को बचाने का काम किया गया। उन्होंने पूछा कि "क्या कांग्रेस अपने पापों के लिए देश से माफी मांगेगी?

मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना का भूमिपूजन किया, जबकि इसके पहले सहारनपुर में 381 करोड़ रुपय की 15 विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए मालेगांव जैसे मुद्दों पर उनकी नीतियों की आलोचना की। योगी ने मेरठ में शुरू की गई इस विशाल टाउनशिप परियोजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करते हुए इसे 'अटल शताब्दी' के नाम दिया। यह परियोजना रैपिड रेल के निकट होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नागरिकों के लिए सस्ते और टिकाऊ आवास उपलब्ध कराएगी। योगी ने कहा कि पहले मेरठ की पहचान 'सोतीगंज' जैसे चोर बाजार से थी, लेकिन आज यह शहर रैपिड रेल, 12-लेन एक्सप्रेसवे और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के तहत स्पोर्ट्स आइटम्स के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित हो रही है। मेरठ से प्रयागराज तक देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे इस साल के अंत तक लोकार्पित होगा, इससे लखनऊ की दूरी को मात्र 6 घंटे होगी। सीएम ने यहां इनर रिंग रोड और सर्किट हाउस के पुनर्निर्माण जैसे अन्य विकास कार्यों की भी घोषणा की।



मेरठ में नवीन टाउनशिप परियोजना के भूमिपूजन के बाद पौधरोपण करते मुख्यमंत्री योगी।

### 'भैंसा गाड़ी नहीं, बुलेट ट्रेन' है डबल इंजन की सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में 381 करोड़ की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार भैंसा गाड़ी नहीं, बल्कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। उन्होंने सावन के अंतिम सोमवार पर शिवभक्तों के उत्साह को सराहा। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय और तीर्थ स्थलों के विकास पर भी चर्चा की। सीएम ने सभी से अपने अपने घर पर तिरंगा फहराने की अपील की।

### विकास योजनाओं में विधायकों का मार्ग दर्शन अनिवार्य :योगी

● सहारनपुर जाकर की मंडल में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर की मंडलीय समीक्षा में अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास योजनाओं के प्रस्ताव और स्वीकृति से लेकर कार्यान्वयन तक विधायकों का मार्ग दर्शन लेना अनिवार्य होगा। कहा कि विधायकों की जमीनी समझ और अनुभवों से विकास कार्य कराए जाएं। मंडलवार जनप्रतिनिधि संवाद शृंखला के तहत सोमवार को योगी सहारनपुर जाकर मंडल के तीन जिलों, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और शामली के जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष समीक्षा बैठक की। प्रत्येक विधायक से व्यक्तिगत रूप से उनके क्षेत्र की समस्याओं और विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सहारनपुर मंडल का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस क्षेत्र का पुनरुत्थान और समेकित विकास 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण का मूलाधार है। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत विकास कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक कनेक्टिविटी, इंटर-कनेक्टिविटी सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, बाईपास, आरओबी, अंडरपास, फ्लाईओवर, मेजर और माइनर ब्रिज, रोड सेफ्टी उपाय, सिंचाई अवसंरचना जैसे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के गंगोह मार्ग पर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा जाहरवीर गोगा म्हाड़ी जाकर दर्शन-पूजन के बाद नवनिर्मित अमृत सरोवर का उद्घाटन किया।

# लखनऊ समेत चार जिलों में आवास सत्यापन पूरा

**अमृत विचार : लखनऊ।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजन का सत्यापन लखनऊ, गाजियाबाद, हापुड़ व मेरठ ने निर्धारित समय 31 जुलाई तक 100 फीसदी पूर्ण कर लिया है। जबकि कई जिलों में सत्यापन पूर्ण न होने पर केंद्र ने तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। समय बढ़ने से कई जिलों की प्रगति बढ़ गई है। सभी जिलों में ग्रामीणों को आवास देने के लिए कर्मियों से ऑनलाइन और लाभार्थियों से सेल्फ सर्वे कराया गया था। इस दौरान कुल 57,73,491 परिवारों के नाम पोर्टल पर दर्ज हुए थे। इनमें 27,93,428 परिवार सत्यापन के लिए चिह्नित करके चेकरों यानी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के पोर्टल पर भेजे गए।

# छांगुर के करीबी नवीन रोहरा को भेजा ईडी रिमांड पर

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचारः** विदेशी फंडिंग के जरिए अवैध रूप से धर्मांतरण करने के मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के करीबी नवीन रोहरा को ईडी के विशेष न्यायाधीश ने 4 दिन के लिए कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश दिया है। नवीन रोहरा से ईडी सोमवार शाम 4 बजे से 8 अगस्त की शाम तक पूछताछ कर सकेगी।

अवैध धर्मांतरण किए जाने को लेकर 16 नवंबर 2024 को गोमती नगर थाने में एटीएस द्वारा जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, उसके करीबी नवीन रोहरा तथा नीतू उर्फ नसरीन व अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी जिसमें आरोप लगाया गया कि उक्त सभी आरोपी विदेशी फंडिंग की मदद से अवैध तरीके से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कर रहे हैं। ईडी की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 जुलाई को जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा तथा आरोपी नवीन रोहरा, उसके पुत्र महबूब तथा न्यायालय कर्मी राजेश कुमार उपाध्याय सहित कुछ अन्य आरोपियों के कुल 15 के ठिकानों पर तलाशी ली गई थी जिसमें भारी मात्रा में अपराध द्वारा अर्जित संपत्तियों की जानकारी मिली। ईडी की ओर से पूछताछ के लिए दी गई रिमांड अर्जी में कहा गया कि जांच के दौरान ये तथ्य सामने आए है कि आरोपी नवीन रोहरा मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं का आरोपी है जिसके लिए आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ किया जाना आवश्यक है।



सोमवार को निजीकरण के विरोध में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

# शरिया कानून लागू कराने की साजिश, दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● 'रिवाइविंग इस्लाम' सोशल मीडिया ग्रुप से चला रहे थे गजवा-ए-हिंद की मुहिम

**अमृत विचार :** भारत की निर्वाचित सरकार को गिराकर शरिया कानून लागू कराने की साजिश रचने वाले दो आरोपियों को एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि दोनों सोशल मीडिया ग्रुप 'रिवाइविंग इस्लाम' चलाते है। ग्रुप में यूपी के अमरोहा का एक युवक भी शामिल है।

एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में अमरोहा के नौगावा सादात स्थित देहरा निवासी अजमल अली और महाराष्ट्र के थाणे स्थित बदलापुर निकट दरगाह का डॉ. उसामा माज शेख शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक एक व्हाट्सएप ग्रुप 'रिवाइविंग इस्लाम' की जानकारी मिली। जिसके तीन एडमिन समेत 400 पाकिस्तानी सदस्य हैं। इस ग्रुप में एक नंबर उत्तर प्रदेश के अमरोहा के देहरा निवासी अजमल अली का मिला। जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए देश विरोधी व गैर मुस्लिम धर्म के व्यक्तियों के प्रति कट्टरपंथी विचारधार को प्रचारित कर रहा है। संदेह होने पर उसे एटीएस मुख्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया। उसने अपना अपराध कुबूल किया।



अजमल अली, उसामा माज शेख।

### सरकार गिराने की रच रहे थे साजिश

दोनों आरोपियों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म की शुरुआती जांच में यह सामने आया कि देश की सरकार को गिराने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए पाकिस्तानी लोगों के संपर्क में थे। हिंसात्मक जिहाद के जरिए भारत में गजवा-ए-हिंद के सपने को साकार करने में जुटे थे। दोनों आरोपियों ने गैर मुस्लिम युवकों को भड़काने के लिए भी कई पोस्ट डाले हैं। इन युवकों को देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते थे। एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पूरे गिरोह के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

### कई सोशल मीडिया ग्रुप से जुड़े हैं पाकिस्तानी

एटीएस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में अजमल ने कई जानकारियां दी। अजमल ने एटीएस को बताया कि 'रिवाइविंग इस्लाम' के अलावा भी कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पाकिस्तानियों से संपर्क में था। एक इंस्टाग्राम आईडी भी है। जिसका संचालन महाराष्ट्र के थाणे स्थित बदलापुर निवासी डॉ. उसामा माज शेख करता है। डॉ. उसामा को अजमल अपना मेंटोर मानता है। उसामा के इंस्टाग्राम व सिगनल एप के माध्यम से देश विरोधी बातें होती थी। इस मामले में एटीएस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। एटीएस महाराष्ट्र के सहयोग से डॉ. उसामा को गिरफ्तार किया गया है।

# शीर्ष अधिकारी फिर पहुंचे नियामक आयोग, निजीकरण मसौदे चर्चा

**अमृत विचारः लखनऊ।** शासन व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंचकर निजीकरण के मसौदे पर चर्चा की। इस दौरान आयोग की ओर से सुझाव गए कमियों को दूर करने पर जोर दिया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। सूत्रों के अनुसार नियामक आयोग पहुंचने वाले अधिकारियों में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# बिजली कर्मियों का प्रदेश भर में प्रदर्शन

निजीकरण का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने सोमवार को प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों के वापस होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 250 दिन पूरे होने पर बिजली अभियंताओं व अवर अभियंताओं व अन्य सेवारत कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मियों ने सभी जिलों व परियोजना मुख्यालयों पर सभा कर विरोध जताया।

राजधानी लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय पर भारी बारिश के बीच बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य केंद्रीय पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि शीर्ष प्रबंधन की निजी घरानों के साथ मिलीभगत है। आठ माह से निजीकरण न कर पाने के कारण हताश प्रबंधन बिजली कर्मियों का लगातार उत्पीड़न कर रहा है।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पानी कम होते ही बहाल की जाय बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश

**अमृत विचारः** नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पानी कम होते ही प्राथमिकता के आधार पर बिजली आपूर्ति बहाल की जाय। उन्होंने कहा कि नगर विकास व ऊर्जा विभाग की ओर से जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाय। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यालय व कार्यस्थल से अनुपस्थित अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सोमवार को जल निगम के सभागार में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्य की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के साथ भोजन दवाएं व अन्य आवश्यक वस्तुएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ड्रेनेज व फॉगिंग की व्यवस्था के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव अनिवार्य रूप से कराया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कान्हा गोशालाओं के स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त की जाय।

# इस वर्ष 4.60 करोड़ तिरंगें फहराए जाएंगे

**अमृत विचारः लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान 02 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है, जो तीन चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा। इस अभियान अंतर्गत वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने 4.60 करोड़ तिरंगे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें लगभग दो करोड़ झंडों को स्मृति चिह्न के रूप में पुनः प्रयोग किया जाएगा। शेष 2.60 करोड़ नए तिरंगों का निर्माण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने सोमवार को बताया कि प्रथम चरण में सभी विद्यालयों की दीवारों एवं सूचना बोर्डों की तिरंगा सजावट आदि का आयोजित की जा रही हैं।

उच्चस्तरीय बैठक

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- बुनियादी सुविधाओं की कमी से स्कूल न हों प्रभावित

# डीएम व बीएसए कराएंगे परिषदीय स्कूल भवनों की जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● मुख्यमंत्री योगी ने टीम बनाकर हर जिले में भौतिक सत्यापन के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परिषदीय स्कूलों की भौतिक स्थिति की व्यापक और सघन समीक्षा कराई जाए। जिलों के जिलाधिकारी और बीएसए टीम बनाकर परिषदीय स्कूल भवनों की जांच कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश का कोई भी स्कूल जर्जर भवन, गंदगी या बुनियादी सुविधाओं की कमी से प्रभावित नहीं होना चाहिए। जहां भी ऐसी स्थिति हो, वहां त्वरित प्रभाव से सुधार कार्य शुरू कर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को प्रेरक, सुंदर और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। सभी जिलों में जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की अगुवाई में विशेष टीम गठित कर फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जाए। स्कूल भवन की मजबूती, पेयजल, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर, दीवारों की रंगाई-पुताई, रैम्प की सुविधा और बच्चों के बैठने की व्यवस्था जैसे सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले से एक विस्तृत प्रगति रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र शासन को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी कार्यों की फोटोग्राफिक डॉक्युमेंटेशन और सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि जनता सरकार के प्रयासों से भलीभांति परिचित हो सके।

### जर्जर स्कूल भवनों से बच्चों के हटाएं

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन स्कूलों के भवन पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके हैं, वहां बच्चों को तत्काल अस्थायी स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए और मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराया जाए। इस कार्य हेतु विभागीय बजट के साथ-साथ सीएसआर फंडिंग का उपयोग करते हुए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उन्हें भी इस अभियान में सहभागी बनाया जाए।

### ऑपरेशन कायाकल्प : 96 फीसदी कार्य पूरे

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश के केवल 36 फीसदी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की व्यवस्था थी और मात्र 7500 स्कूलों में पुस्तकालय थे। बालिकाओं के लिए शौचालय की सुविधा 33.9 फीसदी स्कूलों में ही उपलब्ध थी। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और पुस्तक वितरण जैसी व्यवस्थाएं बेहद कमजोर थीं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत प्रदेश में हुए नामांकन का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2016-2017 में मात्र 10784 बच्चों का नामांकन हुआ था, वहीं 2024-2025 में 4.58 लाख बच्चों का नामांकन हुआ है। वर्तमान में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर 96 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुके हैं।



बारिश से अश्विनीपुरम कॉलोनी में हुआ जलभराव।



मणिरामदासजी की छावनी के पास जलभराव।

**130 एमएम बारिश 24 घंटे में हुई रिकॉर्ड**





• अमृत विचार

ढेमवा पुल के पास नाव से सरयू नदी पार करता दूधिया, रामपुर पुवारी माझा के मदराही गांव बाढ़ के पानी से घिरा।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल से आए श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** तीर्थ यात्रा पर निकले नेपाल के सुरेश अहीर की अयोध्या में अचानक सड़क पर गिरने के बाद मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सोमवार की है। तेज बारिश के बीच पुराना डाकखाना रोड पर अचानक सुरेश अहीर पुत्र धुनमुल वार्ड नंबर चार सिमरी मायादेवी भैरावा नेपाल दोपहर में अशर्फी भवन से सब्जी मंडी की ओर आ रहे थे। यहां अचानक सड़क पर गिर गए। इस दौरान उनके साथ रहे दो यात्रियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली निरीक्षक मनोज शर्मा बताते हैं कि नेपाल के श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अभी जारी रहेगा बारिश का क्रम

**अयोध्या।** भारी बारिश के चलते सोमवार को अधिकतम तापमान छह डिग्री गिरकर 26.5 व न्यूनतम 1.4 डिग्री गिरकर 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि अभी बारिश का क्रम जारी रहेगा। आगामी 24 घंटे में मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर गिरा पेड़ आवागमन बाधित

**बीकापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बिलारी माफी के पास प्रयागराज हाईवे पर सोमवार सुबह तेज बारिश के दौरान हाईवे पर विशालकाय महुआ का पेड़ गिर गया। हाईवे के किनारे लगा एक विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क से गुजर रही एक कार वाहन चपेट में आ गई, क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन वाहन के अंदर सवार लोग बाल-बाल बच गए। हाईवे पर यातायात लगभग एक घंटे बाधित रहा। हाईवे के दोनों ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बीकापुर कोतवाली पुलिस के अलावा नगर पंचायत कर्मी मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने हाईवे पर गिरे पेड़ की कटाई की। जेसीबी से हाईवे पर लकड़ी हटवा कर यातायात बहाल कराया गया।

# जल में समाया जलवानपुरा, घरों में घुसा पानी, चारपाई पर अस्पताल पहुंचा मरीज

**बछड़ा सुल्तानपुर, अश्विनीपुरम, देवकाली टापू में तब्दील, आक्रोशित लोगों ने जाम लगा किया प्रदर्शन**

**सरकारी कार्यालयों का भी बुरा हाल, महापौर समेत नगर निगम के अधिकारी उतरे ग्राउंड जीरो पर**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में 42 घंटे बाद बारिश का क्रम थमा। 130 एमएम बारिश ने शहर के कई प्रमुख इलाकों को टापू में बदल दिया। सबसे बुरा हाल नगर निगम क्षेत्र के श्रीराम जन्मभूमि पथ से 100 मीटर दूर स्थित जलवानपुरा कॉलोनी का है। यहां बरसात व नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया है। करीब तीन से चार फीट पानी भरा हुआ है। यह हाल तब है जब नगर निगम ने यहां जल निकासी के लिए करीब 38 करोड़ की लागत से पंप हाउस व पाइप लाइन बिछाने का काम किया था। वहीं, शहर के वीआईपी कॉलोनी अश्विनीपुरम, बछड़ा सुलतानपुर, देवकाली समेत अन्य इलाके पूरी तरह से जलमग्न हैं, यहां के निवासियों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। अशोक सिंघल वार्ड के अहिराना इलाके में कुलदीप मांझी की तबियत बहुत खराब थी। सूचना पर पहुंचे पार्षद अंकित त्रिपाठी ने उन्हें चारपाई पर लिटाकर बाहर निकाला व अस्पताल पहुंचाया।

जलवानपुरा कॉलोनी में ऐहितयातन बिजली भी काट दी गई है। इससे यहां के 40 घरों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। घरों में पानी आने से जहरीले जानवरों खतरा सता रहा है। नाराज कॉलोनीवासियों ने श्रीराम अस्पताल-रेलवे स्टेशन रोड पर बेरिकेडिंग लगाकर जाम लगा दिया व भीगते हुए प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि स्थानीय निवासी राजू गुप्ता के पंप हाउस में बिजली कनेक्शन नहीं जोड़ने दिया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र में भीषण जल भराव की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई करते हुए बिजली कनेक्शन को जोड़ने की मांग की। बाद में महापौर की पहल पर जनरेटर के माध्यम से छह पंप में दो पंपों का चलाया गया, जो पानी निकालने की जद्दोजहद करता दिखा। जलवानपुरा के निवासी आशुतोष ने बताया कि हमारे घर में पानी भर गया है। बेड समेत अन्य सामान खराब हो गए हैं। सिर्फ दिखाने के लिए पंप लगाया गया है। शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा बताया जाता है कि अभी बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ है। जनरेटर चलाने के लिए नगर निगम के पास बजट नहीं है। चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।



अहिराना इलाके में मरीज को चारपाई पर ले जाते पार्षद अंकित त्रिपाठी व अन्य।



जलवानपुरा कॉलोनी के एक घर में भरा पानी, बेड पर बैठकर पढ़ाई करता बच्चा।





बछड़ा सुलतानपुर में जलभराव के विरोध में प्रदर्शन करते स्थानीय लोग एवं देवकाली गांव में जलभराव।

### महापौर ने पंप चालक को लगाई फटकार

जलवानपुरा में लोगों की नाराजगी को देखते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी अधिकारियों के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने पंप हाउस चालक को जमकर फटकार भी लगाई और लगातार 24 घंटे मोटर को ऑपरेट किए जाने का निर्देश दिया। महापौर ने बताया कि पंप हाउस का पानी तीन किमी दूर बाहर निकाला जा रहा है। बताया कि यह क्षेत्र एक कटोरे जैसी स्थिति में है। पूरे शहर का पानी यहां पर आता है। फिर यहां से लिफ्ट करके यह पानी दूसरे स्थान पर भेजा जा रहा है। कहा कि पंप हाउस में बिजली कनेक्शन की समस्या को दूर करने के लिए वार्ता की जा रही है।

## 22 वार्ड के 25 स्थानों पर जलनिकासी के लिए लगे 33 पंप



बारिश के दौरान श्रीराम अस्पताल रेलवे स्टेशन मार्ग पर डक्ट का निरीक्षण करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सोमवार को जलभराव से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और जल निकासी के लिए पंप लगवाया। सोमवार की शाम तक ज्यादातर इलाकों से पानी की निकासी सुनिश्चित करा दी गई। महापौर ने जलवानपुरा समेत जलभराव से प्रभावित इलाके का दौरा किया। नगर आयुक्त ने जनौरा, गद्दोपुर आदि का जायजा लिया। अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएम शुक्ल ने भी भ्रमण कर जल निकासी के लिए 22 वार्ड के 25 स्थानों पर 33 पंप लगवाए। इसमें जलवानपुरा में चार, चौधरी चरण सिंह घाट, जनौरा, जनौरा तालाब, लाल डिग्गी, सरयू नगर कालोनी में दो-दो पंप लगाए गए। बताया कि सप्तसागर में बिजली विभाग के पैनल में केबल के वायर काफी जर्जर हो जाने के वजह से करंट आ रहा था, जिससे बिजली विभाग को अवगत कराया गया। जानकी महल और जैन मंदिर वाली रोड के सभी पोल और पैनलों को चेक करवा कर टेपिंग करवाया गया।

### शहर का सूरत-ए-हाल : वीआईपी कॉलोनियां, सरकारी कार्यालयों में भी भरा पानी

लगातार बारिश के चलते शहर के निचले इलाकों के साथ कई वीआईपी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। अश्विनीपुरम कॉलोनी का हाल यह था कि घरों के बाहर खड़े चार पहिया वाहन का आधा हिस्सा पानी में डूब गया। ट्रैक्टर मंगाकर वाहनों को किसी तरह पानी से बाहर निकाला। कोतवाली अयोध्या भी जलभराव से बच नहीं पाई। फरियादी चप्पल हाथ में लेकर अंदर जाते दिखे। छोटी छावनी इलाके में श्रद्धालु पैंट ऊपरकर पानी में चलते दिखे। नगर निगम के जलकल कार्यालय व श्रीराम अस्पताल में भी इस कदर जलभराव रहा कि लोग अंदर जाने से डरते दिखे। बछड़ा सुलतानपुर इलाके में जलभराव से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा व पदर्शन कर विरोध जताने लगे। स्थानीय निवासी राकेश सिंह, सुमित, सीताराम यादव, फरहान, जानकी, आनंद सिंह आदि ने कहा कि जलभराव के साथ नाले का गंदा पानी जीने नहीं दे रहा है। लोक निर्माण विभाग, जजेज कॉलोनी, पावर कॉर्पोरेशन, सीओ आवास व पीएसी कार्यालय समेत अन्य विभागों में भी जलभराव की समस्या दिखी।



बारिश के चलते जलकल कार्यालय के सामने जलभराव।

### मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र में दो दिन से हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे ज्यादा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा है। रविवार रात लगभग दो बजे से कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े कई फीडरों की सप्लाई पूरी तरह बाधित है। वहीं, सोमवार तड़के से हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन के 11 फीडरों की विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई। पावर कॉर्पोरेशन के अनुसार भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर बिजली के तारों पर पेड़ या डालें गिर गईं हैं। मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज, खड़भड़िया, तुलशमपुर और अमानीगंज उपकेंद्रों क्षेत्र के लगभग एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। कुमारगंज और मिल्कीपुर विद्युत उपकेंद्रों में जलभराव की स्थिति है। जेई अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए विभागीय टीमें लगातार काम कर रही हैं। रुदौली, बीकापुर, गोसाईगंज, तारुन, हैदरगंज, मवई, कुमारगंज समेत अन्य इलाकों में भारी बारिश के चलते खेत व मेड़ एक हो गए। हालांकि यह वर्षा धान की फसल के लिए अमृत मानी जा रही है लेकिन अब अत्याधिक जलभराव से नुकसान भी हो सकता है।

# सरयू के पानी से घिरने लगे गांव, कछार में हलचल

- रफ्तार यही रही तो आज लाल निशान पार हो सकता जलस्तर
- जिले की तीन तहसीलों में प्रभावित होने लगे गांव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरयू में पानी का उफान तेज है। गांव पानी से घिरने लगे हैं। कछार में हलचल तेज हो गई है। जलस्तर बढ़ने की रफ्तार यही रही तो मंगलवार को सरयू का जलस्तर लाल निशान से ऊपर होगा। जिले की तीन तहसीलों के कई गांव इसकी जद में हैं।

सोमवार शाम चार बजे सरयू का जलस्तर चेतावनी बिंदु से महज 14 सेमी नीचे है। फिलहाल प्रति दो घंटे में एक सेमी पानी बढ़ रहा है, लेकिन जलस्तर बढ़ने की गति तेज होने की संभावना है। इसका कारण नेपाल की ओर से आ रहा पानी है। लगभग 324 क्यूसेक पानी सरयू में आने और यहां बारिश से नदी में पानी बढ़ने की रफ्तार तेज हो सकती है। यहां फसलें डूब गई। अफसरों ने बाढ़ को लेकर दौरा शुरू कर दिया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मशीनरी सक्रिय है। राहत एवं बचाव कार्यकी पूरी तैयारी है।

### बाढ़ के पानी से जानवरों के चारे का संकट

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित गांव में फसलें पानी में डूब गई। बाढ़ प्रभावित माझा क्षेत्र के मूडाडीहा माझा, सलेमपुर, उरदहवा, पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, मडनामाझा, बलुइयामाझा, रामपुर पुआरी माझा, काजीपुर माझा सहित दर्जनों गांवों के लोगों में बाढ़ की दहशत है। बलुइयामाझा के रामदयाल, शत्रुघ्न, विजय, हरगोविंद निषाद, अर्जुन, केशव, उदयभान, हरिभान, घनश्याम, रामनरेश, रामधनी, सुभाष, रामसागर, रामफूल, राम तीरथ बताते हैं कि चारे का संकट खड़ा हो गया है। मड़नामाझा के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, रामपुरपुवारी माझा के प्रधान रमेश निषाद, मूडाडीहा माझा के गया प्रसाद यादव ने बताया कि एक-दो दिन में बाढ़ का पानी से गांव तक पहुंच जाएगा। मड़ना के लेखपाल रामपाल ने बताया कि नदी का पानी बढ़ रहा है। अब तक 12 नाव की लिस्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेजी गई है।

### सरयू नदी के जलस्तर से कछार के लोग परेशान

**सोहावल, अमृत विचार :** ढेमवा पुल तक उस पर गोंडा से नाव पर बैठकर आने वाले किसानों ने बताया गोंडा के तरबगंज तहसील में परसपुर में सरयू का पानी गांव के किनारों से टकरा रहा है। अयोध्या के गांवों के साथ साखीपुर मांझा क्षेत्र के चहलावा, अट्ठसा, शुकुलपुरवा मांझा समेत लगभग पांच गांवों की ओर पानी चढ़ रहा है। प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण के लिए मांझा कला के कोटसराय, सहारा बाग में बाढ़ चौकियों के लिए लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की सरयू नदी का जल अभी खतरे के निशान से नीचे बह रहा है।

### कैथी मांझा के गांवों में बसे लोगों की चिंता बढ़ी

**शुजागंज, अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र में बारिश से पानी गांवों में घुस चुका है। कैथी मांझा गांव के श्रीदत्त, शिवकुमार, राजाराम, ननके, सूरजदीन, रामपाल, संतोष कुमार, राम बहादुर, राम कुमार, निर्मला देवी, राम अचल आदि बताते हैं कि भैंस, गाय, बकरी आदि को चारें की समस्याएं हो रही है। जलस्तर बढ़ने से कैथी मांझा, महगू का पुरवा, सराय नासिर, मुजेहाना, कैथी गांव, मरोचा माझा, अब्बूपुर, सल्लाहपुर आदि पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। रुदौली के उपजिलाधिकारी अशोक सैनी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति पर नजर रखने के लिए राजस्व टीम लगाई गई है। लेखपाल नकछेद भारती ने बताया कि हालात अभी सामान्य है।

### मदराही गांव बाढ़ के पानी से घिरा

मदराही गांव के हरिप्रसाद, अरविंद, सूरज, सोहनलाल, संतराम, मंसाराम, पप्पू, श्रीराम निषाद, रामचंद्र, श्याम सुन्दर ने बताया कि गांव को कटान से रोकने के लिए सिंचाई विभाग से बनाए गए 20 ठोकर पानी में डूब गए। गांव पानी से घर गया है। सिंचाई विभाग के अवध अभियंता वीरेंद्र कुमार ने बताया है कि अभी काम चल रहा है पानी कम होने पर ठोकर को ऊपर किया जाएगा।



कैथी मांझा गांव के पास नाव पर मोटर साइकिल को लादकर ले जाते ग्रामीण।

# सीएचसी के नवागत अधीक्षक पर भी लगे हैं गंभीर आरोप

हैदरगंज, अयोध्या।

- पूर्व अधीक्षक डॉ. महिपाल सिंह पहले से ही संकट में

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज एक बार फिर सुखियों में है। पूर्व अधीक्षक डॉ. महिपाल सिंह के स्थानांतरण के बाद नियुक्त नए अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह पर भी यौन मामले के गंभीर आरोप से घिरे हैं।

28 जून को एक स्टाफ नर्स ने पूर्व अधीक्षक डॉ. महिपाल सिंह पर शारीरिक शोषण और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। हालांकि अभी तक आरोपी डॉक्टर की न तो गिरफ्तारी हुई है और न ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से कोई विभागीय कार्रवाई सतह पर आई है। वहीं वर्तमान अधीक्षक डॉ. एके सिंह भी आरोपों से घिरे हैं। आरोप उनकी पत्नी ने ही लगाए हैं। पत्नी ने पुलिस से न्याय न मिलने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उनके पति डॉ. एके सिंह का दो अन्य महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अनुचित संबंध है। इनके मामले में भी अंबेडकरनगर जिले के महिला थाने में केस दर्ज है। फैमिली कोर्ट अंबेडकर नगर से डॉ. एके सिंह के विरुद्ध गैर जमानती व रिकवरी वारंट भी है। इस कारण वह उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इन सभी मामलों की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी है। स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हो रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी से कोई ठोस कदम उठता नहीं दिख रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। सोमवार को अधीक्षक डॉ. एके सिंह सीएचसी मौजूद नहीं मिले। मोबाइल फोन बंद था।


राम मंदिर

**सप्त ऋषियों के मंदिर के पास ग्रेनाइट के पत्थर से बनेगा यह स्मारक**

# शहीद कारसेवकों की स्मृति में बनेगा 11 मी. ऊंचा स्मारक

अयोध्या कार्यालय

- मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन लिया गया निर्णय



**अमृत विचार :** राम मंदिर के लिए प्राणों की आहुति देने वाले कारसेवकों की स्मृति में मंदिर परिसर में 11 मीटर ऊंचा स्मारक बनाया जाएगा। सोमवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके अलावा राम मंदिर परिसर की सुरक्षा में 70 एकड़ परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण भी 15 अगस्त के बाद प्रारंभ कर दिया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन सोमवार को नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि पूर्व में ही सभी मुख्य निर्णय लिए जा चुके हैं और अब सभी कार्यों की समीक्षा कर उनकी सूची बनाई जा रही है। इन सभी कार्यों में एक नई योजना को भी शामिल किया गया है, जिसमें राम मंदिर आंदोलन के दौरान शहीद पुण्यात्माओं का एक स्मारक सप्त ऋषियों के मंदिर के निकट बनाया जाएगा। ग्रेनाइट के पत्थर से बना यह स्मारक 11 मीटर ऊंचा होगा। इसके डिजाइन को अंतिम स्वरूप दे दिया गया है। बताया कि शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारित किया गया। इस समय सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा और आने वाले चार माह में सभी कार्य ट्रस्ट के नियंत्रण में हस्तांतरित कर दिया जाएगा। बताया कि ऑडिटोरियम और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय का निर्माण 2026 में पूर्ण होगा।

### रामलला के लिए बनेंगे हीरे के आभूषण

राम मंदिर परिसर में निर्मित मंदिरों को स्वर्ण जड़ित बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब रामलला सोने के साथ हीरे के भी आभूषण धारण करेंगे। मुंबई के एक हीरा व्यापारी ने 70 करोड़ का सोना दान किया था, जो राम मंदिर में लगाया गया है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि इस हीरा व्यापारी ने रामलला के हीरे के आभूषण बनाने के लिए कारीगरों को नापजोख के लिए अनुमति मांगी थी, जिसे ट्रस्ट ने स्वीकार कर लिया है।

### पांच करोड़ से राम मंदिर में होगी फसाड लाइटिंग

राम मंदिर में लगने वाले फसाड लाइट का टेंडर हो चुका है। इस पर लगभग पांच करोड़ का खर्च आएगा। मंदिर परिसर में लगने वाले फसाड लाइटिंग के लिए 6 माह पूर्व में ही 52 करोड़ रुपए का न्यूनतम टेंडर किया गया था। आज की तारीख में प्रतिस्पर्धा के चलते डिजाइन के आधार पर यह लाइटिंग पांच करोड़ रुपए में ही लग जाएगी। इसके लिए विभिन्न कंपनियां 18 अगस्त को अपना फाइनल डेमो देंगी। इसके बाद इस कार्य को अंतिम स्वरूप देने के लिए टेंडर फाइनल कर दिया जाएगा।

## भावनगर एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची अयोध्या कैंट, स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार:** गुजरात के भावनगर से चलने वाली ट्रेन संख्या 09201 सोमवार को पहली बार अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां रेल अधिकारियों ने यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। भावनगर-अयोध्या कैंट-भावनगर एक्सप्रेस ट्रेन सोमवार शाम करीब 4:30 बजे अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां मौजूद सीनियर डीसीएम एफएस गौरव दीक्षित ने ट्रेन के लोको पायलट को माला पहनाकर स्वागत किया। उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। गौरव ने बताया कि यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से शाम 4:20 बजे भावनगर के लिए रवाना होगी। रास्ते में यह बाराबंकी, लखनऊ, कानुपर, टुंडला, जयपुर, अजमेर जैसे रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी। इस अवसर पर वाणिज्य निरीक्षक अजय सिंह, आरपीएफ थाना प्रभारी हरीश कुमार शाही समेत अन्य मौजूद रहे।



भावनगर-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस ट्रेन से उतरे यात्रियों का हुआ स्वागत।

## न्यूज ब्रीफ

### बगैर अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में बगैर अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसका उल्लंघन करने पर प्रशासन ड्रोन मालिक के साथ ड्रोन उड़वाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करेगा। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे और एसएसपी गौरव ग्रोवर ने पत्रकारों को बताया कि बगैर अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई है। इसका उल्लंघन करने पर ड्रोन जब्त किए जाने के साथ ही कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने निषेधाज्ञा के तहत इस आशय का आदेश भी जारी कर दिया है।

### मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन जांच प्रभावित

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर में सोमवार को पीपीपी मोड पर संचालित रही सीटी स्कैन मशीन बंद हो गई। तकनीकि खामियों के कारण डेढ़ घंटे के करीब जांच प्रभावित रही। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि जांच सिर्फ आधे घंटे के लिए प्रभावित थी। मरम्मत कार्य के बाद संचालन कराया गया।

### बीकापुर में बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**बीकापुर, अमृत विचार :** बारिश के कारण रविवार की आधी रात के बाद बीकापुर और मंगारी विद्युत उपकेंद्र के कई फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। इससे लाखों की आबादी अंधेरे में रही। तहसील क्षेत्र के हैदरगंज, तारुन, गयासपुर और हैदरगंज विद्युत उपकेंद्र से भी विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। विद्युत उपखंड अधिकारी संदीप यादव ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। बीकापुर नगर पंचायत के सब्जी बेल्ट बिलारी माफी, नंदरौली, सेमरा, रसूलपुर, नसीरपुर मूसी, भगौती नगर आदि जगहों पर किसानों से खेतों में उगाई गई करेला, नेनुआ, कद्दू, लौकी, टमाटर सहित अन्य लता वाली सब्जी की फसलों को बरसात होने के चलते खेत में पानी भर जाने से नुकसान हुआ है।

### सटरिंग टूटने से गिरे दो मजदूर हुए घायल

**बीकापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बनकट गांव में निर्माणाधीन मकान में छत डालते समय अचानक लकड़ी का पाड़ बल्ली टूट जाने से दो मजदूर नीचे गिरकर घायल हो गए। रविवार देर शाम बनकट गांव के एक व्यक्ति के यहां छत डाली जा रही थी। मजदूर और राजगीर मिस्त्री कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक लकड़ी का पाड़ टूट गया। घायलों की पहचान तारुन थाना क्षेत्र के परसावां महोला निवासी राजकुमार (25) और बीकापुर क्षेत्र के उसरी के श्री लाल (23) के रूप में हुई। उपचार के लिए सीएचसी बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक अनुराग गुप्ता ने राजकुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गिरफ्तारी न हुई तो परिषद देगा आईजी को ज्ञापन

**बीकापुर, अमृत विचार :** सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बझना गांव निवासी चंदन शर्मा की मामूली कहासुनी पर कार से कुचलकर हत्या करने के आरोपी अमित यादव, पिंटू यादव और सचिन यादव के खिलाफ थाना जयसिंहपुर में एफआईआर दर्ज होने और घटना के 80 घंटे बीत जाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने मामले मे एसओ जयसिंहपुर से बात करके आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। कहा कि गिरफ्तारी नहीं हुई तो परिषद आईजी अयोध्या मंडल को पांच अगस्त को ज्ञापन देगा।

### छत के हुक से लटका मिला दुकानदार का शव

**पूराबाजार, अयोध्या :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कर्मा चौराहे पर सोमवार को एक दुकानदार का शव दुकान के अंदर कमरे में लगे हुक पर रस्सी के सहारे लटकता मिला। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी संतोष पांडेय (45) पुत्र अशोक पांडेय कर्मा चौराहा पर किराए के कमरे में हार्डवेयर की दुकान करता था। सोमवार की सुबह करीब 10 :30 बजे दुकान का आधा शटर खुला था। काफी देर तक उसके बाहर न निकलने पर पड़ोस के दुकानदार शटर उठाकर अंदर गए तो दुकान के पीछे वाले कमरे में संतोष रस्सी के सहारे छत के हुक से लटकता मिला। पूराकलंदर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# जिले के विकास में नौ कंपनियां सीएसआर के तहत देंगी योगदान

## अयोध्या सीएसआर कॉन्क्लेव में पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मार्गदर्शक की भूमिका में आईं नजर

**70 नवसृजित आंगनबाड़ी केंद्रों का किया वर्चुअल शिलान्यास**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को अयोध्या सीएसआर कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इसमें नौ कंपनियों ने अयोध्या के विकास में योगदान के लिए समझौते व लेटर दिए। 70 नवसृजित आंगनबाड़ी केन्द्रों का वर्चुअल शिलान्यास किया।

अयोध्या विकास के लिए संकल्प कार्यक्रम, किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सीएसआर के जरिए निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगवाने का संकल्प कार्यक्रम अवध विवि के स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने परिसर में बाल एवं पुष्टाहार विभाग से लगे स्टॉलों का अवलोकन किया। भारी बारिश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में पहुंचने पर प्रसन्नता व्यक्त की। संबोधित करते हुए कहा कि गर्भ संस्कार मतलब क्या है? यूट्यूब पर देखो-सुनो। गर्भ संस्कार में क्या है? एक महीने गर्भ से लेकर नौ महीने गर्भ तक कब-कब क्या विकसित होगा। ब्रेन, हार्ट विकसित होता है। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ट्रेनिंग दीजिए, कैसे बच्चों को पढ़ाना है। कृषि विश्वविद्यालय व अवध विश्वविद्यालय 25-25 आंगनबाड़ी लेकर स्टडी करें। बोलीं सर्वाइकल गर्भाशय कैंसर में मां मर जाती है। बच्चा अनाथ हो जाता है। इसी वजह से वैक्सीन लगाने का अभियान चलाया है।



बाल एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉलों का अवलोकन करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह सम्मानित खिलाड़ियों के साथ।

## जिले में पहली बार हुआ कॉन्क्लेव का आयोजन, बच्चे पुरस्कृत

सीएसआर का यह कार्यक्रम अयोध्या में पहली बार हुआ। डीएम निखिल टी. फुंडे ने बताया कि भागीदारी निभा रहे इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, कोलगेट पामोलिव, सिग्नीफाई इंडिया (फिलिप्स इंडिया), केएम शुगर मिल, रौजागांव शुगर मिल, अमृत बॉटलर्स, पैका ग्रुप, लीड बैंक की लीडरशिप में नौ बैंक यूबीआई, सीबीआई, बीओबी, पीएनबी, यूको, एसबीआई, केनरा, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक, पानी संस्थान से शासकीय विभागों बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास विभाग में योगदान दिया जा रहा है। कहा कि स्मार्ट क्लास, आंगनबाड़ी केन्द्रों में तीन से छह साल के बच्चों को बैठने के लिए छोटी छोटी कुर्सी मेज, खिलौने सहित अन्य लर्निंग मैटेरियल, भवनों का सौन्दर्यीकरण, कायाकल्प आदि का सीएसआर के तहत हो रहे हैं। सीडीओ केके सिंह ने बताया कि सीएसआर के माध्यम से आईआरएफसी एवं बाल विकास के मध्य हुए एमओएएस में एक हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के लिए कुर्सी, खिलौने, पुस्तकें, लर्निंग मैटेरियल से आच्छादित होंगे। कोलगेट पामोलिव से 2381 आंगनबाड़ी केन्द्रों के दो लाख से अधिक छह वर्ष तक के बच्चों को दंत स्वास्थ्य किट का वितरण होगा। जगमग अयोध्या के तहत सिग्नीफाई इंडिया से 58 ग्रामसभाओं को रोशन करने के लिए निशुल्क स्ट्रीट लाइट वितरित कराई जाएगी। पैका समूह से कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की बालिकाओं के लिए सेनेट्री पैड्स वेंडिंग मशीन की व्यवस्था है। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की। पुरस्कृत भी हुए। कंपनियों की ओर से सीएमओ को संकल्प पत्र, उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों/सीएसआर यूनिट को प्रमाण पत्र दिए गए।

- **राज्यपाल ने स्ट्रीट लाइट, सेनेट्री पैड मशीन, स्मार्ट बोर्ड का प्रतीकात्मक रूप से किया वितरण**



मंच पर मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व अन्य।

आईआरएफसी के प्रतिनिधि व कोलगेट पामोलिव इंडिया के डायरेक्टर, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने अपना उद्बोधन दिया। राज्यपाल ने डीएम और सीडीओ को बधाई दी। राज्यपाल ने स्ट्रीट लाइट, सेनेट्री पैडमशीन, स्मार्ट बोर्ड, बंक बेड का प्रतीकात्मक रूप से वितरण किया।

इसके पूर्व जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचन्द्र यादव, चन्द्रभानु पासवान, मण्डलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह आदि ने राज्यपाल का स्वागत किया।

## महिला खिलाड़ी शक्तिशाली बनें शोषण का केंद्र नहीं : कुलाधिपति

- **तुलसी व धन्वंतरि भवन का लोकार्पण, अंतर विवि के 14 विजेता खिलाड़ी सम्मानित**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने महिला खिलाड़ियों से कहा कि शक्तिशाली बनो शोषण का केंद्र नहीं। हर अन्याय का डटकर मुकाबला करो। हिम्मत से कार्य करो। किसी ऐसी गतिविधि से न जुड़ें, जिससे पछतावा हो। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन वशिष्ठ परिसर में मल्टीपरपज कांपलेक्स (तुलसी भवन) और इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी (धन्वंतरी भवन) का लोकार्पण के बाद महिला खिलाड़ियों को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने लेक्चर हॉल, लैब एवं शिक्षक कक्ष सहित आवश्यक सुविधाओं को परखा। फॉर्मेसी के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा का बोध कराया। फॉर्मेसी भवन हाल में क्रीड़ा परिषद से आयोजित खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में भाग लिया। अंतर विवि प्रतियोगिता के महिला वर्ग के सात और पुरुष वर्ग के सात विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच को स्मृति चिह्न और धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ियों को तीस हजार रुपये, रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों को पंद्रह हजार रुपये की धनराशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। कुलाधिपति ने कहा कि खेल से शक्ति भावना का विकास होता है। सीखने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए। छात्राओं से कहा कि एक गलती को छुपाने के लिए दूसरी ओर तीसरी गलती न करें। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल आवश्यक है। गुरुकुल के बटुकों ने स्वस्तिवाचन कर कुलाधिपति का स्वागत किया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. नीलम, प्रो. आशुतोष, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार ने स्वागत किया। राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. पंकज एल जॉनी, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. सुरेंद्र, डॉ. विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## ब्लैकमेलिंग से तंग आकर की थी आत्महत्या

अयोध्या कार्यालय

**उत्कर्ष की मौत मामला**

- **महाराजगंज थाना क्षेत्र के सिलौनी गांव निवासी उत्कर्ष की 24 जुलाई को जहर निगलने से हुई थी मौत**
- **पिता ने लगाया आरोप, कुछ लोग कर रहे थे 10 लाख रुपये की डिमांड**

**अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के सिलौनी गांव में 24 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में उत्कर्ष सिंह की रहस्यमय मौत के मामले में उसके पिता रूपेश कुमार सिंह ने कोतवाली नगर पुलिस को तहरीर देकर मौत की जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि उनके बेटे को कुछ लोग अपने जाल में फंसा कर 10 लाख रुपये की डिमांड कर रहे थे, जिसके चलते उसने अपनी जान दे दी।

रूपेश एलआईसी एजेंट हैं। वह जिला मुख्यालय गिरजापुरम कॉलोनी, जनौरा में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई 2025 को उनके पुत्र उत्कर्ष सिंह ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना से पहले कुछ नंबरों से मेरे बेटे से 10 लाख की बड़ी रकम की मांग की गई थी। बताया कि बेटे की मौत के बाद 28 जुलाई की रात उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसे उठाया तो पैसे की मांग की जा रही थी। जब कॉल करने वाले को उत्कर्ष की मृत्यु की सूचना दी गई, तो वह नंबर तुरंत बंद हो गया। उत्कर्ष के मोबाइल की जांच से पता चला कि रुद्रमणि त्रिपाठी नामक व्यक्ति लगातार उसे फोन कर रहा था। 18 जुलाई को जब उत्कर्ष ने कॉल रिसीव नहीं की तो रुद्रमणि ने अपनी बहन के मोबाइल से भी उसे कॉल की थी। 19 से 23 जुलाई के बीच उत्कर्ष के खाते से 37 हजार रुपये की राशि रितिक राठौर श्री जी इंटरप्राइजेज के यूपीआई खातों में ट्रांसफर की गई थी। उसके मोबाइल से कई बैंकों में लोन और क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन भी किए गए थे। इन सभी तथ्यों से यह साफ होता है कि उत्कर्ष को ब्लैकमेलिंग के जरिए फंसाया जा रहा था। कहा कि मेरा बच्चा एक टॉपर था और किसी भी परिस्थिति से लड़ने में सक्षम था। नगर कोतवाल अश्विनी ने बताया कि मैं अभी वीवीआईपी ड्यूटी पर हूं। यदि तहरीर दी गई होगी तो घटना की जांच की जाएगी।

## अग्निवीर भर्ती रैली आज से किसी के झांसे में न आएं युवा

**अयोध्या, अमृत विचार:** आरओ अमेठी के तत्वावधान में अग्नीवीर भर्ती रैली मंगलवार से यहां डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर में शुरू होगी। भर्ती रैली के पहले दिन ड्यूटी पद के लिए कौशांबी व अमेठी के युवा अपनी किस्मत आजमाएंगे। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के उप महानिदेशक राज्य भर्ती ब्रिगेडियर स्वर्ण सिंह मंगलवार को डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड से झंडी दिखाकर भर्ती रैली की दौड़ का शुभारंभ करेंगे। 18 अगस्त तक चलने वाली अग्निवीर भर्ती रैली में एआरओ अमेठी के 13 जिलों अमेठी, कौशाम्बी, रायबरेली, प्रतापगढ़, अयोध्या, सिद्धार्थ नगर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, बस्ती, आंबेडकरनगर, महाराजगंज, संतकबीर नगर व कुशीनगर के युवा निर्धारित तिथियों में प्रतिभाग करेंगे। इस भर्ती रैली में 30 जून से 10 जुलाई तक हुई सीईई परीक्षा में सफल रहे युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। इस रैली के दौरान सिपाही नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेटरनरी व सिपाही फार्मा श्रेणियों के लिए भी भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों को यह दी जाती है कि वे सतर्क रहें व दलालों के झांसे में न आएं।

## डाक विभाग में एडवांस पोस्टल टेक्नॉलोजी की हुई शुरुआत

अयोध्या कार्यालय



प्रधान डाकघर में अत्याधुनिक तकनीक एपीटी 2.0 का उद्घाटन करते प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव।

**अमृत विचार:** डाक विभाग की अत्याधुनिक नवीन तकनीक एडवान्स पोस्टल टेक्नॉलोजी (एपीटी) 2.0 का सोमवार को प्रधान डाक घर में समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने एपीटी 2.0 का उद्घाटन किया।

प्रवर अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग डिजिटल उत्कृष्टता व परिवर्तन के नए युग में प्रवेश कर रहा है। इस दिशा में भारतीय डाक ने आईटी 2.0 का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। इसमें भारत सरकार के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की विशेष सहभागिता रही। इससे ग्राहकों को कैशलेस सुविधा, यूपीआई, क्यूआर स्केन, ओटीपी आधारित डाक सेवाओं के साथ ही डाक बुक करने के साथ ऑटो पोस्ट स्टेटस मिलेगा। सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार ने बताया कि एपीटी 2.0 से डाक कर्मचारियों के लिए काम करना बेहद आसान व ग्राहकों को भी त्वरित सेवा मिलेगी। परिवाद निरीक्षक राजेश्वर दुबे, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप, डिप्टी पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चार साल में कराए गए कार्यों की बुक लेट देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह।

## सीएम से मिलीं जिपं अध्यक्ष, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जिला पंचायत के चार वर्ष पूर्ण होने पर अब तक कराए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। ग्रामीण क्षेत्रों की प्राथमिकताओं को लेकर चर्चा की। सीएम योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। रोली सिंह ने बताया कि ऐसे स्थलों को सूचीबद्ध कर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विकास कार्य कराने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया गया है। अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बताया कि मुख्यमंत्री से शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइटें लगवाने का आग्रह किया गया।

## जेवरात की सफाई का झांसा दे उठा ले गए कंगन व अंगूठी

अयोध्या कार्यालय

**केस दर्ज**

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर के नाका इलाके में सोने के जेवरात की सफाई करने के नाम पर दो युवक एक महिला के सोने के कंगन व अंगूठी लेकर फरार हो गए।

पीड़िता गीता मिश्रा पत्नी ओम प्रकाश मिश्रा निवासी शिवनगर कॉलोनी नाका ने बताया कि 31 जुलाई की दोपहर लगभग 12:30 बजे दो युवकों ने दरवाजा खटखटाया व सोने-चांदी के जेवरात साफ करने के लिए पाउडर बेचने की बात कही। डेमो देने के बहाने से एक युवक घर में आ गया और उसके बाद उसने मुझसे एक कटोरा मंगवाया फिर उसमें पाउडर डालकर मुझसे अपना गहना सफाई के लिए उक्त कटोरे में डालने को कहा। मैंने उस पर भरोसा करते हुए अपने पहने हुए सोने के दो कंगन और एक अंगूठी उक्त कटोरे में डाल दिया। तभी उसने मेरे हाथ पर कोई तरल पदार्थ भी डाल दिया। कुछ देर बाद जब मैंने अपना हाथ धुलकर उस कटोरे में देखा तो गहने व आरोपी गायब थे। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रविवार को केस दर्ज किया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

## पीएम आवास के लिए कैथी मांझा में मिले 77 पात्र

रुदौली, अयोध्या



कैथी माझा में बाढ़ प्रभावित महिलाएं बातचीत करते विधायक रामचंद्र यादव व एसडीएम अशोक कुमार सैनी।

- **विधायक की पहल पर राजस्व विभाग ने किया गांव का सर्वे**

**अमृत विचार :** तहसील रुदौली के सरयू नदी के बाढ़ प्रभावित कैथी माझा गांव में झोपडी में रहने वाले 77 परिवारों को विधायक की पहल पर मुख्यमंत्री आवास दिए जाने का सर्वे राजस्व विभाग कर रहा है। जानकारी के अनुसार तहसील के तराई क्षेत्र के एक दर्जन गांव सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित होते हैं। ग्रामीण परिवार के साथ झोपड़ी में गुजर बसर करते हैं। तेज बरसात में इनके घरों में भोजन बनाने लायक जगह नहीं बचती तो तहसील से मिलने वाली लईया, चना, गुड से अपनी भूख शांत करते करते हैं।

शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित कैथी माझा की रामावती, केशवपता, उषा देवी, रामजीत यादव, राम कुमार समेत ग्रामीणों ने विधायक राम चंद्र यादव से सरकारी आवास न मिलने की व्यथा सुनाई। विधायक ने साथ गए उपजिलाधिकारी अशोक सैनी से गांव के सभी झोपड़ी में रहने वाले की जांच करा सूची जिलाधिकारी को भिजवाने के लिए कहा था। विधायक की पहल पर राजस्व निरीक्षक अनिल यादव, लेखपाल नकछेद भारती ने आवास विहीन परिवारों की जांच की। जांच रिपोर्ट आपदा प्रभारी जनार्दन प्रसाद को 77 पात्र ग्रामीणों की सूची सौंपी। आपदा प्रभारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट में 77 परिवार आवास विहीन मिले है। जिनकी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। उपजिलाधिका ने बताया कि गांव के 95 परिवारों में से बीते वर्ष में देवी आपदा से प्रभावित 18 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया गया है। कैथी मांझा गांव के वंश बहादुर, गुरुदत्त, पप्पू शर्मा, रामराज शर्मा कहा अब दिन बदलेंगे।

**गड़बड़झाला**

**सोहावल सीएचसी का मामला, शिकायतकर्ता कनिष्ठ सहायक ही बन गई शिकार**

## बैम से हिसाब मांगना पड़ा भारी, सीएचसी से हटीं कनिष्ठ सहायक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के स्वास्थ्य महकमे में उल्टी गंगा बह रही है। वर्षों से एक ही सीएचसी में तैनात ब्लॉक अकाउंट मैनेजर (बैम) का तबादला करने के बजाए गड़बड़ी की शिकायत करने वाली कनिष्ठ सहायक की ही स्थानान्तरित कर दिया गया। अब कनिष्ठ सहायक इधर-उधर दौड़ रही हैं। मामला जिले के चर्चित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल का है। जहां अक्सर अधिकारियों के दौरे लगते हैं। गजब हाल यह है बैम के पद पर कार्यरत वैशाली गुप्ता की कार्यशैली को लेकर तत्कालीन सीएचसी अधीक्षक पत्र पर पत्र भेजते रहे,

**पूरा मामले में गड़बड़ी की ओर संकेत**

मामले में पटल सहायक किरन सिंह से सीएचसी अधीक्षक से की गई ब्लॉक अकाउंट मैनेजर की शिकायत बेहद खास है। इस में दो वित्तीय वर्ष का ब्यौरा न देने और उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की बात लिखी गई। इसी शिकायत के बाद अप्रत्याशित रूप से किरन का तबादला सीएचसी हैरिंग्टनगंज के अधीन कर दिया गया। चर्चा है कि विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में खर्च हुई धनराशि आदि का कोई ब्यौरा ब्लॉक मैनेजर से नहीं दिया गया जो गड़बड़ी की ओर संकेत करता है।

लेकिन उन पर कोई आंच नहीं आई।

सूत्र बताते हैं कि 2010 से तैनात वैशाली 2022 में ही अन्यत्र के लिए स्थान्तरित की जा चुकी हैं, लेकिन वहीं जमी हुई हैं। 10 अक्टूबर 2024 को सीएचसी अधीक्षक से वैशाली गुप्ता को नोटिस दी गई कि इस तिथि में अनुपस्थित पाई गईं। आफलाइन-आनलाइन अवकाश भी नहीं लिया। विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित बिल बाउचर भी नहीं दिए गए, जिससे कई राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित हुए। नोटिस में दो दिन में जवाब-तलब किया गया था। वहीं 16 अक्टूबर 2024 को फिर पत्र दिया गया कि 15 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक बिना किसी सूचना के गैरहाजिर चल रही हैं। पीएमएफएस के लंबित भुगतान की सूचना मांगी। इस पर भी कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद 17 जुलाई 2025 को पटल सहायक किरन सिंह ने अधीक्षक से इसकी शिकायत की और उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की बात कही तो उन्हीं का तबादला कर दिया गया। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने दो अगस्त 2025 को उनका तबादला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़भड़िया में कर दिया। इतना ही नहीं उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा से सम्बद्ध कर दिया गया। वहीं से वेतन आहरण का आदेश दिया गया। अब इसे लेकर पटल सहायक परेशान घूम रहीं हैं। किस आधार पर हुआ और क्यों हुआ? अमृत विचार से किरन ने बताया कि वह इस मामले में मंगलवार को सीएमओ से मुलाकात कर उन्हें शिकायत पत्र देकर पूछेंगी कि उनका स्थानांतरण किस आधार पर किया गया?

> तबादला इसलिए हुआ है क्योंकि वहां दो बाबू हैं। बाकी जगह दिक्कतें हैं। कार्रवाई हमने कोई नहीं की है। दूसरी चीज यह है कि उस बाबू को कंप्यूटर चलाना नहीं आता। दूसरे से काम कराती हैं। सिर्फ साइन इनका रहता था। रही बात उनके आरोपों की तो स्थानांतरण पत्र जारी करने के साथ ही बैम के खिलाफ जांच के आदेश भी कर दिए हैं। – डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ



बैठक को सम्बोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष जोनल समन्वयक राघवेंद्र प्रताप सिंह।

## संगठन की मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व जोनल समन्वयक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएं। पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान की शुरुआत के पीछे एक मकसद यह भी है। वह कांग्रेस कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि किसी पार्टी की मजबूती उस पार्टी के कार्यकर्ताओं की मजबूती से आंकी जा सकती है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा संगठन सृजन अभियान आगामी चुनाव के लिए नींव का पत्थर साबित होगा। पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राम अवध पासी, अनिल, राजकुमार, अनिल, रामकिशोर, रविंद्र, प्रशांत, मनोज, राज प्रताप, दिलीप, उमेश, अहमद कुरेशी, मास्टर जेवी सिंह, डॉ विनोद, पंकज सहित अन्य लोग थे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवमंदिर पर पूजन व प्रसाद वितरण आज

अयोध्या। नियावां मछली मंडी चौराहे से जमथरा रोड पर पांच अगस्त को पुराने सिद्ध महादेव मंदिर पर पूजन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह ने दी।

### एलएलएम, बीफार्मा, एमएड प्रवेश परीक्षा आज

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम एलएलएम, बीफार्मा, डीफार्मा, एमएड की प्रवेश परीक्षा मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों पर आयोजित होगी। समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया एलएलएम व बीफार्मा की परीक्षा सुबह 10 बजे व छात्रों का केंद्र पर रिपोर्टिंग समय सुबह 9 बजे है। डीफार्मा व एमएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से और केंद्र पर रिपोर्टिंग समय दोपहर 1 बजे है। दोनों केंद्रों पर एलएलएम में 295 व डी फार्मा के 98 परीक्षार्थी प्रचेता भवन में प्रवेश परीक्षा देंगे। सीवी रमन भौतिक भवन में एमएड 161 व बीफार्मा के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। सभी छात्रों का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

### शिक्षक-कर्मचारियों ने बांटी मिठाई

अयोध्या कार्यालय। आलोक बंसल के साकेत महाविद्यालय प्रबंध समिति का अध्यक्ष बनने की खुशी में महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने खुशी मनाई और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के निर्णय का स्वागत करते हुए नए परिवर्तन का सहर्ष स्वागत किया। महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी ने कहा कि एक लंबे समय के बाद महाविद्यालय भ्रष्टाचार मुक्त हो रहा है।

# बारिश पर भारी पड़ी आस्था, महादेव के जयकारों से गूंजी रामनगरी

## भोर से ही सरयू तट पर उमड़ी भीड़, नागेश्वर नाथ समेत अन्य मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की कतार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बीते 48 घंटे से हो रही भारी बारिश भी शिवभक्तों की आस्था को नहीं डिगा सकी। सावन के अंतिम सोमवार पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ समेत अन्य शिवालयों पर भोले बाबा का अभिषेक किया। पूरी रामनगरी हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजती रही। रामलला व हनुमानगढ़ी मंदिर पर भी दर्शन करने के लिए लंबी कतार लगी रही।

सावन के आखिरी सोमवार को भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। झमाझम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।


नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सुबह से ही सरयू तट पर बने प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा, जहां जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का दौर देर शाम तक जारी रहा। राममंदिर और हनुमानगढ़ी में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी और अन्य शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। अयोध्या को सुरक्षा के कड़े घेरे में रखा गया और हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहा।

राममंदिर में भी सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भगवान राम के दर्शन के साथ-साथ श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां बजरंगबली की पूजा-अर्चना में भक्त लीन रहे। प्रशासन ने इस अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दिनभर मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग की। अयोध्या को सुरक्षा घेरे में रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक टीमें तैनात रहीं। हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन रोककर यातायात को सुगम बनाया गया।

### प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सराहा

श्रद्धालु संजू देवी ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार पर नागेश्वरनाथ पर जलाभिषेक कर हम धन्य हो गए। प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की थी। भीड़ के बाद भी दिक्कत नहीं हुई। रेनू सिंह ने कहा कि भारी भीड़ के बाद भी अच्छे से दर्शन पूजन करने को मिला। भारी बारिश हो रही है। लग रहा है इंद्र देवता भी भोले बाबा को जलाभिषेक कर रहे हैं।


जाना बाजार में कांवड़ियों के जत्थे का स्वागत करते बर्फानी सेवा मंडल के कार्यकर्ताओं।

### जलाभिषेक कर लौटे कांवड़ियों का स्वागत

बीकापुर, अमृत विचार : नागेश्वरनाथ पर जलाभिषेक कर लौट रहे सैकड़ों कांवड़ियों के जत्थे का जाना बाजार में स्वागत किया गया। उन्हें जलपान नाश्ता कराया गया। हैदरगंज से रविवार को सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ था। सावन के अंतिम सोमवार को सरयू का पवित्र जल लेकर नागेश्वर नाथ पर जलाभिषेक कर वापस हैदरगंज के लिए लौट रहे थे। बर्फानी सेवा मंडल के कार्यकर्ताओं सहित बाजार के कन्हैया लाल यादव, प्रीति सर्राफा, राम प्रताप, सोनू, सुभाष, दिनकर सहित दर्जनों नौजवानों ने स्वागत कर जलपान कराया। जत्थे का नेतृत्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रिंस अग्रहरि और चौरे बाजार कांवरिया संघ का नेतृत्व माझा सोनोरा के प्रधान श्रवण कुमार शर्मा कर रहे थे।

## खेत में जबरिया बिजली पोल लगवाने का आरोप

बीकापुर, अमृत विचार : बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बसंतपुर धाधे की रहने वाली मनीषा पुत्री धर्मराज कोरी ने सीएम पोर्टल पर शिकायत करके जबरन उसके खेत में हाईटेंशन विद्युत पोल लगाने और परेशान करने का आरोप लगाया है। पत्र में कहा कि ग्राम पंचायत के ही निवासी विपक्षी ने उनके खेत हृदई पुर में जबरदस्ती 33 हजार वोल्टेज का विद्युत पोल लगवा दिया गया। यह दूसरे गांव बसंतपुर में स्वीकृत हुआ था। विद्युत विभाग और प्रशासन से मिली भगत कर राम नयन ने जबरन विद्युत पोल लगाया गया है। वहां पर दीवार जबरदस्ती खड़ी कर दी गई है। 31 जुलाई को मना करने पर जाति सूचक गाली दी, मारने के लिए दौड़ा लिया। सोमवार को पीड़ित तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी से भी मिली और अपनी व्यथा बताई। उप जिलाधिकारी श्रेया ने जांच करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट के साथ मिले 25 लाख का बीमा


अरविंद कुमार सिंह

बीकापुर, अमृत विचार: वरिष्ठ अधिवक्ता, मैसानिक लॉज ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष व अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष, क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं के वेलफेयर के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट के साथ कम से कम 25 लाख रुपये का बीमा लाइफ कवर बिना उम्र बंधन के दिए जाने की मांग की है।

मीडिया से बातचीत में कहा है कि अधिवक्ता समाज के गरीब कमजोर लोगों की आवाज के साथ कोर्ट दो पहिए में से एक पहिया है, जिसे न्याय विभाग खुद कोर्ट अफसर मानता है और उनके हर दुख सुख में साथ खड़ा न्याय दिलाने के साथ हर तरह के उत्पीड़न से निजात दिलाता है। आयुष्मान कार्ड में बिना आय बंधन की सीमा और मेडिकल और अन्य सरकारी योजनाओं सहित किसान सम्मान निधि योजना का परिणामी लाभों को दिलाने में आने वाले जटिल नियमों का सरलीकरण करके सीधे उनके नामिनी जायज उत्तराधिकारियों को धनराशि दिलाए जाने की व्यवस्था करने की मांग की है।

## अस्पताल के गेट से कार हटवाने पर हुई बहस

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल गेट नंबर एक को सोमवार को मरम्मत के कारण बंद कर दिया गया था। दूसरे नंबर के गेट पर वाहनों का अंबार लगा हुआ था। इसी दौरान एंबुलेंस पहुंची और उसे अंदर आने का रास्ता नहीं मिला। इसके बाद मौके पर गार्ड पहुंचे और उन्होंने हटवाने का प्रयास किया। अस्पताल के प्रबंधक राजेंद्र तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में काले रंग की कार दिखी थी। वह संभवत: फाइलेरिया डिपार्टमेंट वालों की थी। गार्डों ने कार हटाने के लिए कहा तो बहसबाजी शुरू हो गई। किसी तरह से एंबुलेंस को अस्पताल में प्रवेश दिलाने के बाद सूचना अधिकारी को दे दी थी। एसआईसी डॉ .अजय सिंह गौतम ने बताया कि गेट नंबर एक पर मरम्मत कार्य की जानकारी है, लेकिन दो नंबर गेट पर हुई झड़प की कोई जानकारी नहीं है।

## छुट्टा मवेशियों से छुटकारे की मांग

अयोध्या कार्यालय



अमृत विचार : नगर निगम क्षेत्र में टहल रहे पशुओं की संख्या बढ़ने से दिक्कत होने लगी है। ऐसा दृश्य अक्सर नाका, राम नगर की ओर दिखता है। शहर के घोसियाना सहित अन्य स्थानों पर दूध बेचने के काम में लगे पशु मालिक इनका दूध दुहने के बाद इन्हें छुट्टा छोड़ देते हैं। बच्चों, बुजुर्गों आदि के लिए खतरा बन चुके हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता विश्व प्रकाश रूपन व जय आहूजा ने शहरी क्षेत्र में घूम घूम कर अचानक से हमला कर रहे एसे छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने का आग्रह महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार से की है। कहा कि रामनगर कालोनी में कुछ दिनों बाद बहुत वृहद स्तर पर झूलेलाल चालीहा विजयोत्सव भी आयोजित होना है जिसमें हजारों लोग भाग लेंगे। इन जानवरों के हमले में कोई अप्रिय घटना हो गई तो इसका जिम्मेदार नगर निगम ही होगा।

### अव्यवस्था का शिकार खजुरहट गौशाला

बीकापुर, अमृत विचार : खजुराहट गौशाला की व्यवस्था ठीक नहीं है। 25 अक्टूबर से चल रहे इस गौशाला में हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं है। पहली हल्की बरसात में पिलर लगाकर बनाई गई बाउंड्री का पश्चिम और उत्तर का हिस्सा गिर गया। गौशाला में भूसे की उपलब्ध कम बताई गई। एक दो दिन में समाप्त होने की उम्मीद है। बीडीओ गौशाला में कार्य करने वाले लालता प्रसाद और आशा राम ने बताया कि 25 अप्रैल से संचालित गौशाला में अभी तक हम लोगों को केवल चार-चार हजार रुपये ही मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक गौशाला की कमियों को देखने के लिए सोमवार को बीडीओ पहुंचे थे। जानवरों को सुरक्षित रखने के लिए निर्देश दिया है। बीडीओ बीकापुर हरिश्चंद्र ने बताया कि पुन: उसी खर्चे में गिरे पिलरों को लगाया जाएगा। जल्दी ही हरे चारे की व्यवस्था करवाई जाएगी।

# जनपद में उर्वरकों की है पर्याप्त उपलब्धता: एडीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता और वितरण विषय पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

एडीएम ने बताया कि जनपद में एचयूआरएल की 550 मीट्रिक टन व आरसीएफ की 421 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो गयी है तथा जिसमें से एचयूआरएल की सहकारिता में 307 मीट्रिक टन और निजी में 243 मीट्रिक टन तथा आरसीएफ की सहकारिता में 300 मीट्रिक टन व निजी में 121 मीट्रिक टन यूरिया भेजी जा रही है। जनपद में माह अगस्त तक यूरिया के क्रमिक लक्ष्य 41253 मीट्रिक टन के सापेक्ष 34945 मीट्रिक टन, डीएपी के लक्ष्य 5326 मीट्रिक टन के सापेक्ष 7998 मीट्रिक टन, एनपीके के लक्ष्य 1940 मीट्रिक टन के सापेक्ष 2060 मीट्रिक टन, एसएसपी के लक्ष्य 13666 मीट्रिक टन के सापेक्ष 19816 मीट्रिक टन और एमओपी के लक्ष्य 320 मीट्रिक टन के सापेक्ष 339 मीट्रिक टन की उपलब्धता हुई है। यूरिया 01 बोरी फुटकर विक्रय दर 266.50 रुपए और डीएपी 01 बोरी फुटकर विक्रय दर 1350 रुपए है।


उर्वरक की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता। अमृत विचार

- कहा-प्रतिष्ठान पर उर्वरक का स्टाक बोर्ड व साइन बोर्ड अवश्य लगाएं

**उर्वरक व्यावसायी दुकानों पर लगाएं स्टाक बोर्ड :** एडीएम ने बताया कि जनपद के सभी उर्वरक व्यवसायियों को निर्देशित किया गया है कि अपने प्रतिष्ठान पर उर्वरक का स्टाक बोर्ड व साइन बोर्ड अवश्य लगाएं तथा स्टाक रजिस्टर रखें। यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसपीपी उर्वरको के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। उर्वरकों का विक्रय निर्धारित मूल्य पर ही किया जाए। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव सहित सम्मानित पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## युवक को पेड़ से बांध कर मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर: जनपद के जैतपुर थाना क्षेत्र के शिवपाल गांव निवासी सौरभ यादव पुत्र अशोक यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते शनिवार शाम वह महमदपुर बाजार सब्जी खरीदने गया था। उसी समय विपक्षी राजितराम, रामवदन यादव, गोलू पुत्र अज्ञात, आरपी पुत्र राजितराम यादव निवासी ग्राम घोरगहा उसको जबरदस्ती बाजार से पकड़कर घर पर नीम के पेड़ में बांध दिया। इसके बाद विपक्षियों ने बुरी तरह से उसे लाठी, डंडा पीटा। पीड़ित की तहरीर सभी आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## सड़क के किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

संवाददाता, बसखारी, अंबेडकरनगर

**फैली सनसनी**

- थानाध्यक्ष बोले-युवक के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

अमृत विचार: बसखारी थाना क्षेत्र के शुकुल बाजार के पूर्वी कट के पास एनएच 233 पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सड़क किनारे खून से लथपथ शव देखकर स्थानीय लोगों ने बसखारी थाने पर सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल युवक लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि बीते शाम को युवक को बरियावन के पास शराब की दुकान पर देखा गया था। पुलिस उस क्षेत्र में युवक की पहचान के प्रयास कर रही है और बाजारों में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।

## युवक को असलहे से फायर कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर: जैतपुर थाना क्षेत्र के उधव पट्टी निवासी धीरज कुमार मिश्रा पुत्र जटाशंकर मिश्रा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते शनिवार की देर शाम वह अपने घर पर लेटा हुआ था। जहां उसकी मां तारा देवी भी मौजूद थी। तभी अचानक हिमांशु यादव और दो अज्ञात लोग बाइक से आए और मारपीट करने लगे। तभी पीड़ित के भागने पर उन्होंने तमंचे से दाहिने पैर की जांघ में गोली मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, आजमगढ़

अमृत विचार: जिले के विकासखंड हरैया के बांका बूढ़नपट्टी गांव में घाघरा नदी पर पुल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 'पुल नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पुल का निर्माण शुरू न होने पर आगामी चुनावों का बहिष्कार करने की बात कही।

ग्रामीणों का कहना है कि घाघरा नदी के उत्तरी किनारे महुला-गढ़वल बांध क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने से संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो चुका है। बाढ़ से लगभग डेढ़ दर्जन गांवों का संपर्क कट गया है। जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं सहित सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विरोध कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि यह समस्या हर साल आती है, लेकिन जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय वादे करके चले जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कई बार लिखित रूप से गुहार लगाई, लेकिन पुल निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन में प्रधान हीरालाल यादव, पूर्व प्रधान कुशहर निषाद, अनिल यादव सहित ग्रामीण व महिलाएं शामिल थे।



पुल बनाने की मांग को लेकर नदी में उतरकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

- आक्रोशित ग्रामीणों ने नदी में उतरकर जताया विरोध

## फर्जी ट्रेडिंग ऐप से ठगी में साइबर पुलिस ने तीन लाख कराये वापस

संवाददाता, आज़मगढ़

अमृत विचार: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में साइबर अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना आजमगढ़ की टीम ने फर्जी ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से ठगे गए पीड़ित को 3 लाख रुपये वापस कराया है।

पुलिस के अनुसार, एक पीड़ित को टेलीग्राम ग्रुप में एक ट्रेडिंग ऐप के बारे में बताया गया। इस ऐप के माध्यम से निवेश कर पैसे कई गुना बढ़ाने का लालच दिया गया। शुरुआत में छोटे निवेश पर मुनाफा दिखाकर विश्वास दिलाया गया, जिससे प्रभावित होकर पीड़ित ने बड़ा निवेश कर दिया। इसके बाद अचानक ऐप बंद हो गया और पैसे वापसी के लिए चार्ज के रूप में और पैसों की मांग की जाने लगी। तब पीड़ित को संदेह हुआ और उसने साइबर थाना आजमगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। वहीं एसएसपी के आदेश, एएसपी (यातायात) व साइबर क्राइम नोडल अधिकारी विवेक त्रिपाठी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश जायसवाल एवं एजाज खान की टीम द्वारा उक्त रकम की बरामदगी सुनिश्चित की गई।

# गौशालाओं का अधिकारियों ने लिया जायजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जनपद में गत दो दिनों से हो रही लगातार बारिश को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के निर्देश पर जनपद के 38 गोवंश आश्रय स्थलों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। विकास भवन स्थित नियंत्रण कक्ष से सभी गौशालाओं की सतत निगरानी की जा रही है।

सोमवार को मिशन मोड में सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा भौतिक रूप से निरीक्षण कर गोशालाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद के किसी भी गोआश्रय स्थल पर गंभीर जलभराव की स्थिति नहीं पाई गई। गोवंशों के भरण-पोषण के लिए भूसा, हरा चारा और पशु आहार की पर्याप्त व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर दी गई है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एके सिंह ने स्वयं विकास खंड अकबरपुर के सैदपुर भितरी और हरखपुर कौड़हा तथा विकास खंड जलालपुर के पतोहा गनेपुर गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।


निरीक्षण करते मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एके सिंह व अन्य। अमृत विचार

**निरीक्षण**

## जलालपुर बार एसोसिएशन का चुनाव 12 को

जलालपुर, अंबेडकरनगर: आगामी 12 अगस्त को जलालपुर बार एसोसिएशन का होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए पर्चे सोमवार को सभी जांच मे वैध पाएं गए और किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। जिससे अब अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशी का सिर्फ चुनाव होगा। वहीं अन्य पदों के लिए एक-एक प्रत्याशी के मैदान में आने से सभी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार यादव तथा कृपा शंकर मौर्य और मंत्री पद के लिए पंकज मिश्रा व घनश्याम वर्मा में आमने-सामने का सीधा मुकाबला है। चुनाव अधिकारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि सभी पर्चे वैध पाए गए हैं और किसी ने नाम वापस नहीं लिया है। इसलिए अध्यक्ष और मंत्री पद पर दो-दो प्रत्याशी होने के चलते सीधा मुकाबला है।

**आस्था** सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ा जनसैलाब, प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए थे पुख्ता इंतजाम

# भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक, मांगी मनौती

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जनपद में सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व नजारा दिखा। भोर से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइने लग गई। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र, भांग, धतूरा ओर पुष्प अर्पित अर्पित कर मनौती मांगी।

जनपद के शिव बाबा धाम, भीटी का प्राचीन शिव मंदिर, कटका शिवधाम, अकबरपुर का नागेश्वरनाथ मंदिर और जलालपुर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों ने परिवार की सुख-शांति, आरोग्यता और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना किया। कई श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भक्ति भाव से पूजा संपन्न की। अकबरपुर नगर के शिवबाबा धाम में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। यहां दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर परिसर भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों से गुंजायमान रहा। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से बम भोले की गूंज रही। वहीं सावन के अंतिम सोवार के चलते प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए थे। शिवालयों पर पुलिस बल के साथ-साथ महिला कांस्टेबलों की भी तैनाती रही। भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से निगरानी की गई। मंदिरों के आस-पास ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया गया। पुलिस प्रशासन और श्रद्धालुओं के सहयोग से पूजन-अर्चना शांतिपूर्वक और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।


शिवबाबा धाम में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### शिवालयों पर लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

जलालपुर, अंबेडकरनगर : जलालपुर तहसील क्षेत्र के ब्रह्मबाबा धाम में सावन के अंतिम सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने शिवालय पर जलालभिषेक कर पूजा-अर्चना किया और मनोकामनाएं मांगी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लगे मेले का भी लोगों ने भरपूर आनंद लिया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि शिवालय पर सावन के अंतिम सोमवार पर जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सावन माह हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। इस माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। सावन के सोमवार पर शिवालयों में विशेष पूजा की जाती है और अंतिम सोमवार को यह आयोजन विशेष रूप से धूमधाम से मनाया जाता है।

## श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में लगाई आस्था की डुबकी


सावन के अंतिम सोमवार पर सरयू नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: रामनगर में सावन के अंतिम सोमवार को सरयू नदी में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मेइनदी घाट, चहोड़ा घाट, बिड़हर घाट, रामबाग घाट, कमरिया घाट और ब्रह्मचारी बाबा घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और मन्नतें मांगी।

सुबह से ही भक्तों ने सरयू में स्नान करके मंदिरों, मठों और शिवालयों में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, पुष्प अर्पित किया। स्थानीय लोगों का मानना है कि सावन के सोमवार को व्रत रखने और पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। व्यवस्था के लिए जहांगीरगंज पुलिस, आलापुर पुलिस और राजे सुल्तानपुर पुलिस को तैनात किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला आयोग की सदस्य की चौपाल आज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात बुधवार को कादीपुर पहुंचकर जन चौपाल में हिस्सा लेंगी। यह कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान वह सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी देंगी और मौके पर ही उपस्थित महिलाओं व नागरिकों की समस्याओं को सुनकर समाधान का प्रयास करेंगी।

### चोरी के सामान संग 2 चोर पकड़े गए

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हलियापुर निवासी कल्पनाथ सिंह ने बताया कि उसके घर से दरवाजे की कुंडी तोड़कर गांव के ही सुरजीत और राजेंद्र वर्मा 25 किलोग्राम सिंचाई पाइप और साइकिल चुरा ले गए। वहीं जयकला पत्नी बाबू सरोज ने बताया कि उन्हीं दोनों ने उससे 6 हजार रुपये भी छीन लिए हैं। ग्रामीणों ने रविवार करीब 11:30 बजे हलियापुर खेल मैदान के पास स्थित बाग से दोनों को चोरी के सामान सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### बरसात से गिरा मकान तीन भैंसें चोटिल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पारा चौराहे के हलियापुर रोड पर मुख्तार अली पुत्र औलाद अली का कच्चा मकान बरसात में भरभरा कर गिर गया, जिससे घर में बंधी तीन भैंसें चोटिल हो गईं और 22 क्विंटल भूसा खराब हो गया। मुख्तार अली ने बताया कि अब तक कोई निरीक्षण करने नहीं आया। लेखपाल अरुण तिवारी ने जल्द रिपोर्ट भेजने की बात कही है।


# दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने दोषी पर 26 हजार का अर्थदंड लगा बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का दिया आदेश

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट संध्या चौधरी की अदालत में युवती से दुष्कर्म के मामले में सोमवार को दोषसिद्ध आरोपी राम अनुज विश्वकर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 26 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को आरोपी राम अनुज विश्वकर्मा को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया गया था, जिसकी सजा के बिन्दु पर कोर्ट ने सोमवार को उसे जेल से तलब कर सजा सुनाकर जेल भेज दिया। एडीजीसी सुशील उपाध्याय के मुताबिक जयसिंहपुर थाने के एक गांव का है। पीड़िता की मां ने पांच जनवरी 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खेत गई युवती के साथ दुष्कर्म किया था। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष से पेश छह गवाहों के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर करनी की सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।



दीवानी न्यायालय परिसर में मौजूद वादकारी व अधिवक्तागण। ● अमृत विचार

### सेशन कोर्ट ने तलब की क्रिमिनल हिस्ट्री

**संवाददाता, सुलतानपुर :** करौंदीकला थाना क्षेत्र के ग्राम बांगरकला निवासी शुभम सिंह द्वारा दर्ज गंभीर धाराओं में दर्ज अभियोग के बाद सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने पुलिस से आरोपी की क्रिमिनल हिस्ट्री तलब कर सुनवाई के लिए 14 जुलाई की तारीख नियत की है। आरोपी शुभम सिंह पर कई अन्य युवकों के साथ मिलकर विशाल सिंह पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक 23 जुलाई की रात ग्राम बगर कला में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान पुराने विवाद को लेकर कहासुनी के बाद विशाल सिंह पर लाठी, डंडा और फावड़े से हमला किया गया जिससे उसे सिर में गंभीर चोटें आईं और जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। आरोपी ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की है।

### बहुचर्चित सराफा डकैती कांड में गवाही 11 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बहुचर्चित सराफा डकैती कांड की सुनवाई में सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में अभियोजन की गवाही नही दर्ज हो सकी। हालांकि, वादी मुकदमा भरतजी सोनी गवाही देने कोर्ट में हाजिर हुए परंतु अभियोजन पक्ष के मौका लेने के कारण सुनवाई टल गई। आरोपी त्रिभुवन कोरी, विवेक सिंह व विनय शुक्ल के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने वादी भरतजी सोनी की गवाही दर्ज करने के लिए 11 अगस्त की तारीख नियत की है। 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े धावा बोलकर लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी। इस सनसनीखेज वारदात में कुल 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। मामले मे आरोपी सचिन सिंह व त्रिभुवन कोरी उर्फ लाला के खिलाफ पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम ( रासुका) के तहत भी कारवाई की है।

### पूर्व विधायक के केस में बहस 21 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व विधायक संतोष पांडेय समेत 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे की सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया अब 21 अगस्त को बहस होगी। मामला 24 फरवरी 2022 का है, जब विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभाएं करने पर दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। कोर्ट में सभी आरोपियों के बंधपत्र पहले ही दाखिल हो चुके हैं।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में सुनवाई 6 को

संग्रह अमीन हत्याकांड में शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार की अदालत में सोमवार को अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने गवाह से शेष जिरह के लिए छह अगस्त की तारीख नियत की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### पुलिस टीम पर हमले के मामले में बहस 13 को

कूरेभार थाना क्षेत्र के मायंग में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के केस में सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में अभियोजन पक्ष की तरफ से शेष बहस के लिए 13 अगस्त की तारीख नियत की गई है। कूरेभार थाने में 24 अगस्त 2006 को तत्कालीन एसओ जेएल सरोज ने पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में सोनू सिंह समेत उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## प्रतिमा सिंह बनीं मातृ भारती की नई अध्यक्ष

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर, झारखंड कादीपुर में मातृ भारती की बैठक आयोजित हुई। चुनाव पर्यवेक्षक रागिनी पाठक और पूर्व अध्यक्ष श्वेता अस्थाना के निर्देशन में हुई प्रक्रिया में सर्वसम्मति से प्रतिमा सिंह को मातृ भारती अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम मातृ भारती प्रमुख लक्ष्मी शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य अशोक उपाध्याय ने मातृ भारती की उपादेयता, कार्य और कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक के बाद सावन महोत्सव का उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें गीत-संगीत, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सावन की परंपरा को जीवंत किया गया।

## मिड-डे मील में लापरवाही पर प्रधानाध्यापक हुए निलंबित

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में संचालित विद्यालयों में मिड-डे मील के दौरान स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। कंपोजिट विद्यालय पेमापुर, विकासखंड जयसिंहपुर में लापरवाही पाए जाने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश प्रसाद दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही विद्यालय के अन्य सभी शिक्षकों का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है।

- बीएसए ने अन्य शिक्षकों का वेतन रोका, दिया निरीक्षण का निर्देश

बीईओ जयसिंहपुर द्वारा बीएसए कार्यालय को सौंपी गई रिपोर्ट में बताया गया कि बीते शनिवार को विद्यालय में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था चूल्हे पर की गई थी। बच्चों को बिना किसी पट्टी, साफ-सफाई के खाना परोसा गया। इस दौरान प्राप्त एक वीडियो में समस्त शिक्षक समूह में बैठे नजर आए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती जा रही थी। इस आधार पर बीएसए ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया और अन्य सभी का वेतन रोक दिया। साथ ही, जनपद के सभी बीईओ को निर्देशित किया गया है कि वे समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए उनका अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

## लंभुआ में निकली 181 फिट तिरंगा कांवड़ यात्रा

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सावन मास के अंतिम सोमवार पर लंभुआ में शिवभक्ति और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। 181 फीट लंबी तिरंगा कांवड़ यात्रा ने पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ते हुए नगर की सड़कों पर भक्ति का माहौल बना दिया। सुबह धोपाप धाम स्थित गोमती नदी से जल भरकर निकली यात्रा नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देर शाम बाबा जनवारीनाथ धाम पहुंची, जहां शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया।

यात्रा में महिला व पुरुष श्रद्धालु गाजे-बाजे की धुन पर झूमते हुए चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और भक्तों को प्रसाद



कस्बे में निकाली गई तिरंगा कांवड़ यात्रा। ● अमृत विचार

- शिवभक्तों ने बाबा जनवारीनाथ को अर्पित किया जल

वितरित किया गया। मुख्य चौराहे पर एसडीएम लंभुआ ने कांवड़ की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। यात्रा के दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति रस में रंग दिया। पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीएम गामिनी सिंगला, सीओ अब्दुस सलाम, कोतवाली प्रभारी अखिलेश सिंह समेत प्रशासनिक टीम यात्रा के साथ मौजूद रही। बाबा जनवारीनाथ धाम पहुंचकर सैकड़ों कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया।

## बिजली बिल विवाद में उपभोक्ता को मिली राहत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्य मृदुला राय और रमेश चन्द्र यादव की पीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में अमेठी जिले के बाजार शुकुल के अन्दीपुर निवासी विद्युत उपभोक्ता चन्द्रशेखर की याचिका पर सुनवाई करते हुए बिजली विभाग द्वारा जारी 44,821 रुपए के बकाया बिल नोटिस को निरस्त कर दिया है। यह आदेश अदालत ने एकपक्षीय रूप से पारित किया, क्योंकि विपक्षी अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, जगदीशपुर कोर्ट में नहीं आए।

वादी चन्द्रशेखर ने अदालत में बताया कि वह नियमित रूप से

- स्थायी लोक अदालत ने 44,821 का नोटिस किया निरस्त

अपना बिजली बिल जमा करते रहे हैं, फिर भी विभाग ने बिना स्पष्ट कारण के अगस्त 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक अत्यधिक बिल भेजे। शिकायत कि बाद भी समाधान नहीं हुआ। अदालत ने वादी द्वारा प्रस्तुत बिलों व भुगतान की रसीदों को प्रमाणिक मानते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि उपभोक्ता को अनुचित रूप से अतिरिक्त राशि का नोटिस थमाया गया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि वादी 2 नवम्बर 2024 के बाद का वास्तविक बकाया बिल विद्युत विभाग को जमा करे।

# भक्तों ने भवं भवानी धाम में किया जलाभिषेक

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** श्रावण मास के चौथे व अंतिम सोमवार को आस्था ने मौसम को मात दे दी। लगातार हो रही बारिश के बीच भवं भवानी धाम समेत अन्य शिवालयों पर शिव भक्तों का रेला उमड़ा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना कर पशु-प्राणियों के धन-धान्य की मनौती पूरी करते नजर आए।

भवं भवानी धाम, शिव मूर्ति नगर शाहपुर लपटा परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। महाकालेश्वर और महाकाल द्वादश शिवलिंग पर भक्तों ने रुद्राभिषेक किया।



भवं भवानी धाम पर रुद्राभिषेक करते शिव भक्त। ● अमृत विचार

- श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों का लगा तांता

मंदिर प्रशासक डॉ. मुकेश तिवारी ने गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग पर बेलपत्र, दूर्वा, भांग, धतूरा और गन्ने के रस से अनुष्ठान किया। द्वादश ज्योतिर्लिंग और शिव परिवार का एक साथ दर्शन होना इस मौके का विशेष आकर्षण रहा। मंदिर संस्थापक पंडित जय नारायण तिवारी ने भोर 4 बजे जलाभिषेक कर अनुष्ठान की शुरुआत की। आयोजन की व्यवस्था में विजय नाथ तिवारी, डब्बू मिश्र, विनोद पांडेय, ऋषि मिश्र, प्रमोद मिश्र, आशू मिश्र, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी सहित अन्य लोग सक्रिय रहे।

### शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**दोस्तपुर, सुलतानपुर :** सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने जल, बेलपत्र, धतूरा व भस्म अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजे। महिलाएं व्रत रखकर शिव चालीसा पाठ में लीन रहीं, पुरुषों ने रुद्राभिषेक किया। विशेष सजावट, भंडारे और कीर्तन के बीच भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए मॉडल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस स्थित स्टेला मारिस कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ अपर जिला जज निशा सिंह, प्रधानाचार्य सिस्टर मारिया नैन्सी और विद्यार्थी काउंसलर सिस्टर बेनी ने किया। प्रदर्शनी में हैंड जनरेटर, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टेशन, ऑर्गेनिक फार्मिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर हाउस, ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव और बायो क्लीनर जैसे मॉडल मुख्य आकर्षण रहे। अपर जिला जज ने



छात्रों का द्वारा बनाए गए मॉडल।

- स्टेला मारिस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, छात्रों की रचनात्मकता ने किया प्रभावित

विद्यार्थियों की प्रतिभा और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट वैज्ञानिक बनने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर की जानकारी विद्यालय के वाणिज्य प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार शुक्ला ने दी।

## पेड़ गिरने से 20 घरों की बिजली गुल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** पांडेयबाबा बाजार में रविवार को राजमार्ग पर गिरे बड़े महुआ के पेड़ से बिजली खंभा टूटने के बाद 30 घर अंधेरे में हैं। हादसे में मोची श्रीराम की मौत हो गई थी। पुलिस ने डाल काटकर यातायात तो बहाल करा दिया, लेकिन खंभा और तार अब भी पेड़ के नीचे दबे पड़े हैं। बिजली विभाग ने बढ़ौनाडीह गांव के ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद कर दी, जिससे राजवंत गुप्ता, छोटेलाल, बृजेश सिंह, अजय कसौधन, विजय कसौधन व ओमप्रकाश सहित तीस घरों की बिजली बंद है। अधिशासी अभियंता संजय यादव ने जेई को तार ठीक कर सप्लाई बहाल करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन सोमवार शाम तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## किराना दुकान से दो लाख रुपये की नकदी और सामान चोरी

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कस्बा के कादीपुर रोड स्थित एक किराना दुकान में चोरों ने सेंध लगाकर दो लाख रुपये नकद और सामान पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की तहरीर पीड़ित ने कोतवाली में दी है।

देवाढ़ स्थित गरीबपुर निवासी दुकानदार राजकुमार जायसवाल कादीपुर रोड पर किराए के मकान में किराना दुकान चलाते हैं। रविवार शाम करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर लौटने के बाद सोमवार सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा मिला। जांच में

- सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई वारदात दुकान में नकब लगाकर घुसे चोर पुलिस ने शुरू की जांच

पता चला कि चोर दुकान की दीवार में नकब लगाकर अंदर घुसे और करीब दो लाख रुपये नकद व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज में एक चोर इत्मीनान से सामान और नगदी समेटते हुए दिखाई दे रहा है। कैमरे पर नजर पड़ते ही उसने अपना चेहरा छिपाने का भी प्रयास किया। इस संबंध में कोतवाली निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि घटना की जांच जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## जर्जर भवनों में न चलाएं कक्षाएं

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में हो रही लगातार बरसात को लेकर बेसिक शिक्षा महकमा गंभीरता से ले रहा है। किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने सभी बीईओ और प्रधानाध्यापकों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए है। जिले के 396 परिषदीय विद्यालय भवन जर्जर घोषित किए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि जनपद में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जर्जर स्कूल भवनों में बच्चों को कदापि न बैठाया जाए और न ही ऐसे भवनों में जाने दिया जाए।

## विजय जिलाध्यक्ष तो अंबरीश फिर बने वरिष्ठ जिला महामंत्री

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के निर्देशन और क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया के प्रस्ताव पर पुनः विजय प्रधान को जिलाध्यक्ष और अंबरीश मिश्रा को वरिष्ठ जिला महामंत्री मनोनीत किया गया, जिसका अनुमोदन प्रदेश मंत्री ने किया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में जिला कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, जिला संगठन महामंत्री अमरचंद साहू, जिला उपाध्यक्ष गोपाल जी सोनी, विनय सिंह, पारितोष गुप्ता, नारायण

- प्रदेश मंत्री ने पदाधिकारियों को दिए व्यापारी हित में कार्य करने के निर्देश

राय, अंकुर तिवारी और रमेश कसौधन शामिल हैं। जिला संगठन मंत्री आदित्य अग्रहरि व विक्रांत दूबे, जिला मंत्री चंद्रदेव मिश्रा, दीपक जायसवाल, आशुतोष झा, दिनेश कसौधन, जिला मीडिया प्रभारी सर्वेश सिंह तथा विधिक प्रकोष्ठ में जयशंकर दूबे, कुलदीप श्रीवास्तव और राहुल श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने सभी पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए व्यापारी हित में कार्य करने का आग्रह किया।

**मौसम** धान की फसल के लिए वरदान साबित हो रही वर्षा, सड़क मार्गों पर जलजमाव से यातायात व जनजीवन प्रभावित

# धान के लिए संजीवनी बनी बारिश, जलभराव से लोग त्रस्त

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सावन की रिमझिम बारिश जहां आमजन को गर्मी से राहत दे रही है, वहीं धान की खेती के लिए संजीवनी बनी हुई है। बल्दीराय, बहुरांवा, देहली बाजार समेत आसपास के क्षेत्रों में बीते दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही वर्षा से खेतों में लबालब पानी भर गया है, जिससे किसानों को सिंचाई की लागत से राहत और अच्छी पैदावार की उम्मीद जगी है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश का यही क्रम जारी रहा, तो इस बार की फसल रिकॉर्ड उत्पादन दे सकती है।

हालांकि, लगातार हुई बारिश से जलभराव की समस्या ने राहगीरों की परेशानी भी बढ़ा दी है। देहली बाजार-हैरिंग्टनगंज मार्ग और



बल्दीराय क्षेत्र में खेतों में भरा लबालब पानी।



देहली-हैरिंग्टनगंज मार्ग पर हुआ जलभराव।

> सचिव को सूचना दे दी गई है और जल निकासी की उचित व्यवस्था के लिए यथासंभव प्रयास किया जाएगा, जिससे समस्या का समाधान हो सके।
> – दिव्या सिंह, खंड विकास अधिकारी धनपतगंज

देहली-वलीपुर संपर्क मार्ग पर जगह-जगह पानी भरने से यातायात प्रभावित हो रहा है। कीचड़ और पानी से स्कूली बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, जबकि दुकानों के सामने भरे गंदे पानी से ग्राहकों व दुकानदारों दोनों को असुविधा हो रही है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

### आज भी होगी बरसात

**सुलतानपुर :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत और न्यूनतम 85 प्रतिशत रही। हवा की औसत गति 3.9 किमी प्रति घंटा दक्षिण-पूर्वी दिशा में रही। कुल 84.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से घने बादल छाए रहने और मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## पुलिस चौकी में हुआ जलभराव

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बेलवाई में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है। कार्यालय भवन न होने से सरकारी कागजात को सुरक्षित रखना और सरकारी कार्य करना मुश्किल हो जाता है। चौकी पर आने वाले फरियादियों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। क्षेत्रीय नागरिक राकेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार शुक्ला, सुरेश कुमार राजभर, श्रीनारायण गिरी, राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आदि ने कई बार प्रशासन से चौकी का भवन निर्माण कराने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं परमात्मादीन री, हवलदार एसीपी आर्मी नंबर 15668354L पुत्र स्वर्गीय माता बदल निवासी ग्राम व पोस्ट तिरहुत तहसील मुसाफिरखाना जनपद सुलतानपुर, मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम HARKESH व जन्म तिथि 29/07/2002 लिख गया है। जो कि गलत हैं जो कि सही नाम HARIKESH व जन्म तिथि 30/01/2005 है।

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IRASAD से बदलकर MOHAMMAD IRSHAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD ILAYAS ADD-HASNAPUR TANDA DIST-BARABANKI-225305 (U.P)

**बेदखली सूचना**
सूचित हो कि मै **राजेश कुमार कश्यप पुत्र राम अधार कश्यप निवासी ग्राम रवनिया पूरब थाना कुड़वार तहसील सदर जिला सुलतानपुर उ0प्र0**, यहकि मेरे दो पुत्र उमेश कुमार कश्यप व समतीरथ कश्यप है। इन दोनो पुत्रों का चाल चलन व आचरण ठीक नहीं है। वह आये दिन हमसे व परिवार के सदस्यों से मार- पीट, लड़ाई व्यवहार करते रहते है। इसलिए मै अपने पुत्रो के इन कृत्यों से तंग आकर उक्त दोनो पुत्रों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से इस बेदखल करता हूँ अब हमारे परिवार के अन्य सदस्यों से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
मेरा एल आई सी पॉलिसी संख्या 219170942 में मेरा नाम लड्डूराम पुत्र हीरालाल लिखा है। जबकि आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम जग प्रसाद पुत्र हीरालाल है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं और मुझे इन दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। **जग प्रसाद पुत्र हीरालाल ग्राम हरहटा पोस्ट गुदरा, परगना व तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2,022 रोल नंबर 1222346141 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2,024 रोल नंबर 2247067395 का प्रमाण पत्र- सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है, **मोहम्मद समीर पुत्र मो0 सिराज गंगवल- बहराइच मो.नं 8467827869**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा मकान सं0 11-519 /डी-1 स्थित सेक्टर डी-1, एल0डी0ए0 कालोनी कानपुर रोड योजना लखनऊ उ0प्र0 इबरार अहमद खान के नाम से पंजीकृत है उक्त का मूल अनुबंध विलेख क्रमांक 6627 दिनांक 05/04/2010 व विक्रय विलेख क्रमांक 14752 दिनांक 10/08/2010 का अंतिम पेज जो उप निबन्धक कार्यालय प्रथम लखनऊ में पंजीकृत है। जिसको कहीं बंधक इत्यादि नहीं किया गया है। अजहर अहमद के पास से कहीं खो गया है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को अवगत कराना है कि मेरे आधार कार्ड संख्या (8775 9745 4443) में मेरा नाम रामरानी पत्नी रामफेर सिंह निवासिनी पूरे हरी सिंह, चौरी अलादासपुर जनपद बाराबंकी दर्ज है, जबकि मेरे अन्य सभी अभिलेखों राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र व परिवार रजिस्टर में मेरा नाम राजरानी पत्नी रामफेर सिंह अंकित है। अतः भविष्य में मुझे मेरे वास्तविक नाम राजरानी पत्नी रामफेर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
मेरा रिलायंस जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 19030659 में नाम पतरका पत्नी ननके लिखा है। जबकि आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सोनम पत्नी ननके है। सोनम और पतरका दोनों मेरे ही नाम है और मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। **सोनम पत्नी ननके ग्राम दरियापुर पोस्ट तिर्रेमनोरमा, परगना, तहसील व जिला गोंडा**

## न्यूज ब्रीफ

### पानी के गड्ढे में डूबकर वृद्ध की मौत

**इटियाथोक, गोंडा** : ग्राम गिलौली के रामकृपाल पांडेय ने बताया कि उनके बड़े भाई रामराज पांडेय (65) रविवार की देर रात शौच के लिए जाने की बात कह कर घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं आए। वह शौच के लिए जाते समय रास्ते में गांव के पश्चिम स्थित सरकारी ट्यूबवेल के बगल गड्ढे में पैर फिसलने की वजह से गिर गए। सोमवार की सुबह वह गड्ढे में उतराते हुए मिले। ग्राम वासियों ने घटना की जानकारी उन्हें दी। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है। मृतक अविवाहित था। परिवार में दो छोटे भाई रामराज व संतराम व भतीजे गिरजेश पांडे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सांप के काटने से युवक की हुई मौत

**तरबगंज, गोंडा।** पिपरी रोहुआ के मजरा लोनियन पुरवा गांव निवासी सुभाष चौहान (35) को रात में सोते समय विषैले सर्प ने डस लिया। परिजनों ने तरबगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालात गंभीर बनी रही। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की दो बेटियां चंदा 9 व प्रिया 5 हैं। युवक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

### गांव की खुली बैठक 11 अगस्त को

**रुपईडीह, अमृत विचार।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोचवा की खुली बैठक आगामी 11 अगस्त को पंचायत भवन में ग्राम प्रधान अंबासिनी सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। पंचायत सचिव अजीत कुमार ने बताया कि इस बैठक में परिवार रजिस्टर के अंकन व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आए आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए निर्धारित तिथि से खंड विकास अधिकारी व ग्राम वासियों को अवगत करा दिया गया है।

### मिड डे मील का संचालन बंद

**रुपईडीह।** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय भवनियापुर उपाध्याय में दो सप्ताह से एमडीएम के खातों में धनराशि नहीं है। इससे विद्यालय में मिड डे मील के संचालन में दिक्कते उठानी पड़ रही है। प्रधानाध्यापक ओंकारनाथ बाजपेई ने खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर शीघ्र ही एमडीएम के खातों में धनराशि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

### 22 हजार किसानों का हुआ पंजीकरण

**रुपईडीह** : ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। अब तक 22332 किसानों का पंजीकरण कराया जा चुका है। गोदाम प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि रुपईडीह की सभी ग्राम पंचायतो को मिलाकर 42650 किसानों का पंजीकरण कराया जाना है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य नियमित रूप से कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष युवक की मौत

**बालपुर, गोंडा।** शुक्रवार को बालपुर जाट मे दो पक्षों में हुए खुनी संघर्ष में ह्रदय लाल पुत्र बलराज (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए गोंडा से लखनऊ रेफर किया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। इसकी सूचना गांव पहुंचने के बाद गांव में कोहराम मच गया।

### नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**मनकापुर (गोंडा)।** नगर पंचायत मनकापुर के पूर्व चेयरमैन एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी कृष्ण कुमार गुप्ता (86) का लंबी बीमारी के चलते एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। बताया गया कि वर्ष 1991 में नगर पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के आकस्मिक निधन के बाद कृष्ण कुमार गुप्ता, जो उस समय उपाध्यक्ष थे, को नगर पंचायत का चेयरमैन मनोनीत किया गया था। उनका दाह संस्कार अयोध्या में स्थित सरयू घाट के तट पर मंगलवार को किया जाएगा।

### सीएम के निजी सचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**गोंडा** : राष्ट्रीय छात्र पंचायत के सदस्य इको गार्डन लखनऊ में दस दिनों से धरना दे रहे थे। निजी स्कूलों के मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाने तथा फीस रेगुलेशन एक्ट बनाने की मांग पर अड़े छात्र पंचायत के सदस्यों से सोमवार को मुख्यमंत्री के निजी सचिव ने सीएम आवास पर मुलाकात की और उनकी बात को सुना। छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 :00 बजे इको गार्डन चौकी इंचार्ज व गौतम पल्ली इंस्पेक्टर ने चार लोगों के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री आवास पर लेकर गए। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे, अभिनव वर्मा बाराबंकी, अंकित निषाद अयोध्या, हिमांशु तिवारी शामिल रहे।

# शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

## सावन के अंतिम सोमवार पर हर हर महादेव के जयघोष के साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक

संवाददाता, गोंडा



पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार


दुखहरननाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी महिला श्रद्धालुओं की कतार।

**अमृत विचार** : सावन के चौथे सोमवार पर जिले के शिव मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर, दुखहरननाथ मंदिर, करोहानाथ मंदिर, बालेश्वरनाथ मंदिर समेत जिले के अन्य शिवमंदिरों में हजारों की संख्या में भक्तों ने हर हर महादेव के जयघोष संग भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पुष्प, अक्षत, बेलपत्र, भांग, धतूरा व अन्य सामग्री से पूजन अर्चन कर सुख शांति की कामना की।

सोमवार को भगवान शिव की आराधना का प्रमुख दिन माना जाता है। शास्त्रों में श्रावण मास में इस दिन विधि-विधान के साथ जलाभिषेक करने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि श्रावण मास में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने से सभी पाप नष्ट हो जाते है और जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। सावन के चौथे सोमवार को श्रद्धालुओं ने दूध, दही, शहद, गंगाजल आदि से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया और बेलपत्र, पुष्प, फल, भांग, धतूरा अर्पित कर पूजा-अर्चना की। शहर के ऐतिहासिक दुखहरण नाथ मंदिर, खरगूपुर के बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर व मनकापुर के बाबा करोहानाथ मंदिर में सुबह 4 बजे से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने लाइन लगाकर भगवान का जलाभिषेक किया। दोपहर तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान मंदिर परिसर समेत आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

### पांच हजार कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

**खरगूपुर** : प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मंदिर में बारिश व बूंदा बांदी के बीच सावन माह के आखिरी सोमवार को बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। रविवार की रात में ही पृथ्वीनाथ मंदिर में लगभग 5 हजार कांवड़िया भक्त डीजे के साथ जलाभिषेक के लिए यहां पहुंच गए थे। भोर में मंदिर का पट खुलने के बाद सभी ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस दौरान सीओ सदर आनंद कुमार राय, थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह अतिरिक्त पुलिस बल के साथ गर्भगृह व मेला परिसर की सुरक्षा का जायजा लेते रहे। क्राइम इन्वेस्टीगेशन संस्था के अजय सिंह व संतोष पाण्डेय ने गर्भगृह व मेला परिसर में श्रद्धालुओं का सहयोग किया।

# 19 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में किया गया बदलाव

**मनकापुर, अमृत विचार**: तहसील मनकापुर में सोमवार को उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी ने लेखपालों के कार्यक्षेत्र और अतिरिक्त प्रभार को लेकर बड़ा बदलाव किया।

एसडीएम ने बताया कि रामपुर के लेखपाल अरविंद तिवारी को सबना गांव में तैनाती के साथ दौलतपुर माफी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मुकेश श्रीवास्तव को अशरफपुर में तैनाती मिली है। संतोष कुमार वर्मा को बंजरिया में तैनात किया गया है। सिसवा के लेखपाल मोहम्मद दानिश अली को रामपुर गांव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अरविंद कुमार मिश्रा को रानीपुर भेजा गया है। दतौली के लेखपाल स्वामी नाथ शुक्ला अब फिरोजपुर और मछली गांव नानकार का कार्य भी देखेंगे। केशवनगर ग्रंट पूर्वी के लेखपाल बृजेंद्र सक्सेना को केशवनगर ग्रंट पश्चिमी और मुबारकपुर ग्रंट का प्रभार दिया गया है। अर्जुन वर्मा को दुर्गापुर से बस्ती खास में तैनाती देकर बौहान गांव का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया है। बृजनंदन तिवारी अब मवई के साथ इटैला बुजुर्ग का कार्य भी देखेंगे। संजीव कुमार को हथनी खास से स्थानांतरित कर सैजलपुर तैनात किया गया है। कमल शेखर को अशरफपुर से परसा तिवारी स्थानांतरित कर जगन्नाथपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गिरीश चंद्र श्रीवास्तव को अलाउद्दीनपुर में तैनात किया गया है। दिनेश कुमार गौड़ को बभनजोत में तैनाती के साथ जगन्नाथपुर ग्रंट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्रवण वर्मा को बढ़या गांव का जिम्मा सौंपा गया है। सुनील प्रजापति अब सैदपुर जमालजोत के भी लेखपाल होंगे। सर्वेश तिवारी को नरहरपुर बक्सरिया ग्रंट का भी कार्यभार सौंपा गया है।


अवनीश त्रिपाठी
एसडीएम, मनकापुर।

# ... तो परिवार को यूं राख होते तो नहीं देखता

- भाई, भाभी व पत्नी की चिता को आग देते समय फफक पड़े प्रहलाद
- बोलेरो हादसे में मारे गए लोगों का अयोध्या में हुआ अंतिम संस्कार


एक साथ 11 लोगों के शव पहुंचने पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : नहर हादसे में जान गंवाने वाले सभी 11 मृतकों का रविवार की देर रात अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में सीहागांव के प्रहलाद गुप्ता ने आंसुओं के सैलाब के साथ अपने भाई, भाभी, पत्नी की चिता को मुखाग्नि दी। साथ ही बेटियों व मासूम भतीजे को मिट्टी देकर उन्हें दफन किया। एक साथ परिवार के 9 सदस्यों को खोने के दर्द ने प्रहलाद गुप्ता को बदहवास कर दिया। बच्चों को दफनाते समय वह फफक पड़े। कहा कि यह देखने के लिए मैं क्यों जिंदा बच गया। प्रहलाद गुप्ता की चीत्कार से घाट पर मौजूद हर आंख आंसुओं में डूबी रही।

रविवार को जलाभिषेक के लिए बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर जाते समय इटियाथोक के रेहरा पुलिया के पास श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो सरयू नहर में गिर गयी थी। इस दर्दनाक हादसे में मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव के रहने वाले प्रहलाद कसौधन की पत्नी बीना(40), बेटी काजल(22) व महक (17) भाई रामकरन(34) उसकी पत्नी अनुसुइया (34),बेटी सौम्या(09) व बेटा शुभ (07) तथा दूसरे भाई की रामरूप उर्फ ननकन गुप्ता की पत्नी दुर्गेश नंदिनी(35) व बेटे अमित(14) तथा राजापुर परसौरा गांव के रहने वाले रामललन वर्मा की पत्नी संजू(26) व साली अंजू उर्फ गुड़िया (20) की मौत हो गयी थी। बोलेरो में कुल 16 लोग सवार थे। चालक समेत चार लोगों को ग्रामीणों ने जीवित बचा लिया था। पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतकों का रविवार की देर रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में सीहागांव के रहने वाले सभी 9 मृतकों को अयोध्या ले जाया गया जहां प्रहलाद कसौंधन ने अपनी पत्नी बीना, भाई रामकरन व भाभी अनुसुइया की चिता को मुखाग्नि दी। छोटे भाई रामरूप उर्फ ननकन ने अपनी पत्नी दुर्गेश नंदिनी की चिता को आग लगाई। परिवार के चार सदस्यों को एक साथ मुखाग्नि देते समय प्रहलाद गुप्ता भाव विवह्ल हो गए। साथ गए रिश्तेदारों ने उन्हें किसी तरह संभाला।

### शोक सभा आयोजित

**गोंडा** : बार एसोसिएशन के संघ भवन में आपातकालीन संयुक्त शोकसभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी तथा सिविल वर संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने किया, जबकि संचालन बार संगठन के महामंत्री संजय कुमार सिंह व सिविल बार संगठन के महामंत्री मनोज कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बोलेरो के अनियंत्रित होकर सरयू नहर में गिर जाने और 11 लोगों के आकस्मिक मौत पर शोक सभा की गई।

# 28 घंटे बाद 30 किमी दूर मिला रचना का शव

**गोंडा, अमृत विचार** : रविवार को सरयू नहर हादसे में लापता हुई मासूम रचना का शव 28 हादसे के घंटे बाद घटनास्थल से 30 किमी दूर मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के करनूपुर राजा गांव के मजरे लोहारनपुरवा के समीप 15 नंबर ट्यूबवेल के पास पानी में उतराता मिला। रविवार से ही एसडीआरएफ की टीम लापता बच्ची की तलाश में घटना स्थल पर रेस्क्यू अभियान चला रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रचना की मौत के बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गयी है।


रचना
(फाइल फोटो)।

रविवार को जलाभिषेक के लिए बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर जाते समय इटियाथोक थाना क्षेत्र के रेहरा पुलिया के पास श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो सरयू नहर में गिर गयी थी। बोलेरों में कुल 16 लोग सवार थे। चालक समेत चार लोगों को ग्रामीणों ने जीवित बचा लिया था जबकि 8 वर्ष की बच्ची रचना लापता थी। पुलिस व एसडीआरएफ का टीमें रचना की तलाश में लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही थी। हादसे के करीब 28 घंटे बाद सोमवार दोपहर रचना (8) का शव घटनास्थल से करीब 30 किमी दूर मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकसिया शिवरतन सिंह गांव के समीप सरयू नहर में उतराता मिला। ग्रामीणों ने बच्ची का शव उतराता देखा तो उसे बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रचना का शव मिलने के बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गयी है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**करनैलगंज** : कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम नगवा कला के मजरा सीरपुरवा में खेत में काम कर लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को पवन कुमार पाण्डेय (36) अपने खेत में काम करने गया था। करीब एक घंटे बाद वह घर लौटा और परिजनों से बेचैनी व घबराहट की शिकायत की। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले गए, मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मेमो मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी राजीव कन्नौजिया ने बताया कि मृतक ने सर्पदंश की बात नहीं कही थी, लेकिन संदिग्ध हालात को देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। सोमवार की शाम परिजनों ने कटरा घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया।

# घाघरा का रौद्र रूप देख सहमे तलहटी में बसे ग्रामीण


बाढ़ के पानी से घिरे गोंडा बाराबंकी के सरहदी इलाके। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : घाघरा के जलस्तर में तेजी से वृद्धि और बैराजों से लगातार डिस्चार्ज हो रहे पानी ने तहसील इलाके में बाढ़ का खतरा गहरा दिया है। सोमवार की सुबह विभिन्न बैराजों से करीब 3.24 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। बाढ़ खंड के एक्सईएन जय सिंह, सहायक अभियंता पंकज आर्य और अवर अभियंता रवि वर्मा बांधों की निगरानी में जुटे हुए हैं। एक्सईएन जय सिंह ने बताया कि बांध की लगातार निगरानी कराई जा रही है।

### 1 से 8 तक के स्कूल बंद

बरसात के चलते जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। बीएसए ने बताया कि बरसात के चलते मंगलवार को एक से आठ तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे।

# पशुओं के चारे, गांवों में दवा छिड़काव पर दें विशेष ध्यान



समीक्षा बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार**: जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ की पूर्व तैयारी एवं बचाव कार्यों की विभागवार समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ संभावित एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय से पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। बाढ़ जैसी आपदा के समय लापरवाही अथवा सुस्ती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी विभाग की लापरवाही, संसाधनों की कमी या कार्य में उदासीनता पाई गई, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जलस्तर मापने वाले यंत्रों की सक्रियता, राहत शिविरों की स्थापना, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, नावों की व्यवस्था, पशुओं के चारे एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व तैयारी को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए।


**सुगम होगा यातायात** | **केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रयास से मिली मंजूरी**

# 1647 करोड़ से बनेगा 20 .57 किमी लंबा फोरलेन बाईपास

**गोंडा, अमृत विचार**: भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने जिले को बड़ी सौगात दी है। सुगम यातायात के दृष्टिगत जिले में 20.57 किमी लंबा बाईपास बनाया जायेगा। केंद्र सरकार की तरफ से इस फोरलेन बाईपास निर्माण के लिए 1647 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके निर्माण के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) जल्द ही जमीन अधिग्रहण का कार्य प्रारंभ करेगी।


कीर्तिवर्धन सिंह।

जिले के सांसद व केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बाईपास निर्माण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। उनके इस प्रयास पर केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने अपनी मोहर लगाते हुए शहर के बाहर बाईपास निर्माण को मंजूरी दे दी है और इसके लिए 1646.98 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस धनराशि से 20.57 किमी लंबे फोरलेन बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। यह बाईपास मार्ग अयोध्या गोंडा मार्ग से निकलकर लखनऊ हाईवे से होते हुए गोंडा बलरामपुर मार्ग में जाकर मिल जायेगा।



स्वीकृत बाईपास का नक्शा। अमृत विचार

**बाईपास मार्ग पर बनेंगे दो आरओबी व तीन बड़े पुल** : इस 20.57 किमी लंबे फोरलेन बाईपास पर दो रेलवे उपरिगामी पुल व तीन बड़े पुल बनाए जायेंगे। पहला आरओबी गोंडा लखनऊ रेलखंड पर तथा दूसरा आरओबी गोंडा बहराइच रेलखंड पर बनेगा। इसी तरह टेढ़ी नदी और लखनऊ हाईवे को पार करने के लिए तीन बड़े पुल बनाए जायेंगे।

> गोंडा शहर के बाहर से 29 .57 किमी लंबे बाईपास निर्माण की मंजूरी मिली है। इसके लिए 1647 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। यह फोरलेन बाईपास अयोध्या मार्ग से निकलकर लखनऊ मार्ग को पार करते हुए बलरामपुर मार्ग को जोड़ेगा। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इसमें एक से डेढ़ वर्ष का समय लगने का अनुमान है।
>
> **-राजकुमार पिथौरिया,**
> अधिशाषी अभियंता, नेशनल हाइवे अथॉरिटी- खंड लखनऊ

**किसानों की जमीनों का होगा अधिग्रहण** : फोरलेन बाईपास निर्माण के लिए सड़क किनारे स्थित किसानों की जमीनों का अधिग्रहण भी किया जायेगा। स्वीकृत बजट में जमीन अधिग्रहण की धनराशि भी शामिल की गयी है। अधिग्रहण की इस प्रक्रिया में करीब एक से डेढ़ वर्ष का समय लगने का अनुमान है। इसके बाद ही बाईपास निर्माण का कार्य प्रारंभ हो सकेगा।

## सिटी डायरी


कीर्तन-भजन प्रस्तुत करते लोग। अमृत विचार

### स्वर्ण शताब्दी समारोह में यमन राग सुन भावविभोर हुए लोग

**गोंडा** : श्रावण झूला स्वर्ण शताब्दी समारोह में डॉ प्रीती पाण्डेय और प्रज्ञा पाठक ने जुगलबंदी करते हुए यमन राग तीन ताल के साथ गाया। लखनऊ से आये अरुणेश पाण्डेय और अध्यात्म पाण्डेय टुकड़ा, तीन ताल पलटा,कायदा,बंदिश जुगलबंदी करके श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। गुरु तुलसीदास झूला गायन, पंकज शांडिल्य हारमोनियम, लखनऊ के अमोघ सहस्र बुद्धे तबला वादन,पंडित ओंकारनाथ पांडे का विशेष राग विहाग, रेवा सोहनी गोरख कल्यान कलावती में भजन कमल नयन वाले राम श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। पंडित शिवदयाल ने राग भूप कल्यान में ख्याल मोरा मन बस कर लीनो श्याम सुनाया। कलाकारों में पंडित अरुणेश पाण्डेय, और अस्तित्व पाण्डेय तबलावादन ओंकारनाथ उपाध्याय गायन, राज कुमार मिश्र तबला वादन सम्मानित किए गये।

### बहन के ससुराल समझौता कराने गए मायके वालों पर फेंका तेजाब

**गौरा चौकी** : खोड़ारे में तेजाब से हमला करने का मामला सामने आया है। शुभम गुप्ता ने अपनी बहन शिवानी के ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुभम पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी ग्राम पुरैना पाण्डेय मानिकचन्द चौराहा थाना वाल्टरगंज बस्ती निवासी ने पुलिस को दिए हुए तहरीर में बताया है कि उनकी बहन शिवानी की शादी 3 वर्ष पूर्व सचिन पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी ग्राम औसानी बुजुर्ग झलिहवा हनुमान नगर थाना खोड़ारे के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उनकी बहन शिवानी का पति व ससुर विजय कुमार सास रेखा गुप्ता पत्नी विजय कुमार व देवर अजय व शुभम् पुत्रगण विजय कुमार बहन को दहेज में 10 लाख रुपया और लाने के लिए दबाव बनाकर मारते पीटते हुए प्रताड़ित करते थे। इसलिए दिनांक 4 अगस्त को अपनी मां उर्मिला देवी भाई शुभम् गुप्ता व सोनू गुप्ता के साथ अपनी बहन की ससुराल में समझौता करने के इरादे से आए थे। जैसे ही हम लोग अपनी बहन के दरवाजे पहुंचे कि विपक्षीगण गाली देते हुए जानमाल की धमकी देकर भाई सोनू को मारने पीटने लगे। जब हम लोग विरोध किए तो विपक्षीगण तेजाब उठाकर फेंक दिए जिससे मां उर्मिला देवी भाई सोनू गुप्ता और बहन शिवानी के ऊपर तेजाब ज्यादा पड़ गया, जिससे वह काफी जल गए है। थानाध्यक्ष प्रबोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।


निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत के बाद स्टार लगाते एसपी विनीत जायसवाल व एएसपी। अमृत विचार

### निरीक्षक मोटर परिवहन के पद पर पदोन्नत होने पर दी बधाई

**गोंडा** : सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने उप निरीक्षक मोटर परिवहन महेन्द्र प्रसाद यादव को निरीक्षक मोटर परिवहन के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। एसपी ने कहा कि नई जिम्मेदारियों को भलीभांति समझे तथा प्राथमिकता के आधार पर जनता की जनसमस्याओं को सुने व उनके समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण शत-प्रतिशत निस्तारण कराएं। जो भी दायित्व मिला है उसको पूर्ण मनोयोग से व्यक्ति को करना चाहिए।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। अमृत विचार

### टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर शुरू

**गोंडा** : गोंडा टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में 10 दिवसीय नि :शुल्क टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। सोमवार से यह शिविर आईटीआई चौराहा स्थित सेंट जेवियर स्कूल के बेसमेंट हॉल में प्रतिदिन सायं 6 :00 बजे से 8 :00 बजे तक संचालित किया जाएगा। शिविर में जनपद के सभी आयु वर्ग (10 से 35 वर्ष) के बालक-बालिकाएं, युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य जनपद में टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना तथा फिजिकल फिटनेस और स्क्रीनिंग के माध्यम से उनकी योग्यता को पहचानना है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से युवक ने तोड़ा दम

**बहराइच, अमृत विचार :** बौंडी बाजार में एक युवक को एक बाइक ने टक्कर मार दी। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे पर रास्ते में उसकी मौत हो गई। फखरपुर ब्लॉक के नौशहरा के उमरिया खुर्द निवासी नीरज (20) अपनी चाची के साथ बाइक से लौट रहा था। साईंगांव के पास एक बाइक उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

### नाले में डूबने से किसान की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** सुजौली थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक किसान की नाले में डूबने से मौत हो गई। कुटिया दाखिला रामपुरवा निवासी ब्रह्मजीत (57) खेत देखकर लौट रहा था। बारिश के कारण कीचड़ था। वह नाले के किनारे से मेड़ से आ रहा था। पैर फिसलने से वह नाले गिर गया। पानी अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया। नाले में डूबने से उसकी मौत हो गई।

### सांप के डसने से श्रमिक की मौत

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** बनकटवा महोली में पानी की टंकी पर काम करने आए एक श्रमिक की सर्पदंश से मौत हो गई। श्रावस्ती के भरथा कला पोस्ट टिटिहरिया थाना सिरसिया निवासी अजय निषाद (24) की पानी की टंकी पर रविवार रात करीब 2.30 बजे सांप डसने से मौत हो गई।

### प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर होगा पौधरोपण

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह ने बताया कि 13 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सिंह का जन्मदिन है। सभी ने निर्णय लिया है कि उनके जन्मदिवस पर पौधों का रोपण करेंगे।

# अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

## जिलेभर के प्रमुख शिव मंदिरों में भोर से देर शाम तक दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

**सावन माह**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** सावन के अंतिम सोमवार को जिले के विभिन्न शिवालयों पर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने के लिए भोर से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कांवड़ियों और शिवभक्तों ने महादेव का दर्शन-पूजन किया।

सड़कों और मंदिरों में भगवा रंग ही दिखाई दे रहा था। बड़ी संख्या में कांवड़िये रविवार रात से ही मंदिरों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। सोमवार की भोर होते ही ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान विभिन्न मार्गों पर तथा प्राचीन शिव मंदिरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

नगर क्षेत्र स्थित पांडवकालीन बाबा सिद्धनाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए देर रात ही कपाट खोल दिए गए थे। महंत रवि गिरी महाराज ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और रात से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर पर भीड़ जमा न हो। इसके लिए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर शिव भक्तों को कतारबद्ध किया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बुधेवर नाथ मंदिर पर आसपास के भक्तों के साथ बड़ी संख्या में मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के कांवड़िये पवित्र सरयू नदी से जल भरकर रविवार को ही रवाना हो गए थे। सोमवार की सुबह मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया।



मंगलीनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार



बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मंगलीनाथ मंदिर में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** सावन के चौथे व अंतिम सोमवार को मंगलीनाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने राप्ती नदी से जल लेकर पैदल ही प्राचीन मंगलीनाथ शिव मंदिर में पहुंचे और महादेव का जलाभिषेक किया। इसके साथ ही क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्ध की कामना की। इस अवसर पर मंगलीनाथ शिव मंदिर के अध्यक्ष रिंकू सिंह, पिन्टू गुप्ता, प्रधान जितेन्द्र कुमार, श्री मंगली नाथ कजली तीज समिति अध्यक्ष पतीराम चौधरी, पप्पू महराज आदि बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक रामाशंकर यादव मय फोर्स मौजूद रहे।

### बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों का तांता

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** सावन के अंतिम सोमवार को बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। हर सोमवार की तरह मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस बार कांवड़ियों ने भी बाबा का जलाभिषेक किया। श्री नवयुवक कांवड़िया संघ के कांवड़ियों ने भगगड़वा स्थित सरयू नदी से करीब 51 लीटर जल भर कर 30 किमी की यात्रा कर बाबा बागेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा में कांवड़िया संघ के दुखहरन शर्मा, केदार शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, सतेंद्र सिंह, सुशील रावत, अंकित रावत समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुबह से ही मंदिर में भक्तो की कतार लगी रही। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था भी थी।

### नानपारा के विभिन्न मंदिरों में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** सावन के अंतिम सोमवार को नानपारा सहित आसपास के क्षेत्रों में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिव भक्तों और कांवड़ियों की लंबी कतारें शिवालयों में देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने गंगाजल और सरयू जल लेकर विभिन्न मंदिरों में पहुंचे और जल, पुष्प, धतूरा, बेलपत्र, अक्षत चढ़ाकर महादेव का पूजन-अर्चन किया। नानपारा के शिवालय बाग मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, रुपईडीहा रोड स्थित महादेव मंदिर सहित कस्बे के विभिन्न शिवालयों में सुबह से देर शाम तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। दूर-दराज से जल लेकर पैदल आए कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।



शिवालय पर जल चढ़ाने जाता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार



श्रद्धालुओं से मिलते भगवान दास महाराज।

### संत परमहंस श्री रामचंद्र दास की पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** सावन माह के अंतिम सोमवार को संत परमहंस श्री रामचंद्र दास की नवम पुण्यतिथि पर राम जानकी बाग में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत सुबह 11 बजे पावन पादुका पूजन के साथ की गयी। मुख्य आयोजनकर्ता अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी खाकी अखाड़े के श्री महंत भगवान दास महाराज ने बताया कि यह भंडारा उनके गुरु और पूर्व महंत परमहंस दास श्री रामचंद्र दास जी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन सम्मिलित हुए और संत महिमा का गुणगान करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राम जानकी मंदिर के प्रबंधक व्यापारी नरेश मित्तल और सीताराम अग्रवाल सहित रूपईडीहा नगर पंचायत वासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस ने मूर्ति चोर गिरोह के चार शातिरों को दबोचा

संवाददाता, बहराइच

**04** चोरी की मूर्तियां बदमाशों के पास से हुईं बरामद

**अमृत विचार :** थाना रामगांव पुलिस ने मूर्ति चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की चार मूर्तियां बारामद की गई हैं। जिन्हें शातिरों ने बौंडी थाना क्षेत्र के एक मंदिर से चोरी की थी। शातिर बाइक से मूर्तियों को बेचने जा रहे थे तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने तीन बाइकें भी बरामद की हैं।

बौंडी थाना क्षेत्र के केला गांव निवासी कृष्ण सिंह के मंदिर से 29/30 जुलाई की रात चार मूर्तियां चोरी हुई थीं। चोरी की घटना को अंजाम देने में कृष्ण सिंह के करीबी रिश्तेदार के पुत्र कुलदीप शुक्ला की अहम भूमिका थी। इस मामले में कृष्ण सिंह की तहरीर पर 2 अगस्त को बौंडी पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। इस घटना को पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी महसी डीके श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामगांव राजकुमार पाण्डेय को भी खुलासे के लिए निर्देशित किया था। थानाध्यक्ष रामगांव को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग बाइक से चोरी की मूर्ति बेचने के संबंध में बातचीत कर रहे हैं। ये लोग खाले पुरवा और सिसैयाचक चौराहे के बीच खड़े हैं। थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ चारों ओर से चौराहे को घेर लिया। मौके से साहिबे आलम उर्फ बादशाह, कुलदीप शुक्ला, बेचन व फरमान को गिरफ्तार कर लिया। सभी के पिट्ठू बैग से 04 मूर्तियां बरामद हुईं। जिसके सम्बन्ध में पुलिस द्वारा गम्भीरतापूर्वक पूछताछ की गई तो बताया कि उन लोगों ने अपने साथी कुलदीप शुक्ला के मौसा के गांव-केला थाना बौण्डी स्थित मन्दिर से मूर्तियों को अष्टधातु की समझकर चोरी किये थे। उनको बेचने जा रहे थे।

# उर्वरक की 2 दुकानों का लाइसेंस निलम्बित

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर 2 विक्रेताओं का लाइसेंस लाइसेंस निलंबित कर दिया तथा पांच को कारण बताओं नोटिस जारी की गयी। डॉ. यादव ने रताहिया, नवाबगंज, रुपईडीहा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। स्टॉक मे अनियमितता पर गुप्ता ट्रेडर्स रामपुर छगड़ाहवा एवं महेंद्र पाल यादव उर्वरक विक्रेता नवाबगंज का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। दुकान बंद करके भाग जाने के कारण चित्रांश खाद बीज भंडार देवरा चौराहा, खान ट्रेडर्स शंकरपुर, चिश्ती खाद भंडार शंकरपुर, दशमेश ट्रेडर्स रताहिया, एवं अभिनव कृषि सेवा केंद्र रताहिया को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है।



### श्री चित्रगुप्त मन्दिर के सौंदर्यीकरण कार्य का सदर विधायक ने किया भूमि पूजन

**बहराइच, अमृत विचार :** बशीरगंज स्थित श्रीचित्रगुप्त मन्दिर परिसर में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री/सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने मन्दिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। उल्लेखनीय है कि राज्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मोहल्ला श्री चित्रगुप्त मन्दिर स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए सरकार द्वारा 93 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस मौके पर श्रवण निगम, रिसिया के पूर्व चेयरमैन राजेश निगम, सुशील श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, अनुज, गौरव आदि मौजूद रहे।

## शोर मचाने पर जंगल में भागा बाघ

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** अब्दुल्लागंज जंगल से गांव के करीब निकला बाघ ग्रामीणों के शोर मचाने पर फिर जंगल में चला गया। नवाबगंज अंतर्गत अब्दुल्लागंज जंगल से आधा किमी की दूरी पर इटाहवा गांव के पास भकला नाले के पुल व चनैनी गांव के बीच धान के खेतों में ग्रामीणों को सुबह करीब 10 बजे बाघ दिखा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ अब्दुल्लागंज जंगल में चला गया। वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू ने बताया कि कभी-कभी नेपाल से अब्दुल्लागंज जंगल की तरफ घूमने के लिए बाघ आता है। कभी वह एक तो कभी 3 महीने रहता है फिर चला जाता है।

# गड्ढे के चारों ओर रेलवे ने लगवाया सुरक्षा घेरा

● बीते बुधवार को पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बालिकाओं की हुई थी मौत

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** वार्ड नं. 10 रामजानकी नगर की दो बच्चियों नैना (8) और वैष्णवी (12) की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत के बाद सचेत रेलवे विभाग ने चार दिन गड्ढे के चारों तरफ सुरक्षा के लिए तार लगाना शुरू कर दिया है। बताते चलें कि बीते बुधवार को हुई इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश था। लोगों ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा था कि यदि समय रहते गड्ढों को घेरा गया होता तो यह हादसा नहीं होता। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे ने गड्ढे के चारों तरफ तार लगाना शुरू कर दिया। लोगों ने पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की है।



गड्ढे के चारों ओर लगाये गये तार।

# सरयू व घाघरा खतरे के निशान से ऊपर

**बहराइच, अमृत विचार :** घाघरा और सरयू नदी एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। फिलहाल अभी जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है।

जिले में लगातार दो दिनों से बारिश हो रही है। नेपाल के पहाड़ी इलाकों में बारिश काफी हुई है जिसके चलते नेपाल की नदियां उफनाने लगी है। नेपाल ने बनबसा बैराज पर अधिक पानी एकत्र हो जाने के कारण गिरजा बैराज और गोपिया बैराज के लिए पानी छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में सरयू और घाघरा उफान पर नहीं है। घूरदेवी में सरयू नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है। जबकि एल्गिन ब्रिज पर खतरे का निशान 106.07 है। जबकि नदी 106. 08 मीटर पर बह रही है।



तटबन्ध का निरीक्षण करते एडीएम।

**जरवलरोड :** संजय सेतु में घाघरा का जल स्तर बढ़ने लगा है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे घाघरा नदी का जलस्तर 106.100 सेंमी मापा गया जो खतरे के निशान से करीब तीन सेंमी ऊपर है। केंदीय जल आयोग के जेई मुस्तकीम ने बताया कि घाघरा नहीं का डेंजर जोन 106.07 है।

**एडीएम ने किया तटबन्ध का निरीक्षण : कैसरगंज।** सोमवार को एडीएम अमित कुमार ने एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह के साथ रेवली आदमपुर तटबन्ध का निरीक्षण किया इसके पश्चात उन्होंने आदमपुर,तपेसिपाह व रेवली मे स्थापित बाढ चौकियो का भी स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

# बारिश के दौरान प्रशासन अलर्ट मोड में

संवाददाताा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** लगातार बारिश को देखते हुए बलरामपुर जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि खराब मौसम में लोग जलभराव वाले स्थानों, नदियों, नालों, नहरों, तालाबों, डैम व पुराने जर्जर भवनों के पास न जाएं।

डीएम ने कहा कि बारिश के दौरान बिजली के खंभों में करंट उतरने का खतरा होता है, इसलिए खंभों से दूरी बनाए रखें। बच्चों को जलभराव वाले स्थानों से दूर रखें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे मोबाइल में 'दामिनी एप' डाउनलोड करें, जिससे बिजली गिरने की पूर्व सूचना मिलती है और हादसों से बचाव संभव हो पाता है।

### प्रमुख सावधानियां

- बारिश के दौरान पेड़ों, मोबाइल टावर और ऊंची इमारतों के नीचे शरण न लें।
- धातु से बने छाते, बिजली उपकरणों, हैंडपंप आदि को न छुएं।
- खुले वाहनों में यात्रा से बचें। ● जमीन पर न लेटें और बच्चों को बाहर न खेलने दें। ● सर्पदंश की संभावना बढ़ती है, इसलिए सावधानी बरतें और सांप के डसने पर तुरंत अस्पताल जाकर इलाज कराएं।

### आपात स्थिति में इन नंबरों पर करें संपर्क:

- जिला कंट्रोल रूम : 05263-236250, 917027736, टोल फ्री : 1077
- बलरामपुर तहसील : 8127731411
- तुलसीपुर : 8400696224
- उतरौला : 7991441311
- स्वास्थ्य विभाग : 7704995639
- बाढ़ खंड : 05263-232283, 7706881121

प्रशासन ने संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए कलेक्ट्रेट, सभी तहसीलों, स्वास्थ्य विभाग और बाढ़ खंड में 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय किए हैं। इसके अलावा 19 बाढ़ शरणालय, 32 बाढ़ चौकियां और 32 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं।

## श्याम तिवारी बने जिला उपाध्यक्ष

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर निवासी श्याम तिवारी को भारतीय अटल सेवा संगठन की जिला इकाई में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष नीरज झा ने उनका मनोनयन करते हुए पत्र जारी किया और संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन निष्ठा से करने की अपेक्षा जताई है। जिलाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी ने बताया कि अटल सेवा संगठन एक पूर्णतः सामाजिक संस्था है जो समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता में लगातार सक्रिय रहती है। श्याम तिवारी लंबे समय से संगठन के कार्यों में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। श्याम तिवारी को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अमित पांडेय, राकेश पांडेय और नरेंद्र मिश्र समेत कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# तीन चरणों में होगा हर घर तिरंगा अभियान

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान को भव्य और उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में चलेगा। पहले चरण में 2 से 8 अगस्त तक स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी निर्माण कार्यशाला और सैनिकों-पुलिसकर्मियों को आभार पत्र भेजने जैसे कार्यक्रम होंगे।

दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त तक तिरंगा मेला, तिरंगा महोत्सव, भक्ति तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट और बाइक/साइकिल रैली आयोजित की जाएंगी। तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक शासकीय भवनों, कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

डीएम ने सभी विभागों को सौंपे गए कार्यों की कार्ययोजना बनाकर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ हिमांशु गुप्ता, एएसपी, सभी एसडीएम, सीएमओ, पीडी ग्राम्य विकास, डीपीआरओ, बीएसए सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



हर घर तिरंगा अभियान तैयारी बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी।

### जनशिकायतों के समाधान में बलरामपुर को तीसरा स्थान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बलरामपुर ने प्रदेश भर में मिसाल कायम की है। जुलाई की आईजीआरएस रैंकिंग में जिले को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। डीएम पवन अग्रवाल के नेतृत्व में जनशिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उनके द्वारा की जा रही नियमित समीक्षा बैठकों, विभागीय समन्वय से जनसुनवाई प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। डीएम ने इस सफलता पर समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए निर्देश दिया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करें।

**आस्था**

सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवमय रहा बलरामपुर

# शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हल्की बूंदाबांदी के बीच भी श्रद्धालु ब्रह्ममुहूर्त से ही जलाभिषेक व रुद्राभिषेक के लिए मंदिरों के बाहर कतारबद्ध हो गए। मंदिरों में हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

शहर के प्रसिद्ध शिवालयों झारखंडी मंदिर, शिवगढ़ धाम पचपेड़वा, झारखंडेश्वर नाथ महादेव मंदिर धर्मपुर , कल्पेश्वर नाथ महादेव राजापुर भरिया,काली मंदिर स्थित शिवालय ड्योढी, भगवतीगंज शिव मंदिर सहित जिले के तमाम शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें सुबह से देर शाम तक लगी रहीं।



झारखंडेश्वर महादेव मंदिर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु।



बोल बम का जयकारा लगाते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### अयोध्या से 60 किमी नंगे पांव 3 घंटे 40 मिनट में पहुंचे भक्त

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** सावन के चौथे सोमवार को श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में डाक बम कांवरिया संघ का जत्था अयोध्या धाम से नंगे पांव रवाना हुआ। शिवभक्तों ने 60 किलोमीटर की कठिन यात्रा केवल 3 घंटे 40 मिनट में पूरी कर श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, शिव का जलाभिषेक किया।

## 46 पुलिसकर्मी किये गये लाइन हाजिर

● 3 उपनिरीक्षक, 18 मुख्य आरक्षी और 25 आरक्षी शामिल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने जनहित और प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले के 46 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइनहा जिर कर दिया है।

लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों में 3 उपनिरीक्षक, 18 मुख्य आरक्षी और 25 आरक्षी शामिल हैं। यह कार्रवाई अनुशासन और कार्य निष्पादन में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई है।

# यूरिया के लिए तरस रहे किसान

संवाददाता, गैसड़ी बलरामपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जहां फसलें लहलहा रही हैं, वहीं यूरिया खाद की भारी कमी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। धान और गन्ने की खेती के लिए इस समय यूरिया आवश्यक है, लेकिन किसान खाद के लिए लाइन में खड़े होकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं।

गैसड़ी और पचपेड़वा ब्लॉक में खाद की भारी किल्लत है। कई जगहों पर सुबह 5 बजे से ही किसान लाइन में लग रहे हैं, लेकिन 100-150 बोरी खाद कुछ ही घंटों में खत्म हो जाती है। भोजपुर चौराहे पर 500 से अधिक किसान लाइन में लगे रहे, लेकिन 400 से ज्यादा को खाली हाथ लौटना पड़ा। कई दुकानों पर किसानों से खतौनी और आधार की कॉपी भी मांगी जा रही है।

किसानों ने मांग की है कि सरकारी और प्राइवेट दुकानों पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिला कृषि अधिकारी से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन जवाब नहीं मिला।



समिति पर यूरिया खाद पाने के लिए कतारबद्ध किसान। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### राप्ती पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश रोका

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज-ढेबरुआ मार्ग स्थित राप्ती पुल में गंभीर तकनीकी खामियों की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए डीएम ने भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अभियंताओं व विभागीय अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट तलब की और सुरक्षा की दृष्टि से एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिये। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जब तक पुल की पूरी तकनीकी जांच नहीं हो जाती और उसे सुरक्षित घोषित नहीं किया जाता, तब तक भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

### बाइक की डिग्गी से कट्टा बरामद, केस

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल की 43वीं वाहिनी के जवानों व खुनुवां पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति की बाइक की डिग्गी की तलाशी लेने पर 315 बोर का कट्टा बरामद किया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम बहेतू पुत्र तमेसर है जो सफाई मीं हैं। वह शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम का रहने वाला है। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि रविवार की सायंकाल खुनुवां एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम अटकोनिया चौराहा के पास तस्करों की धरपकड़ के लिए चेकिंग की जा रही थी कि अटकोनिया के पास एक व्यक्ति बाइक लेकर कहीं जा रहा था। पुलिस देख वह भागने लगा। इस पर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसकी बाइक की डिग्गी में रखा 315 बोर का कट्टा बरामद हुआ।

# पत्नी की हत्या कर निर्माणाधीन पुस्तकालय में दफनाया शव

## बिहार के रामनगर की रहने वाली थी मृतका, जांच में जुटी पुलिस

**रिश्ते का खून**

संवाददाता सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में निर्माणाधीन लाइब्रेरी की मिट्टी में दफन 30 वर्षीय एक महिला का शव सोमवार की दोपहर खोदकर निकाला गया। बिहार की रहने वाली नींबू माझी नामक महिला अपने पति के साथ उसी लाइब्रेरी के निर्माण कार्य में बतौर मजदूर काम करती थी। इस मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद पति शिवकुमार फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है।

बताया गया कि शोहरतगढ़ के दशरथनगर वार्ड में बनाई जा रही लाइब्रेरी से उठती दुर्गंध महसूस कर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्गंध वाले स्थान की खुदाई कराई तो वहां से एक 30 साल की महिला की लाश मिली। काम कराने वाले ठेकेदार के लोगों ने उसे फौरन पहचान लिया। महिला लाइब्रेरी निर्माण में काम कर रहे मजदूर शिवकुमार की पत्नी नींबू माझी की थी। वे दोनों बिहार के रामनगर के रहने वाले थे और यहीं रह कर मजदूरी करते थे।

नींबू माझी की लाश मिलने पर पुलिस ने उसके पति शिव कुमार की तलाश की लेकिन वह फरार है। उसके आवास के आसपास के लोगों ने बताया कि पति और पत्नी 29 जुलाई से ही नहीं देखे जा रहे हैं। यह पता चलते ही पुलिस समझ गई कि 28 जुलाई को लाइब्रेरी में मिट्टी पटाई के बाद रात में किसी समय नींबू की हत्या कर शव को मिट्टी में दबा दिया गया होगा। फिलहाल शोहरतगढ़ पुलिस ने इस मामले में शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि शिवकुमार ने अपनी पत्नी की हत्या क्यों की। अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या अवैध संबंधों के चलते हुई होगी।

इस बारे में सीओ शोहरतगढ़ सुजीत कुमार राय ने बताया कि पुलिस शिवकुमार की तलाश में बिहार जाने की तैयारी कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही पूरी स्थिति साफ होगी।

### सोनफेरवा में करंट से युवक की गई जान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र गोल्हौरा अंतर्गत सोनफेरवा बुजुर्ग निवासी 21 वर्षीय मनोज की शनिवार सुबह करंट से मौत हो ई। वह घर के नल पर लगे मोटर पंप को ठीक कर रहा था। बिजली जाने के बाद जब मनोज का छोटा भाई घर के अंदर आया तो उसे घटना की जानकारी हुई। आसपास के लोगों की मदद से मनोज को चिकित्सालय बांसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मनोज दो भाई और एक बहन में से एक था। उसकी शादी तय हो गई थी। चार साल पहले पिता की मृत्यु के बाद से परिवार की सारी जिम्मेदारी मनोज पर थी। वह घर के बाहर पान-गुटखा की दुकान चलाता था और उसी से परिवार का भरण-पोषण होता था।

# चोरी के माल समेत तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले की खेसरहा थाना पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी किए गए पीतल के दो दर्जन से अधिक बर्तनों को बरामद किया है। नकबजनी करने वाले इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर खेसरहा के बनौली जाने वाले रास्ते पर उस वक्त की गई जब वे एक और चोरी की वारदात की योजना बना रहे थे। पकड़ में आए बद्री विशाल मिश्रा, आदित्य मिश्रा और गोविंद खेसरहा थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि पिछले दिनों से खेसरहा थाना क्षेत्र में नकबजनी कर चोरी की घटनाओं में वांछित इन तीनों चोरों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। उनसे 17 फूल की थाली, पांच फूल धातु के लोटे, चार कटोरे और एक मोबाइल बरामद किया गया है। बद्री विशाल और आदित्य के खिलाफ खेसरहा थाने में आधे दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।



रक्षाबंधन पर बहनों के लिए चलाई जाने वाली रोडवेज बसें। अमृत विचार

### रक्षाबंधन पर बहनों को मुफ्त यात्रा की सौगात

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर शासन ने महिलाओं को मुफ्त यात्रा का तोहफा दिया है। सरकार के इस फैसले से महिलाओं में हर्ष है। परिवहन निगम इस बार जिले के प्रमुख मार्गों समेत गोरखपुर व बस्ती रूट पर अतिरिक्त बस संचालन करने की तैयारी में है। इन सभी रूटों पर लगभग 20 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। शासन के निर्देश पर रक्षाबंधन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जिले के डिपो में इस समय 43 बसें हैं। जरूरत के अनुसार गोरखपुर डिपो से अतिरिक्त बसें भेजी जाएंगी। बसों का संचालन भोर से शुरू होगा। आठ अगस्त की मध्य रात्रि से ही महिलाओं के लिए बसें नि:शुल्क हो जाएंगी। सुविधा नौ अगस्त की मध्य रात्रि तक लागू रहेगी। रेखा, अनुपमा और प्रियंका गुप्ता ने बताया कि बसों में मुफ्त सुविधा होने से भीड़ बढ़ने पर कई बार महिलाओं को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ती थी। एआरएम विजय कुमार ने बताया कि महिलाओं को सहूलियत दी जाएगी।

# सांसद जगदंबिका पाल ने की ट्रेनों की मांग

संवाददाता सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सांसद जगदंबिका पाल ने गोरखपुर-सिद्धार्थनगर-गोंडा रेलमार्ग पर वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों की मांग की है। पूर्वांचल के लाखों यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग को लेकर लोकसभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया। सांसद ने 377 नोटिस के माध्यम से गोरखपुर-आनंद नगर-सिद्धार्थनगर-बढ़नी-बलरामपुर-गोंडा रेलमार्ग पर यात्री सुविधाओं की कमी की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया।

उन्होंने कहा कि यह रेल मार्ग गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच और महाराजगंज जैसे जिलों के करोड़ों लोगों के लिए जीवन रेखा के समान है। बावजूद इसके इस मार्ग पर तेज गति और आधुनिक ट्रेनों की अत्यधिक कमी है जिससे स्थानीय नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार जैसे क्षेत्रों में परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आने वाले वर्षों में प्रस्तावित 100 अमृत भारत, 50 नामो भारत और 200 वंदे भारत ट्रेनों में से कुछ को इस क्षेत्र की सेवा में प्राथमिकता से चलाया जाए।

# मैटेरियल रजिस्टर न मिलने पर भड़के डीएम

संवाददाता सिद्धार्थनगर



विकासखंड मिठवल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय मिठवल का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र पंचायत के कार्यों का अनुदान पंजिका भाग-तीन का अवलोकन किया। जिगना विनय सिंह के घर से पश्चिम गेट तक इंटरलाकिंग कार्य की पत्रावली देखी। पत्रावली में लैकलांग न होने पर नाराजगी जताई। निर्देश दिया कि तीन लाख से अधिक के कार्य सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्य का निरीक्षण करेंगे तथा पांच लाख से ऊपर के कार्यों का निरीक्षण बीडीओ करेंगे। राज्य वित/केंद्र आयोग द्वारा असनार में रामजानकी मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण की पत्रावली देखी। डीएम ने मस्टर रोल रजिस्टर भी देखा। पक्का काम का मैटेरियल रजिस्टर न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि एपीओ विनोद कुमार जायसवाल का स्पष्टीकरण प्राप्त करें। ग्राम पंचायतों में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं केंद्रीय वित आयोग पंचम राज्य वित आयोग एवं अन्य योजनाओं के तहत कराए गए कार्यों का मास्टर रजिस्टर, ग्राम पंचायत भरतना वर्ष 2025-26 में नवनिर्माण अन्नपूर्णा भवन व्यय, किये गये भुगतान को दर्ज न किये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीसीएल रजिस्टर, आरईएफ रजिस्टर भी देखा।

# स्तनपान शिशुओं के लिए है संपूर्ण आहार

संवाददाता गोरखपुर



विश्व स्तनपान सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं और महिलाएं।

**अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने सोमवार को विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय की ओपीडी परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्राओं ने जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। इस वर्ष के विषय "स्तनपान को प्राथमिकता दें सतत समर्थन प्रणाली बनाएं के अंतर्गत उन्होंने स्तनपान की प्राथमिकताओं जैसे जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरुआत, छह माह तक केवल स्तनपान और परिवार एवं स्वास्थ्य कर्मियों के समर्थन को दर्शाया। नाटक में माताओं को आने वाली सामाजिक व पारिवारिक चुनौतियों तथा उन्हें दूर करने के उपायों को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक के उपरांत छात्राओं ने चार्ट पेपरों की सहायता से स्तनपान से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया।

उन्होंने स्तनपान की परिभाषा, उद्देश्य, लाभ, तकनीक और महत्व को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। बताया गया कि स्तनपान शिशु के लिए पूर्ण आहार है जो न केवल पोषण देता है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। तकनीकों में सही लैचिंग, आरामदायक स्थिति और डकार दिलाने की प्रक्रिया को समझाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था जनसमुदाय में स्तनपान के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा एक सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना जिससे माताएं सहजता से स्तनपान करा सकें। कहा गया कि स्तनपान कराने से जहां बच्चे को संपूर्ण आहार मिलता है वहीं माताएं भी स्वस्थ रहती हैं। कार्यक्रम का आयोजन बीएससी नर्सिंग सातवीं सेमेस्टर की छात्राओं, शिक्षिकाओं सुमन यादव, रिंकी सिंह व डॉ. शालिनी के मार्गदर्शन में हुआ।

# नगर प्रशासन पर आरोप बिना पैमाइश तोड़ी दीवार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत डुमरियागंज के वार्ड पांच राजेंद्र नगर निवासी कादिर ने नगर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि उनकी बाउंड्रीवॉल नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बिना किसी पैमाइश तोड़ दी। पीड़ित ने नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बारे में दर्जनों प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अब तक न तो कोई सुनवाई हुई और न ही कोई संतोषजनक जवाब ही मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को पहले निष्पक्ष पैमाइश करानी चाहिए थी लेकिन बिना कानूनी प्रक्रिया कार्रवाई की गई।

इस मामले में जब जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. से बात की गई तो उन्होंने कहा प्रकरण की जानकारी मेरे संज्ञान में है उसमें हमने ईओ को निर्देशित किया था। तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित एसडीएम की जानकारी में भी है। वहां तीन फीट छोड़कर इनको वहां कार्य करना था। तीन बार जांच हुई और जांच के आधार पर कार्यवाही सही हुई है।



धान के लिए वरदान साबित हुई बारिश। अमृत विचार

### झमाझम बारिश फसलों के लिए बनी संजीवनी

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** सावन के अंतिम सप्ताह में रविवार से हो रही झमाझम बरसात से जहां एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है वहीं इस अमृत वर्षा से किसानों को संजीवनी भी मिल गई। 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी से भी निजात मिली है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि अभी जिले में भारी बरसात होने की संभावनाएं हैं। उधर, बारिश ने नगरपालिका से लेकर नगर पंचायत के जल निकासी का पोल खोलकर रख दी। शहर से लेकर गांव तक जलजमाव और कीचड़ ही कीचड़ दिखाई दे रहा है। रविवार से लेकर सोमवार तक पूरे दिन बारिश होती रही। नगर पंचायत कपिलवस्तु नगरपालिका बांसी के सड़कों पर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। नालियों का पानी रोड बहने के करण राजगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# रेलवे यात्रियों के लिए कल से चलाएगी विशेष ट्रेन

संवाददाता गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05575/05576 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन सहरसा से 06 एवं 13 अगस्त, 2025 बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 05 एवं 12 अगस्त, 2025 मंगलवार को 02 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05575 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी 06 एवं 13 अगस्त, 2025 बुधवार को सहरसा से 20.00 बजे प्रस्थान कर गढ़ बरुआरी से 20.22 बजे, सुपौल से 20.47 बजे, सरायगढ़ से 21.45 बजे, निर्मली से 22.02 बजे, घोघरडीहा से 22.15 बजे, झंझारपुर से 22.37 बजे, सकरी से 23.02 बजे, दूसरे दिन दरभंगा से 00.05 बजे, जनकपुर रोड से 00.47 बजे, सीतामढ़ी से 01.35 बजे, बैरगनिया से 02.12 बजे, रक्सौल से 03.20 बजे, नरकटियागंज से 04.30 बजे, बगहा से 05.02 बजे, कप्तानगंज से 08.22 बजे, गोरखपुर से 09.50 बजे, बस्ती से 10.50 बजे, गोंडा से 12.15 बजे, सीतापुर से 15.45 बजे, शाहजहाँपुर से 18.00 बजे, बरेली से 19.05 बजे छूटेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संवाददाता सिद्धार्थनगर



सावन के अंतिम सोमवार को मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़।

**अमृत विचार।** सावन के अंतिम सोमवार को शहर से लेकर गांव तक शिवालियों में कांवड़ियों और शिव भक्तों का भारी रेला उमड़ा। भक्त सुबह से ही कांवर में जल भरकर शिवालियों में जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

जनपद मुख्यालय के मां सिंहेश्वरी देवी के प्रांगण में स्थित शिव मंदिर, बिलैया स्थित शिव मंदिर, भारत भारी स्थित शिव मंदिर, उसका बाजार महादेव शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। भारत-नेपाल सीमा के मां पलटा देवी, रामगढ़ स्थित शिव मंदिर, महामाया परिसर स्थित शिव मंदिर तथा जनपद मुख्यालय से छह किमी दूर सेमरा शिव मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से देर रात तक ओम नमः शिवाय की गूंज से शिवालय तथा आसपास के प्रांगण का वातावरण गुंजायमान होता रहा।

**धूमधाम से निकली कलशयात्रा :** सावन माह में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर उसकेश्वर महादेव उसका बाजार में श्री रुद्र महायज्ञ के लिए धूमधाम से कलशयात्रा निकाली गई। आयोजक मंडल के पदाधिकारी दिनेश मोदनवाल की अगुवाई में सोमवार सुबह भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई। कलश यात्रा सुभाष नगर, आद्या नगर, परती आदि स्थानों पर होते हुए कूड़ा नदी के दुख्खी मांझी घाट पर कलश भरने के लिए पहुंची। विधि विधान से महिलाओं ने कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल के लिए वापसी की।

इस अवसर पर प्रत्येक दिन शाम को वृंदावन धाम से आए कथावाचक आचार्य आलोकानंद जी महाराज की कथा होगी। कथा की पूर्णाहुति आठ अगस्त को होगी। नौ को शिवशक्ति जागरण ग्रुप द्वारा भजन-कीर्तन तथा 10 अगस्त को भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें भक्त पहुंचेंगे।

# पूर्वोत्तर रेलवे को 57.85 करोड़ रुपये की हुई आय

संवाददाता गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन स्क्रैप निस्तारण के क्षेत्र में निरन्तर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है। स्क्रैप निस्तारण से रेल राजस्व की प्राप्ति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को गति मिली है। स्क्रैप निस्तारण के परिणामस्वरूप रेल परिसर एवं रेल लाइनों के किनारे पड़ी निराकृत सामग्रियों के निस्तारण से ये स्थल स्वच्छ एवं साफ-सुथरे हो रहे हैं। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में माह जुलाई, 2025 तक 'मिशन ज़ीरो स्क्रैप' के तहत स्क्रैप निस्तारण से रू. 57.85 करोड़ की आय हुई है तथा माह जुलाई, 2025 में स्क्रैप निस्तारण से रू. 16.28 करोड़ की आय हुई है। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत रेल परिसरों तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े हुये निष्प्रयोज्य सामग्री, परित्यक्त इमारतों एवं आवासों की पहचान कर निस्तारण किया गया है, जिससे रेल राजस्व प्राप्त होने के साथ ही रेल परिसर तथा रेल पटरियों को स्वच्छ रखने में भी सफलता मिली है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# 3 फेज में मनेगा हर घर तिरंगा अभियान

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मनाए जाने के मद्देनजर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान तीन फेज में मनाई जाएगी। 02 से 08 अगस्त तक सभी विद्यालयों की दीवारों एवं बोर्ड की तिरंगा सजावट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाने की कार्यशाला, सैनिकों और पुरुष कर्मियों को आभार पत्र, तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। 9 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव मेला जन भागीदारी के साथ तिरंगा महोत्सव का आयोजन, विभिन्न विभागों द्वारा तिरंगा प्रदर्शनी, सेल्फी बूथ एवं सेल्फी अपलोड करना तिरंगा यात्रा, तिरंगा की बिक्री एवं वितरण का प्रबंधन होगा। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी शैक्षिक संस्थानों, सरकारी भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, आदि पर तिरंगा लाइटिंग झंडा रोहण शेल्फी अपलोड किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्यौहार के रूप में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा की आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान का भाव, राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का भाव उत्पन्न करने एवं राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास के परिचित कराने का कार्य हम सभी को करना होगा।

विगत वर्ष की भांति हर घर तिरंगा अभियान देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर मनाया जायेगा। 15 अगस्त को सभी सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों आदि पर झण्डा रोहण किया जाएगा। शासन की मंशा अनुरूप सभी विभाग मिलकर इस अभियान को सफल बनाने हेतु सम्मिलित प्रयास करें। इसके लिए 08 लाख झण्डा स्वयं सहायता समूहों द्वारा आपूर्ति की जाएगी।



छोटी गंडक नदी के सतगुड़ही स्थान पर हो रही कटान। अमृत विचार

### छोटी गंडक नदी पर हो रही कटान से सहमे ग्रामीण

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार।** छोटी गंडक नदी के किनारे मां सतगुढही स्थान पर हो रहे कटान से ग्रामीण परेशान हैं। बता दें कि छोटी गंडक नदी किनारे मां सतगुढही स्थान पर पर लाखों रुपए खर्च कर कटान रोकने के लिए मरम्मत कार्य कराया गया है लेकिन कटान तेज हो गई है जिससे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सूचना पर पहुंचे हाटा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कटान का निरिक्षण किया और गंडक विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए कटान को सही कराने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सिंह, दिपू सिंह, मनोज कुमार, महेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, सुदामा, रामनरेश यादव, सुनील कुमार, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड बनाने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार।** अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना रविन्द्रनगर धूस तथा साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड बनाने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 8 लैपटॉप,6 मल्टीमीडिया व एंड्रॉयड मोबाइल फोन,10 कूट रचित सरकारी मुहरें, 19 फर्जी आधार कार्ड, 15 कूट रचित जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जिसका सरगना मोहन कुमार गौड़ है। यह गिरोह सीएसी सेंटर की आड़ में अपराध करता है। सक्रिय सदस्यो दिलीप कुमार चौधरी,रजवन्त गुप्ता, असफाक अंसारी, और सोनू कुमार यादव उक्त सभी अपराधी जनपद कुशीनगर के निवासी हैं जो साथ मिलकर ये लोग जन्म प्रमाण पत्रों के क्यूआर कोड को स्कैन कर मूल दस्तावेजों को हैक करता है। इसके बाद डेटा में हेरफेर कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड तैयार किए जाते हैं। यह गिरोह व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए भोले-भाले लोगों से संपर्क करता है और त्वरित प्रमाण पत्र के नाम पर फोनपे के माध्यम से अधिक धन वसूलकर कूट रचित दस्तावेज प्रदान करता है। पुलिस मुकदमा दर्ज अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में ओमप्रकाश तिवारी, मनोज पंत, जीत बहादुर यादव, महेन्द्र यादव, अभय कुमार राय, भारत विशाल, राधेश्याम यादव, विमल कुमार, अमरनाथ सरोज, शुभेन्द्र उपाध्याय थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

# अमृत विचार

मंगलवार, 5 अगस्त 2025






"दु:ख को दूर करने की एक ही औषधि है – मन से दुखों की चिंता न करना।"

## राहुल को नसीहत

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने बयानों के कारण न सिर्फ अपने लिए बल्कि अपनी पार्टी के लिए भी लगातार परेशानी खड़ी करते रहते हैं। अक्सर ऐसा होता है कि केंद्र की भाजपा सरकार या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने में वह लक्ष्मण रेखा पार कर जाते हैं, और भाजपा को यह कहने का मौका मिल जाता है कि मोदी का विरोध करने में राहुल गांधी देश के खिलाफ चले जाते हैं, या अपमानजनक शब्दावली का प्रयोग करते हैं। ताजा मामला उनके भारतीय सीमा में चीन के कब्जे वाले बयान का है। इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया गया कि 'अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।' राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए शीर्ष अदालत का यह कहना कि 'आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीनियों ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? आप विपक्ष के नेता है, संसद में बात कहें, बिना किसी सबूत के सोशल मीडिया में ऐसा क्यों कहते हैं।' वास्तव में कांग्रेस नेता को आईना दिखाने जैसा है। इससे पहले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया था कि वह मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और लोकसभा चुनावों में वोट चोरी में शामिल है, और उनके पास इसके पुख्ता सबूत हैं, जिसे खारिज करते हुए चुनाव आयोग ने उनके दावों को बेबुनियाद और गैर-जिम्मेदाराना बताया था। आयोग का कहना था कि जब हम राहुल गांधी को आपत्ति दर्ज कराने के लिए बुलाते हैं, तो वह नहीं आते हैं, और अब तो धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

विगत दिनों मोदी विरोध के चलते ही राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत की इकॉनामी को डेड बताने वाले बयान को भी सही बता दिया था। इसी तरह ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीज फायर करने को लेकर राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'सरेंडर मोदी' कहकर बुलाने लगे थे। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। इस नाते लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष के कामकाज पर निगरानी रखना और देश हित में तमाम मुद्दों पर विरोध प्रकट करना उनका स्वाभाविक अधिकार है, इससे किसी को इंकार नहीं होना चाहिए। लेकिन मुद्दों पर विरोध जनता और देश के हित में अथवा राजनीतिक या पार्टी लाइन के कारण होना चाहिए। कोई भी विरोध सिर्फ इसलिए नहीं हो सकता है कि बात सही हो या गलत, हमें तो विरोध ही करना है। राहुल गांधी का ट्रैक रिकॉर्ड व्यक्तिगत रूप से मोदी विरोध वाला लगता है, चाहे 2019 के चुनाव में 'चौकीदार चोर है' जैसा नारा उछालने का मामला रहा हो, या विदेशी जमीन से भारत में डर का माहौल और लोकतंत्र पर खतरे की बात कहकर तानाशाही की आशंका जताना। इस परिदृश्य में ऐसा लगता है कि तमाम सलाह और नसीहत के बावजूद जैसे उन्हें देश की छवि खराब होने की भी परवाह नहीं है।

### प्रसंगवश

## ट्रंप का ट्रंपेट और दर्द का रिश्ता

अमेरिका की अपनी अर्थव्यवस्था की बात करें तो 2025 के लिए उसका प्रोजेक्टेड रीअल जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 1.8 प्रतिशत है। अमेरिका आज भी कई बार जिसके गुलाम की तरह व्यवहार करता है, उस यूनाइटेड किंगडमका ग्रोथ रेट केवल 1.1 प्रतिशत रह गया है। रशियन फेडरेशन का 1.5, जापान का 0.7, जर्मनी का 0.4 और चीन का 4 प्रतिशत है। इन हालात में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अकेला भारत है जिसका प्रक्षेपित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत है। भारत विश्व की पांचवीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यहां तक अमेरिका किसी तरह पचा लेता, अगर भारत अमेरिका का पिछलग्गू बना रहता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 2014 के बाद के भारत ने अमेरिका को हर तरह से उसकी औकात बताई है और सीधे न सही तो प्रकारांतर से उसकी हदों में रहने के लिए कहा है। किरना हिल्स पर निशाना साधकर भारत ने केवल पाकिस्तान की छाती ही नहीं, अमेरिका के गाल पर भी तमाचा मारा है। सबसे हाइटेक, एडवांस और कटिंग एज बताए जाने वाले लड़ाकू विमान एफ 35 को जिस तरह केरल में उतारा गया और अमेरिका व यूके के इंजीनियर लाख कोशिशों के बावजूद उसे साबुत उड़ाकर नहीं ले जा सके, आखिरकार महीनों वहां खड़े रहने के बाद जिस तरह उसे टुकड़ों-टुकड़ों में काट-काट कर ले जाना पड़ा, वह अमेरिका के गाल पर भारत का दूसरा तमाचा था। इस सब के बाद ट्रंप ने अगर भारत को मरी हुई अर्थव्यवस्था कहा है, उस अर्थव्यवस्था को जो पिछले 11 साल में 10वें नंबर से सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते चौथे नंबर की दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, तो यह बयान किसी राष्ट्राध्यक्ष की चिंता कम और हारे हुए जुआरी की कुंठा ज्यादा जाहिर करता है। यह बात अब जगजाहिर है।



इष्ट देव सांकृत्यायन

वरिष्ठ पत्रकार

ट्रंप की इस निहायत वाहियात बात का अनुमोदन वह राहुल गांधी कर रहे हैं जिनकी अपनी सरकार अमेरिका के वीजा को इतनी बड़ी चीज मान बैठी थी कि उसके लिए भारत की संप्रभुता गिरवी रख आई थी। बराक ओबामा के राष्ट्रपति रहते मोदी को अमेरिकी वीजा न दिए जाने का जो अनुरोध किया गया था, उस पर कुल 65 सांसदों के हस्ताक्षर बताए गए थे और उनमें अधिकतर इनके ही थे। दो-चार बाहरी लोगों में से एक सीताराम येचुरी ने तो मना कर दिया था।

जीओ पॉलिटिक्स को समझने वाले जानते हैं कि नरेंद्र मोदी आज ट्रंप के लिए अनकंट्रोलबल हो चुके है। नरेंद्र मोदी के अनकंट्रोलबल होने का अर्थ है भारत का अनकंट्रोलबल होना। मोदी ने वर्षों से अमेरिकी फैसलों को धता बता कर ये बताया है कि हम अपने फैसले खुद करते हैं। हमारे रास्ते में तुम न आओ। तुम उतना ही मतलब रखो, जितना एक देश को दूसरे देश से रखना चाहिए।

ट्रंप के लिए ये बर्दाश्त के बाहर है। मौलिक रूप से बदमिजाज अमेरिका भूल नहीं सकता कि भारत वही देश है जिसके नेताओं के लिए अमेरिकी वीजा जैसी मामूली चीज इतनी बड़ी उपलब्धि थी कि वह इसका उपयोग अपने एक लोकप्रिय राजनेता को बेवजह अपमानित करने के लिए कर रहा था। आज वह भारत उसकी धमकियों के बावजूद रूस से कच्चा तेल खरीदता है। एक झटके में उसके खटारा लड़ाकू विमान का सौदा रद कर देता है। उसके कबाड़ा अस्त्र-शस्त्र खरीदने से मना कर देता है। टैरिफ की उसकी धमकियां धरी रह जाती हैं। वह अपने लिए पहले से ही कई बाजार तलाश कर बैठा है। यह सब ट्रंप को वास्तव में डरा रहा है। यह डर उनके अपने देश के भीतर भी दिख रहा है।

राहुल जी दर्द का अपना हर रिश्ता शौक से निभाएं। लेकिन दर्द की यह रिश्तेदारी निभाने में इतना खयाल तो रखें कि विरोध नरेंद्र मोदी का करें, भाजपा का करें, वामपंथियों की तरह भारत का अशुभचिंतक होने की अपनी छवि पुख्ता न कर लें। रही-सही कसर एटीएस अधिकारियों के खुलासे निकाल दे रहे हैं। राहुल जीअब कम से कम भारत का दुश्मन होने की छवि पुख्ता करने पर न तुल जाए। यह न तो राहुल जी के लिए ठीक होगा, न कांग्रेस के लिए और न ही भारत के लिए। विपक्ष के तौर पर देश को एक पार्टी की जरूरत हमेशा रहेगी। मजबूत विपक्ष न होने का ही परिणाम इमरजेंसी थी। कोई सरकार दुबारा तानाशाह न बने, इसके लिए भारत को एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता आज भी है। क्या राहुल गांधी से यह उम्मीद की जा सकती है? अमेरिका तो खैर, ढलान की ओर बढ़ ही चुका है।

# अमेरिका की बेचैनी और ट्रंप के टैरिफ के निहितार्थ






अनिल यादव

वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राजनीति में आने के समय से ही कुछ झक्की और दक्षिणपंथी अतिवादी माना जाता रहा है लेकिन वह इन दिनों मध्ययुग के किसी राजा की तरह व्यवहार करते दिखाई दे रहे हैं जिसकी इच्छा ही कानून हुआ करती थी। यह अतिरेक दुनिया के देशों पर टैरिफ लगाने, मनमाने तरीके से दरें बढ़ाने-घटाने और इस ओट में दूसरे मकसद पूरे करने के रूप में दिखाई दे रहा है। बाकी दुनिया को छोड़ भी दें तो इसे भारत और पाकिस्तान के उदाहरणों से ही अच्छी तरह समझा जा सकता है।

दोनों देशों के बीच लघु-युद्ध के बाद ट्रंप पचीस से अधिक बार युद्ध विराम का श्रेय लेने की सार्वजनिक कोशिश कर चुके हैं जिस पर अनगिनत कार्टून बने लेकिन इसी बीच पाकिस्तान के तेल भंडारों पर अमेरिकी नियंत्रण का सौदा हो चुका है और भारत पर मनमाने ढंग से पचीस फीसदी का टैरिफ लगाया जा चुका है। भारत पर इसके साथ रूस से तेल खरीदने के लिए जुर्माना भी लगाया गया है। यह राजनीति ऊपर से मनोरंजक लगती है लेकिन इसके निहितार्थ खतरनाक और गहरे हैं।

> आज का अमेरिका दुनिया से नाराज है क्योंकि वह उसे लूट रही है। ट्रप के लिए राजनीति का मतलब शुद्ध व्यापार है, ऐसा लग रहा है कि वह अमेरिका का व्यापार संभालने के लिए ही इस पद पर आए हैं, उनके शब्दों में अमेरिका ने दूसरे देशों के निर्यात पर टैरिफ लगाकर इस लूट की दिशा को उल्टा कर दिया है।

अगर ये कारनामें सिर्फ एक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की झक का नतीजा हैं तो कोई चिंता की बात नहीं है क्योंकि एक दिन वह राष्ट्रपति नहीं रहेंगे और सबकुछ पहले जैसा हो जाएगा। इसका कारण यह होगा कि ट्रंप अमेरिका नहीं हैं। लेकिन दिखाई दे रहा है कि ट्रंप की मनमानी नीतियों को लेकर अमेरिका के लोकतंत्र में कोई बहस नहीं है, सारी संस्थाएं अपने राष्ट्रपति के पीछे खड़ी दिखाई दे रही हैं। सबसे खतरनाक बात यही है क्योंकि अमेरिका खुद को सबसे बड़ा लोकतंत्र और दुनिया में नियम आधारित व्यवस्था का रखवाला मानता है। अब तक टैरिफ विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के नियमों-विनियमों की व्यवस्था के अनुसार इस्तेमाल किए जाते थे जिनकी समीक्षा होती थी, विसंगतियों की अपील की जा सकती थी। अब इस व्यवस्था को धता बता दी गई है। दशकों से चली आ रही पुरानी व्यवस्था में अमेरिका के हित अच्छी तरह सध रहे थे लेकिन अब संकट बड़ा है इसलिए नियम-कानूनों की परवाह बंद कर दी गई है।

आज का अमेरिका दुनिया से नाराज है क्योंकि वह उसे लूट रही है। ट्रप के लिए राजनीति का मतलब शुद्ध व्यापार है, ऐसा लग रहा है कि वह अमेरिका का व्यापार संभालने के लिए ही इस पद पर आए हैं, उनके शब्दों में अमेरिका ने दूसरे देशों के निर्यात पर टैरिफ लगाकर इस लूट की दिशा को उल्टा कर दिया है। पुरानी नियम आधारित व्यवस्था की अवहेलना सिर्फ अर्थव्यवस्था में नही राजनीतिक मामलों में भी धड़ल्ले से की जा रही है जो इस बात को पुष्ट करता है कि ये सब अकेले ट्रंप की बिगड़ी सोच का नतीजा नहीं है। कहने को अमेरिका हमेशा दुनिया को युद्ध के माध्यम से अत्याचार और तानाशाही से मुक्त कराने के लिए आतुर रहता है लेकिन उसने हमेशा इजरायल को संरक्षण दिया है जो हजारों फिलिस्तीनियों के नरसंहार, बच्चों को भूखा मारने और ईरान पर हमले का दोषी है। दुनिया के अधिकांश देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने वोटों के माध्यम से गाज़ा में जारी नरसंहार को समाप्त करने का आह्वान किया है, लेकिन अमेरिका ने अपने वीटो का इस्तेमाल करके इस 21वीं सदी के होलोकॉस्ट को जारी रखा है यहां अमेरिका दुनिया को बता रहा है कि वह नियम-आधारित व्यवस्था खुद तोड़ रहा है और दुनिया से जो कुछ भी पैसा निकाल सकता है निकालेगा और जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इन दिनों अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय नब्बे हजार डालर है जो भारत के प्रति व्यक्ति आय का तीस गुना से भी ज्यादा है। ऊपरी तौर पर सबकुछ ठीक ठाक चल रहा है फिर भी अपनी सामान्य लगती अर्थव्यवस्था, पारंपरिक राजनीतिक प्रभुत्व, शक्ति के बावजूद यह पागलपन क्यों किया जा रहा है। इसका कारण एक ही है और वह है चीन का लगातार आर्थिक महाशक्ति बनते जाना। आर्थिक कूटनीति के विशेषज्ञ कहने लगे हैं कि अगर दुनिया पिछले तीस सालों के ही ढर्रे पर चलती रही तो एक दशक में चीन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अर्थव्यवस्था ही सबकुछ है इसलिए उसी का राजनीतिक-सामरिक दबदबा भी होगा। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका एक सदी से अधिक समय में पहली बार दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश नहीं रह जाएगा। यह बात यूरोप के लिए अस्वीकार्य है और अपमानजनक है। तब अमेरिका लैटिन अमेरिका, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका में जो हमेशा से ताकत का प्रदर्शन करता आया है वैसा करना संभव नहीं रह जाएगा। जैसे जैसे ग्लोबल साउथ पश्चिम की बराबरी की ओर बढ़ रहा है, अमेरिका का प्रभुत्व कम हो रहा है, नियंत्रण फिसल रहा है उसी अनुपात में बौखलाहट बढ़ रही है। यही कारण है कि सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र ने नियम आधारित व्यवस्था को छोड़कर व्यापार में धमकी और ताकत का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

यह भारत के लिए सोचने का समय है कि अमेरिका के प्रभाव में फिलिस्तीन के मामले में दशकों की संस्थागत सहमति को दरकिनार कर इजरायल की तरफदारी करने से क्या हासिल हुआ, इस कूटनीतिक पैंतरे से अपनी अर्थव्यवस्था को निर्णायक चोट देने वाले टैरिफ को टाला क्यों नहीं जा सका। हमें अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बाहर जाकर ट्रंप के लिए रैलियां आयोजित करने और उनके लिए वोट मांगने की राजनीति का क्या हासिल हुआ? सबसे बड़ा प्रश्न यह कि पश्चिम और ग्लोबल साउथ की लड़ाई में उसकी जगह कहां होनी चाहिए।

### आमने



राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर चिराग पासवान ने कहा, "संदेह की यह स्थिति कौन पैदा कर रहा है? बिहार में विपक्ष के नेता के तौर पर वह प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं और शिकायत करते हैं कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। चुनाव आयोग ने तुरंत उनके दावों का खंडन किया और पूरी सूची जारी कर दी, जिसमें उनका नाम भी था।

### सामने



बिहार एसआईआर पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, "यह बहुत गंभीर मुद्दा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि विभिन्न कारणों से बिहार से 65 लाख मतदाताओं को हटा दिया गया है, और यह भी कहा कि इन 65 लाख लोगों में से 6.5 लाख मतदाता अब तमिलनाडु में पंजीकृत हैं। यह कैसे हुआ? मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि बिहार के 6.5 लाख लोग/प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु में स्थायी निवासी हैं।

# क्या परीक्षा देना छात्रों के लिए जोखिम बन चुका है



वीरेंद्र कुमार

स्वतंत्र लेखक

बीते कुछ वर्षों में भारत में आयोजित होने वाली सरकारी नौकरियों की परीक्षाएं युवाओं के लिए एक असहनीय पीड़ा बन चुकी हैं। हर साल लाखों छात्र यूपीएससी, एसएससी, नीट-यूजी, बीपीएससी, यूजीसी-नेट, आरईईटी, रेलवे एनपीटीसी जैसी परीक्षाओं में शामिल होते हैं-लेकिन इनके साथ एक और स्थायी चीज़ जुड़ गई हैः गड़बड़ी और पेपर लीक। नीट-यूजीसी 2024, जिसमें लगभग 24 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया, 5 मई को हुआ और कुछ ही दिनों में सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र वायरल होने के दावे सामने आए। बिहार के कई ज़िलों से गिरफ्तारियों और कथित 30-40 लाख तक की सौदेबाज़ी की रिपोर्टें आयीं, जिसके बाद सीबीआई ने केस दर्ज किया और जांच शुरू की। इसी तरह यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा को परीक्षा के दिन शाम को रद्द कर दिया गया, जिसमें लाखों छात्र पहले ही परीक्षा दे चुके थे।

एसएससी भी कोई अपवाद नहीं रहा। एसएससी सीजीएल 2022 में कई अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई कि आधिकारिक उत्तरकुंजी में कई प्रश्नों के गलत जवाब थे, जिससे मेरिट गड़बड़ा गई। बीपीएससी 2023 में पेपर लीक और सॉल्वर गैंग की भूमिका सामने आई। ऐसे में प्रश्न उठता है-क्या परीक्षा देना अब छात्रों के लिए जोखिम बन चुका है? एक तरफ छात्र 10-12 घंटे की मेहनत से वर्षों तैयारी करते हैं, दूसरी तरफ सिस्टम की लापरवाही से पेपर लीक, अंतिम क्षणों में परीक्षा स्थगन, तकनीकी विफलता और उत्तर कुंजी में त्रुटियां सामने आती हैं। परीक्षा देना अब योग्यता का नहीं, किस्मत का खेल बनता जा रहा है। इससे न केवल छात्रों का मनोबल टूटता है, बल्कि शासन व्यवस्था की साख भी गहराई से प्रभावित होती है। यह घटनाएं कोई छिटपुट अपवाद नहीं हैं -बल्कि एक सामूहिक और खतरनाक प्रवृत्ति बन चुकी हैं, जो देश की सबसे बड़ी पूंजी-उसके युवाओं के भविष्य को निगल रही है। सरकारी परीक्षाओं की गड़बड़ियों से सबसे ज्यादा प्रभावित वे छात्र हैं जो वर्षों की मेहनत के बाद एक अदद नौकरी की उम्मीद में बैठते हैं। उनका जीवन सालों तक कोचिंग, नोट्स, मॉक टेस्ट और मानसिक दबाव के बीच चलता है। लेकिन जब परीक्षा पेपर लीक हो जाए, या अंतिम क्षणों में स्थगित हो जाए, या उत्तर कुंजी में गलत जवाब आ जाए-तो वे सिर्फ अंकों में नहीं, आत्मविश्वास और मनोबल में भी हार जाते हैं।

> सुप्रीम कोर्ट ने 8 जुलाई 2024 को नीट मामले में सुनवाई के दौरान कहाः "अगर एक भी अभ्यर्थी का चयन अनुचित तरीके से हुआ हो, तो यह पूरे सिस्टम की साख को खतरे में डालता है।"

सुप्रीम कोर्ट ने 8 जुलाई 2024 को नीट मामले में सुनवाई के दौरान कहाः "अगर एक भी अभ्यर्थी का चयन अनुचित तरीके से हुआ हो, तो यह पूरे सिस्टम की साख को खतरे में डालता है।" यह टिप्पणी केवल एक परीक्षा नहीं, पूरे भर्ती तंत्र के लिए आईना है। सत्ता और आयोगों की जिम्मेदारी केवल परीक्षा लेना नहीं, उसके निष्पक्ष परिणाम तक पहुंच सुनिश्चित करना है। लेकिन जब संस्थाएं खुद निष्पक्षता खो बैठें, तो छात्रों के लिए न्याय दूर की बात बन जाती है। सरकारी परीक्षाओं की सबसे गंभीर समस्या है-गहराई तक फैला हुआ पेपर लीक नेटवर्क और सिस्टम की लचर निगरानी। यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि एक संगठित आपराधिक उद्योग बन चुका है। बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में हर साल ऐसे रैकेट पकड़े जाते हैं जो छात्रों से लाखों रुपए में प्रश्नपत्र बेचते हैं या सॉल्वर गैंग भेजते हैं। उदाहरण के तौर पर, नीट यूजी-2024 में पटना और हाजीपुर से जुड़े पेपर लीक मामले में अब तक कई गिरफ्तारी हो चुकी हैं, जिनमें स्कूल के प्रिंसिपल से लेकर शिक्षा माफिया तक शामिल थे। सीबीआई ने केस दर्ज किया है और जांच जारी है।

सरकारी परीक्षाओं की यह विफल प्रणाली महज़ एक प्रशासनिक समस्या नहीं-यह भारत के युवाओं के विश्वास और भविष्य का संकट है। इसे ठीक करने के लिए "विवाद होने पर कार्रवाई" की नहीं, बल्कि "पहले से तैयारी" की आवश्यकता है। सबसे पहले ज़रूरी है कि सभी भर्ती एजेंसियों का निष्पक्षता और क्षमता का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। जो एजेंसियां पहले लीक, भ्रष्टाचार या तकनीकी विफलता में पकड़ी गई हों - उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए और भविष्य में किसी भी परीक्षा से दूर रखा जाए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी जैसी संस्थाओं को केवल पेपर कंडक्ट करने तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्हें साइबर सुरक्षा, पेपर प्रिंटिंग, केंद्र निर्धारण, सर्वर लॉग्स और डेटा एनालिटिक्स तक की पूरी ज़िम्मेदारी देनी चाहिए और इनकी समीक्षा संसद की स्थायी समिति या स्वतंत्र निगरानी आयोग द्वारा होनी चाहिए। साथ ही, पेपर लीक में लिप्त व्यक्तियों पर यूएपीए या संगठित अपराध कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि लाखों युवाओं की मेहनत और लोकतंत्र की भर्ती प्रणाली पर हमला है। फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर 6 महीने के भीतर दोषियों को सजा देने की व्यवस्था होनी चाहिए। तकनीकी समाधान के रूप में, ब्लॉकचेन-आधारित प्रश्न पत्र वितरण, एआई से मॉनिटरिंग और वन टाइम रजिस्ट्रेशन सिस्टम जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। परीक्षा की टाइम वाउड प्रक्रिया, जैसे कि नोटिफिकेशन से जॉइनिंग तक अधिकतम 12 महीने में पूरी करना, एक मानक बनना चाहिए। अंततः यह मुद्दा केवल नौकरी या परीक्षा का नहीं है-यह भारत के युवा मन और लोकतंत्र के भरोसे का प्रश्न है। अगर यह भरोसा टूटा, तो आने वाली पीढ़ियां सिर्फ बेरोज़गारी से नहीं, अंधविश्वास और अवसाद से भी लड़ेंगी। इसीलिए समय आ गया है कि परीक्षा व्यवस्था को महज़ सुधारें नहीं-उसे पुनर्गठित करें।

### सामयिकी

## आधुनिकता के नाम पर साहित्य में नग्नता का प्रसार

साहित्य का मूल स्वर मानवता को ऊंचाई पर ले जाना, संवेदनाओं को परिष्कृत करना और समाज को नैतिकता तथा विचारों की दिशा प्रदान करना रहा है। किंतु आज का समय साहित्यिक परिदृश्य में एक विचित्र संक्रमण का साक्षी है, जहां आधुनिकता के नाम पर अश्लीलता और नग्नता का ऐसा प्रसार हो रहा है जो न केवल कला के मानकों को धूमिल कर रहा है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के मानस पर भी गहरा आघात कर रहा है। बीते युगों में साहित्य ने प्रेम, श्रृंगार और मानवीय देह के सौंदर्य को बड़ी मर्यादा और लाक्षणिकता से प्रस्तुत किया गया। जयशंकर प्रसाद की कामायनी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उसमें मनु और श्रद्धा का संबंध शारीरिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और मानवीय भावनाओं की ऊंचाई पर आधारित है। प्रसाद ने मानवीय कामना और प्रेम को दार्शनिक गहराई में पिरोकर ऐसा साहित्य रचा जो आत्मा को झंकृत करता है, देह को नहीं।

प्रेमचंद की कहानियों में नारी-पुरुष संबंधों की विविध परतें मिलती हैं- गोदान की धनिया या निर्मला की नायिका का संघर्ष जीवन की सच्चाइयों को उभारता है, परंतु वहां देह का नग्न चित्रण नहीं है। प्रेमचंद के शब्दों में सामाजिक यथार्थ, करुणा और नैतिक चेतना का भाव है, न कि सस्ती उत्तेजना। सूर, कबीर, रहीम से लेकर अज्ञेय और धर्मवीर भारती तक- इन सबने मानवीय प्रेम और आकांक्षाओं का गीत गाया, किंतु कला की गरिमा बनाए रखी। भारती की गुनाहों का देवता आज भी प्रेम-कथा का अद्वितीय उदाहरण है जहां चंद्रकांता और सुधा का संबंध आत्मीयता और त्याग का प्रतीक है, न कि नग्नता का।



नृपेन्द्र अभिषेक नृप

नई दिल्ली

दुर्भाग्यवश आधुनिक साहित्य का एक बड़ा हिस्सा अब विमर्श और आधुनिकता के नाम पर सीमाएं लांघने लगा है। हाल ही में कुछ चर्चित लेखकों ने पारिवारिक पत्रिकाओं में भी ऐसे अंश प्रकाशित किए जिनमें देह का खुला और अश्लील वर्णन था। इन पुस्तकों को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया और अनेक वरिष्ठ साहित्यकारों ने इसे 'साहसिक लेखन' कहकर सराहा। किंतु यही लोग अपने घर की बेटियों या परिवार की स्त्रियों के संदर्भ में मर्यादा की बात करते हैं- यह विरोधाभास साहित्यिक ईमानदारी पर प्रश्नचिह्न लगाता है। आज के डिजिटल युग में साहित्य तक बच्चों और किशोरों की पहुंच पहले से कहीं अधिक सरल हो गई है। परिवारिक पत्रिकाओं में या सर्वसुलभ किताबों में यदि अश्लील सामग्री होगी तो उसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव इन्हीं मासूम पाठकों पर पड़ेगा। मनोविज्ञान बताता है कि बाल्यावस्था में पढ़ा गया साहित्य व्यक्ति के चरित्र, सोच और सामाजिक व्यवहार का स्थायी आधार बनता है। अतीत में भी रतिकाव्य, श्रृंगारिक काव्य और कामशास्त्रीय ग्रंथ लिखे गए-कामसूत्र, घनानंद की रचनाएं, रति-रहस्य जैसी कृतियां इसका उदाहरण हैं, परंतु वे स्पष्ट रूप से वयस्क पाठन तक सीमित थीं। उस समय पारिवारिक पत्रिकाएं या सामान्य पाठ्यपुस्तकें इनसे अछूती थीं। आज यह विभाजन लगभग मिट चुका है।

आधुनिकता का अर्थ अश्लीलता या नग्नता नहीं है। यह विचारों की स्वतंत्रता, रचनात्मकता की व्यापकता और सामाजिक बंधनों से स्वस्थ मुक्ति का नाम है। साहित्य का उद्देश्य मनुष्य को आत्मिक ऊंचाई पर ले जाना है, न कि केवल उसकी वासनाओं को भड़काना। आवश्यक है कि लेखक, संपादक, प्रकाशक और आलोचक आत्ममंथन करें। साहित्य में प्रेम और देह का चित्रण पूरी तरह गलत नहीं, किंतु उसे कला, लाक्षणिकता और मर्यादा में ढालना ही वास्तविक साहित्यिक कौशल है। अन्यथा वह केवल क्षणिक उत्तेजना बनकर रह जाएगा और आने वाली पीढ़ियां साहित्य को प्रेरणा नहीं, अश्लीलता का स्रोत समझेंगी। साहित्य की अमरता उसकी आत्मा में है- वह आत्मा जो मनुष्य को संवेदनशील, संस्कारी और उदात्त बनाती है। यदि शब्दों का उपयोग केवल देह को उघाड़ने के लिए होगा तो वह साहित्य नहीं, पतन का दस्तावेज होगा। हमें यह याद रखना होगा आज के लेखक संस्कृति और संवेदनशीलता का पुनर्जागरण करें, तभी साहित्य पुनः उसी गरिमा के साथ पीढ़ियों को आलोकित कर सकेगा।

### सोशल फोरम

## धर्म और समाज

आजकल बड़ी चिंता का विषय है कि परिवार टूट रहे हैं, एकनिष्ठता का अभाव है, सामाजिक अपराध हो रहे हैं। हमेशा की तरह कोई न कोई धर्मगुरु स्त्री की यौनिकता में समस्या का समाधान ढूंढ ही लाता है। इस बार भी वही हुआ-स्त्री पढ़ लेगी, बाहर काम करेगी, आत्मनिर्भर होगी, 25 की हुई तो अपनी मर्जी से 4 प्रेम संबंध बना लेगी-धर्म और समाज फटाक से खतरे में आ जाता है। जबकि चिंता समाज और पारिवारिक ढांचे की ही हो, तो यह बात बेहतर तरीके से की जा सकती है, बिना स्त्रियों पर लांछन लगाए। इंसान कुर्सी भी खरीदता है तो 4 जगह मोलभाव करके ठोक बजा कर खरीदता है। स्त्री हो या पुरुष, विवाह से पहले 4 लोगों से मिलेगा ही। मन को भाया तो देह से वस्त्र भी उतरेंगे ही। अलबत्ता स्त्री ने ऐसा किया तो कुलटा है, मर्दों को कभी कटघरे में खड़ा नहीं किया जाता। पवित्रता की तमाम परीक्षाएं स्त्री के लिए हैं और कसौटी केवल एक, कौमार्य का अक्षत होना। किसी का अंतिम प्रेम होना ज्यादा महत्वपूर्ण है, बजाय पहला प्रेम होने के, यह छोटी सी बात ग्रहण कर पाना उन लोगों के लिए बड़ा मुश्किल है, जिनके लिए एक स्त्री सिर्फ एक "कोख" है, अथवा उसका कोई वजूद नहीं। उसकी कोई निजता, स्वतंत्रता, गरिमा नहीं, बस उसका जन्म तमाम जीवन एकनिष्ठ रहते हुए बच्चे पैदा करने के लिए हुआ है। यह वो पहली समस्या है, जो मर्दवादी मानसिकता के कभी पल्ले नहीं पड़ती।



विजय सिंह ठकुराय

दिल्ली

दूसरा सबसे बड़ा कारण भारतीय व्यवस्था में विवाह का एक कारागार सरीखा बंधन होना है-जिसमें उम्रक़ैद की सजा पाने वाले की बाहर निकल पाने की कोई उम्मीद नहीं। अव्वल तो अधिकांश लोग अपने विवाह को जीते कम-निभाते ज्यादा हैं। घुटन कितनी भी हो, समाज के लिए, बच्चों के लिए, सामाजिक दबाब में झेलते जाते हैं। कोई निकलना भी चाहें तो पत्नियां सेल्फ-डिपेंड न होने के कारण तगड़ा मुकदमा ठोकती हैं, मुआवजा वसूलती हैं। पुरूष बेचारा गुजारा भत्ता देते-देते थक जाता है। नया जमाना है तो कोर्ट जाने की बजाय हत्या की साजिशें कर विवाह से मुक्ति पाने का भी एक नया फैशन चल पड़ा है। अगर समाज में हो रहे अपराध कम करने हैं तो सबसे पहले विवाह संस्था के नियम आसान करने होंगे। स्त्रियों को पढ़ाना और सशक्त करना होगा ताकि वे अलग होने के बाद अपने पार्टनर को आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने की बजाय सम्मान से खुद जी पाएं। और सबसे अंतिम और जरूरी बात यह सीखनी है कि प्रेम जबरिया नहीं होता। कोई तुमसे तभी प्रेम कर पायेगा, जब तुम उसके प्रेम के लायक होंगे। हर बेवफाई की परिणति प्रतिशोध भी नहीं होता।

**-फेसबुक वॉल से**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

‘ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय
धीमहि, तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्’



शिव को समर्पण के साथ समाज में समता और बंधुत्व की तीर्थ यात्रा

# परशुराम और रावण से जुड़ा है कांवड़ यात्रा का इतिहास

कांवड़ यात्रा एक प्रमुख हिंदू धार्मिक यात्रा है, जो भगवान शिव के भक्तों द्वारा उनके प्रिय माह श्रावण मास में की जाती है। कांवड़ यात्रा में श्रद्धालु (जिन्हें कांवड़िये कहा जाता है) गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार, गंगोत्री, गौमुख या प्रयागराज जैसे पवित्र स्थलों की यात्रा करते हैं, इसके बाद वह जल शिव मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम ने पहली कांवड़ यात्रा निकाली थी और वे पहले कांवड़िया थे। कहा जाता है कि भगवान परशुराम ने भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल ले जाकर उनका जलाभिषेक किया था, तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई थी। अन्य मान्यताओं के अनुसार, कांवड़ यात्रा की शुरुआत श्रवण कुमार ने त्रेता युग में की थी। श्रवण कुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बिठाकर पैदल यात्रा की थी और उन्हें गंगा स्नान कराने के बाद लौटते समय अपनी कांवड़ में गंगाजल लेकर आए थे, और भगवान शिव का अभिषेक किया था। कुछ अन्य मान्यताओं में कांवड़ यात्रा को लंकापति रावण से जोड़ा गया है। कहते हैं कि समुद्र मंथन से निकलने वाले विष का पान करने से भगवान शिव का गला जलने, तब देवताओं ने उनका जलाभिषेक किया। इसी दौरान रावण ने भी कांवड़ से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया था, जिससे उन्हें विष के प्रभाव से मुक्ति मिली थी।



## यात्रा के कठिन नियम संकल्प शक्ति को मजबूत बनाते

- अधिकतर लोग कांवड़ यात्रा का सिर्फ धार्मिक पक्ष ही जानते हैं, जबकि इसका मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। कांवड़ यात्रा वास्तव में एक संकल्प है, जो श्रद्धालु द्वारा लिया जाता है। इस दौरान नियमों का पालन सख्ती से किया जाता है। कांवड़ यात्रियों के लिए किसी भी प्रकार का नशा वर्जित है। इस दौरान तामसी भोजन यानी मांस, मदिरा का सेवन नहीं किया जाता। बिना स्नान किए कांवड़ यात्री कांवड़ को नहीं छूते। तेल, साबुन, कंघी व किसी श्रृंगार सामग्री का प्रयोग भी कांवड़ यात्रा में नहीं किया जाता है। कांवड़ यात्रियों के लिए चारपाई पर बैठना एवं किसी भी वाहन पर चढ़ना निषेध है। चमड़े से बनी वस्तु का स्पर्श एवं रास्ते में किसी वृक्ष या पौधे के नीचे कांवड़ रखने की मनाही है। कांवड़ यात्रा में बोल बम एवं जय शिव-शंकर घोष का उच्चारण करना तथा कांवड़ को सिर के ऊपर से लेने तथा जहां कांवड़ रखी हो उसके आगे बगैर कांवड़ के नहीं जाने के नियम का पालन किया जाता है। इन नियमों का पालन करने से मन में संकल्प शक्ति का जन्म होता है।



लेखक : पं. मनोज कुमार द्विवेदी ज्योतिषाचार्य

### 24 घंटे में शिवालय पहुंचते हैं डाक कांवड़ उठाने वाले

- डाक कांवड़ थोड़ी कठिन होती है, जिसमें गंगाजल भरने के बाद 24 घंटे के भीतर जलाभिषेक के लिए उसे शिवालय में पहुंचाना होता है। इस यात्रा में शामिल कांवड़ यात्री लगातार चलते या तेजी से दौड़ते रहते हैं। यात्रा के दौरान उन्हें कोई नहीं रोकता है और उनके लिए अलग रास्ता बनाया जाता है।

### दंड कांवड़ सबसे मुश्किल एक माह समय लगता

- दंड कांवड़ में कांवड़िये दंड-बैठक करते हुए कांवड़ यात्रा को पूरी करते हैं। इस यात्रा को पूरा करने में करीब एक महीने का समय लग जाता है। इसे सबसे कठिन कांवड़ यात्रा माना जाता है।

### 12 ज्योतिर्लिंगों या स्वयंभू शिवलिंग पर ही जलाभिषेक

- कांवड़ का जल केवल 12 ज्योतिर्लिंगों और स्वयंभू शिवलिंगों (जो स्वयं प्रकट हुए हैं) पर ही चढ़ाया जाता है। प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियों और शिवलिंगों पर कांवड़ का जल नहीं चढ़ाया जाता। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भक्त अपनी श्रद्धा, सामर्थ्य, समय, गंतव्य की दूरी के अनुसार गंगोत्री या हरिद्वार, ऋषिकेश से जल लेने पहुंचते हैं। श्रावण मास के शिवरात्रि पर्व से 10-12 दिन पूर्व से चलने वाला यह जन सैलाब आस्था, श्रद्धा, विश्वास के सहारे ही अपनी कठिन थकान भरी यात्रा पूरी करता है।

बोध कथा

# परम आनंद का मार्ग

एक बार गुरु मछेन्द्रनाथ जी ने गोरखनाथ जी को आदेश दिया कि एक राजा को उसके राजपाट से हटाकर योग के मार्ग पर लाना है। जो राजा ऐशोआराम का शौकीन हो, राज पाठ संभालता हो, उसे त्याग करने के लिए बोलना, कठिन कार्य था। लेकिन गुरु गोरखनाथ तो अनहोनी को भी होनी कर दें।



एक राजा बड़ा दयालु और धार्मिक था। साधुसंतों की सेवा करता था। गोरखनाथ जी वहां पहुंचे और अलख निरंजन की आवाज लगाई। राजा के सेवक बाहर आए तो, कहा कि मुझे राजा से मिलना है। राजा ने सोचा ऐसा कौन संत है जो, सीधा उससे मिलना चाहता है। गुरु गोरखनाथ ने राजा से कहा कि राजन, आपके महल में बहुत दुर्गंध आ रही है। राजा ने कहा, आप कैसी बात कर रहे हैं, यहां तो प्रतिदिन इत्र डालकर सफाई होती है। चारों तरफ खुशबू ही खुशबू है। इस पर गोरखनाथ जी ने कहा कि राजन, यह विषय-वासना भोग-विलास की दुर्गंध है, जो आपको नजर नहीं आएगी। आप इसमें लिप्त हो चुके हो। चलिए मेरे साथ मैं आपको दिखाता हूं कि दुर्गंध क्या होती है। गोरखनाथ जी, राजा को एक चमड़े वाले के पास ले गए। राजा ने कहा यहां तो बहुत दुर्गंध है। गोरखनाथ जी ने चमड़े वाले वाले से पूछा, यहां तो बहुत दुर्गंध है आप कैसे रहते हो। इस पर उसने कहा, कैसी दुर्गंध? यहां तो प्रतिदिन सफाई होती है। हमें तो कोई दुर्गंध नहीं आती। यहां से गोरखनाथ जी राजा को एक मांस की दुकान के पास ले गए। वहां भी बदबू आ रही थी। गोरखनाथ जी ने मांस वाले से पूछा कि आप इतनी बदबू और गंदगी भरी जगह में कैसे काम करते हो। दुकानदार ने कहा कि आप कैसी बात कर रहे हो। यहां तो कोई दुर्गंध नहीं है। रोज इत्र डालकर सफाई होती है। अब गोरखनाथ जी ने राजा को समझाया कि जिस तरह मांस और चमड़े वाले को अपनी दुकान बदबू नहीं आती, खुशबू का एहसास होता है। वैसे ही आपको भी राजसी भोग-विलास में खुशबू और आनंद का एहसास होता है। असली आनंद तो परम आनंद है जो, कभी नष्ट नहीं होता। उसके आगे सभी भोग विलास छोटे हैं।



लेखक: जय शंकर मिश्र "सव्यसाची"

## इस सप्ताह के व्रत और पर्व

- 5 अगस्त – अंतिम मंगला गौरी व्रत
- 6 अगस्त – प्रदोष व्रत
- 8 अगस्त – वर लक्ष्मी व्रत
- 9 अगस्त – रक्षाबंधन का पर्व
- 12 अगस्त – कजरी तीज, संकष्ठी चतुर्थी



### कजरी तीज : पति के प्रति प्रेम का उद्गार और श्रृंगार का त्योहार



- सावन मास की समाप्ति के साथ ही भाद्रपद माह शुरू होता है। कजरी तीज पर्व भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। विवाहित महिलाएं और अविवाहित कन्याएं श्रद्धा और भक्ति के साथ व्रत रखकर इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती हैं। मान्यता है कि मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए इस व्रत की शुरुआत की थी। यह व्रत करने से विवाहित महिलाओं को पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है। अविवाहित कन्याओं को मनचाहा वर प्राप्त होता है।

### तुलसी का पूजन करना इस माह शुभ, माता लक्ष्मी होती हैं प्रसन्न



- भाद्रपद मास हिंदू कैलेंडर का छठा महीना है, इसकी शुरुआत 10 अगस्त से हो रही है, समापन 7 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा पर होगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार पड़ेंगे। कहा जाता है कि इस माह में तुलसी के पौधे की पूजा करना काफी शुभ होता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इसी महीने भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाता है। इसके बाद बड़ा त्योहार भगवान गणेश को समर्पित गणेश चतुर्थी आता है।

## सिद्धार्थ नगर जिले में खोदाई के बाद चिह्नित की गई थी भगवान बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु

# सिद्धार्थ के गौतम बुद्ध बनने की कथा सुनाते यहां के खंडहर स्तूप

भगवान गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले में स्थित है। कपिलवस्तु में ही 29 वर्ष तक गौतम बुद्ध का जीवन व्यतीत हुआ था। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। इस नाते कपिलवस्तु यानी आज के सिद्धार्थ नगर को गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली कहा जाता है। तीन दशक पूर्व बस्ती जिले से नौगढ़ तहसील को अलग करके सिद्धार्थनगर जिले का सृजन हुआ था। यहां जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित है पिपरहवा। इस स्थान पर गुंबदनुमा टीलों की लंबे समय तक चली खोदाई के बाद 45 वर्ष पूर्व 1980 में इस स्थल को भगवान बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु के रूप में चिह्नित किया गया था। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन राजमहल के खंडहर जैसे हैं। इससे पहले अंग्रेजों के शासन काल में साल 1898 में भी इस टीले की खोदाई हुई थी, तब भगवान बुद्ध की अस्थियों के अवशेष और बेशकीमती सामान मिले थे।



### सिद्धार्थ नगर की चारों दिशाओं में बुद्ध की योग मुद्राओं के 11 स्टैच्यू

गौतम बुद्ध को योग का जन्मदाता कहा जाता है। इसे संरक्षित कर आगे बढ़ाने के लिए उनकी योग मुद्राओं के स्टैच्यू सिद्धार्थ नगर की चारों दिशाओं में स्थापित कर जिले को योग मय बनाया गया है। योग की विभिन्न मुद्राओं के 11 स्टैच्यू स्थापित किए गए हैं।



### अनुयायियों का लगा रहता था यहां जमावड़ा

- सिद्धार्थनगर जब बस्ती जिले का हिस्सा था तब बुद्धिष्ट देशों के बुद्ध अनुयायियों का यहां काफी आना जाना लगा रहता था। कपिलवस्तु से कुछ दूरी पर ही नेपाल के लुंबिनी में तो वाकास कार्यों के कारण बुद्ध के अनुयायी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, लेकिन सिद्धार्थ नगर कम ही आते हैं।



लेखक : यशोदा श्रीवास्तव

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। कई राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों और पत्रिकाओं से जुड़े रहे हैं। भारत-नेपाल मामलों के खास जानकार हैं।

### कपिलवस्तु को भी नेपाल के लुंबिनी जैसे विकास की जरूरत

भगवान बुद्ध जहां 29 साल रहे, उसी स्थान से 16 किमी आगे नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी गौतम बुद्ध की जन्म स्थली है। सिद्धार्थ नगर के खंडहरनुमा स्तूपों को संरक्षित कर कपिलवस्तु के रूप में इस स्थान के विकास की तमाम योजनाएं बनी जरूर हैं, लेकिन पूरी तरह मूर्त रूप नहीं ले पाई हैं। जनभावना यहां का विकास नेपाल के लुंबिनी की तरह किए जाने की है।



### अंग्रेज ले गए थे खोदाई में मिले अवशेष, नीलामी की थी तैयारी

- अंग्रेजों के समय में साल 1898 में पिपरहवा में हुई खोदाई के समय बर्डपुर इलाके के अंग्रेज जमींदार विलियम पेपे थे। पिपरहवा तत्कालीन बर्डपुर क्षेत्र में ही आता है। उस समय यहां पर भगवान बुद्ध के अवशेष और बेशकीमती सामान मिला था। खोदाई में मिला सारा सामान जमींदार पेपे अपने साथ लंदन ले गया था। पेपे के वंशज इस वक्त हांगकांग में हैं। हांगकांग में इसी साल सात मई को बुद्ध के इन्हीं अवशेषों की नीलामी तय थी। लेकिन सिद्धार्थनगर निवासी, यूपी के पूर्व डीजीपी राज्यसभा सांसद बृजलाल ने इस नीलामी को रुकवाने और बुद्ध के कीमती अवशेषों को भारत लाने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा। इसी के बाद शुरू हुई पहल और बीती 30 जुलाई को पिपरहवा में मिले बुद्ध के अवशेष और कीमती वस्तुएं भारत वापस आ गईं।



## पीतांबरा पीठ : जप-साधना का केंद्र, अनाम संत की तपोस्थली

उत्तर प्रदेश के झांसी से जुड़ा मध्य प्रदेश का छोटा सा जिला है दतिया। यह राजा-रजवाड़े, साहित्य, प्राकृतिक सौंदर्य, इतिहास और अध्यात्म में इतना समृद्ध रहा है कि बुजुर्गों की जुबान से आज भी ये कहावत सुनने को मिल जाएगी ‘झांसी गले की फांसी, दतिया गले का हार। ललितपुर न छोड़िए, जब तक मिले उधार।’ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दतिया को महाभारत कालीन राजा वक्रदंत ने बसाया था। राजशाही में ये राजा गोविन्द सिंह की रियासत थी। लेकिन आज पहचान माता पीतांबरा शक्तिपीठ के कारण जप और साधना के बड़े केंद्र के रूप में होती है। यहां तंत्र शास्त्र की दस महाविद्याओं में से दो, देवी बगलामुखी (पीतांबरा) और धूमावती एक ही परिसर में स्थापित हैं।



लेखक : लालजी बाजपेयी

पीतांबरा शक्तिपीठ को स्थापित करने वाले स्वामी जी की ख्याति उच्चकोटि के साधक, संत और राष्ट्रप्रेमी के रूप में थी। वर्ष 1929 में दतिया आने के बाद उन्होंने यहां 50 वर्ष बिताए। वह संस्कृत, पाली, बांग्ला, अंग्रेजी, फारसी व उर्दू भाषा के साथ ज्योतिष के मूर्धन्य विद्वान थे। तंत्र, मंत्र योग, विज्ञान, ध्यान में भी महारथ हासिल थी। वह भक्तों को एक ही संदेश देते थे, माता की शरण में जाओ, उन्हीं का नाम जपो। जब तक खाते में कुछ जमा नहीं करोगे, ब्याज कहां से मिलेगा। स्वामी जी ने तांत्रिक पंचांग का प्रकाशन शुरू कराया, जो और कहीं नहीं मिलता। 1935 में मां पीतांबरा की स्थापना के बाद से ही भक्त उनसे धूमावती मां की स्थापना की जिद करने लगे, लेकिन वे टाल जाते थे। आखिरकार 1978 में उन्होंने धूमावती माता की स्थापना कराई।

### बिना नंदी का शिवालय

पीतांबरा माता के सामने सफेद संगमरमर से बना अमृतेश्वर शिव मंदिर है। इसमें शिवलिंग के सामने नंदी नहीं स्थापित हैं। ये स्वामी जी की समाधि है।

### .. और लौटने लगी चीन की सेना

बताते हैं 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया तो स्वामी जी व्यथित हो उठे। भारत की विजय के लिए उन्होंने राष्ट्र रक्षा यज्ञ कराया। जिस समय यज्ञ की अंतिम आहुतियां चल रही थीं, रेडियो पर समाचार आया कि चीनी सैनिक पीछे लौट रहे हैं। धूमावती मंदिर के सामने बनी यज्ञशाला में शिलालेख पर इस घटना का जिक्र है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,018.72 | 24,722.75 |
| बढ़त | 418.81 | 157.40 |
| प्रतिशत में | 0.52 | 0.64 |

सोना 98,020 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,10,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, मंगलवार, 5 अगस्त 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### सौर मॉड्यूल आपूर्ति करेगा विक्रम सोलर

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विक्रम सोलर को महाराष्ट्र में परियोजना के लिए बोंडाडा ग्रुप से 250 मेगावाट क्षमता वाले सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। हालांकि कंपनी ने कुल मूल्य का खुलासा नहीं किया है। विक्रम सोलर ने सोमवार को कहा कि इन मॉड्यूलों की आपूर्ति 2025-26 में ही शुरू हो जाएगी। इसके तहत कंपनी प्रदर्शन और उच्च ऊर्जा उत्पादन वाले अपने एन-टाइप मॉड्यूल की आपूर्ति करेगी। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा, हमारी पेशकश वाली हरेक परियोजना हमारी प्रौद्योगिकी दक्षता, प्रदर्शन और उत्कृष्टता पर हमारे साझेदारों के भरोसे का प्रमाण है।

### बीवाईडी संग अडाणी का गठजोड़ नहीं

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने सोमवार को कहा कि वह बैटरी विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए बीवाईडी जैसी चीन की कंपनियों के साथ गठजोड़ की संभावना नहीं तलाश रहा है। अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चीन की कंपनियों बीवाईडी और बीजिंग वीलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ गठजोड़ की खबरें गलत हैं। इसमें कहा गया, अडाणी समूह भारत में बैटरी विनिर्माण के लिए बीवाईडी के साथ किसी भी प्रकार के सहयोग की संभावना नहीं तलाश रहा है। हम बीजिंग वेलायन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ भी किसी प्रकार की साझेदारी के लिए कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं।

### टेस्ला ने मुंबई में शुरू की पहली चार्जिंग सुविधा

**मुंबई।** वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने वित्तीय राजधानी में अनुभव केंद्र के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद सोमवार को देश में अपनी पहली चार्जिंग सुविधा शुरू की। कंपनी ने कहा कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में वन बीकेसी में स्थापित टेस्ला चार्जिंग स्टेशन में चार वी4 सुपरचार्जिंग स्टॉल (डीसी चार्जिंग) और चार डेस्टिनेशन चार्जिंग स्टॉल (एसी चार्जिंग) हैं। सितंबर तिमाही तक लोअर परेल, ठाणे और नवी मुंबई में तीन और ऐसी सुविधाएं स्थापित करने की योजना है। टेस्ला ने 15 जुलाई को 59.89 लाख रुपये की शुरुआती कीमत वाले अपने मॉडल वाई के पेश करने के साथ भारत में अपनी बहुप्रतीक्षित शुरुआत की थी। साथ ही यहां अपना पहला अनुभव केंद्र भी खोला था।

# धातु, वाहन में लिवाली से बाजार में तेजी

## वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख से मिला समर्थन, सेंसेक्स 81,000 के ऊपर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, जिंस एवं वाहन शेयरों में तेजी रहने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 418.81 अंक बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 493.28 अंक चढ़कर 81,093.19 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का निफ्टी भी 157.40 अंक की बढ़त के साथ 24,722.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 24,734.65 के उच्च स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी तेजी रही। पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख के साथ वाहनों की मासिक बिक्री के अच्छे आंकड़ों और प्रमुख वाहन कंपनियों के उत्साहजनक तिमाही नतीजों ने इन क्षेत्रों में निवेशकों की रुचि को फिर जगाया। नायर ने कहा कि पहली तिमाही के नतीजों से संकेत मिलता है कि खपत पर आधारित कंपनियों को बिक्री में तेजी से फायदा हो रहा है। अमेरिका में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार सृजन की धीमी गति से फेडरल रिजर्व की तरफ से दर कटौती की संभावना बढ़ी है। हालांकि उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण अब भी सावधानी बरतने की गुंजाइश है।



● सेंसेक्स में शामिल टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.31% की दर्ज हुई बढ़त

### मिड और स्मॉलकैप में भी दिखाई दी बढ़त




छोटी कंपनियों के सूचकांक बीएसई स्मालकैप में 0.76 प्रतिशत की तेजी रही जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 1.11 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.58 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 1.88 प्रतिशत, जिंस खंड में 1.74 प्रतिशत और वाहन खंड में 1.54 प्रतिशत की बढ़त रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि मिलेजुले संकेतों के बीच नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। निफ्टी ने सत्र की शुरुआत सकारात्मक अंदाज में की और दिन भर यह सिलसिला कायम रहा। स्मालकैप और मिडकैप खंड में भी मजबूती रही।

### एशिया और यूरोप के बाजार रहे सकारात्मक

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि जापान का निक्की सूचकांक गिरावट में रहा। यूरोप के बाजार दोपहर कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत गिरकर 68.87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,366.40 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 585.67 अंक गिरकर 80,599.91 अंक और एनएसई निफ्टी 203 अंक टूटकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ था।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक शुरू

मुंबई, एजेंसी



● छह अगस्त को होगी बैठक, तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति के परिणामों की होगी घोषणा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सोमवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए विचार-विमर्श शुरू किया। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक तीन दिन चलेगी। बुधवार (6 अगस्त) को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा होगी।

आरबीआई ने फरवरी में नीतिगत दरों को घटाना शुरू किया था और तब से तीन बार में अल्पकालिक उधारी दर (रेपो) में 1% की कमी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है। 7 अगस्त से भारतीय आयातों पर 25% शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा के बाद केंद्रीय बैंक और अधिक व्यापक आंकड़ों का इंतजार करना चाहेगा। हालांकि, उद्योग जगत को ब्याज दरों में 0.25% कटौती की उम्मीद जताई। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि मौद्रिक नीति जून में कम मुद्रास्फीति व 25% अमेरिकी शुल्क लगाने के हाल के घटनाक्रमों पर आधारित नहीं होगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हालिया मुद्रास्फीति के आंकड़े इस साल की दूसरी छमाही में नरमी के संकेत दे रहे हैं। नायर ने अगस्त में ब्याज दर में 0.25% कटौती की उम्मीद जताई। एमपीसी में आरबीआई के तीन अधिकारी संजय मल्होत्रा (गवर्नर), पूनम गुप्ता (डिप्टी गवर्नर), राजीव रंजन (कार्यकारी निदेशक) और तीन बाहरी सदस्य.. नागेश कुमार (निदेशक और मुख्य कार्यकारी, औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान), सौगत भट्टाचार्य (अर्थशास्त्री), राम सिंह (निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स) शामिल हैं।

# चाय उत्पादन 9% घटकर 13.35 करोड़ किग्रा

कोलकाता, एजेंसी



● पश्चिम बंगाल और असम सहित उत्तर भारत में उत्पादन घटकर 11.25 करोड़ किलोग्राम रहा

भारत का चाय उत्पादन जून में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत घटकर 13.35 करोड़ किलोग्राम रह गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2024 में देश में 14.67 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ था।

भारतीय चाय संघ के अनुसार, उत्पादन में गिरावट प्रतिकूल मौसम और कीटों के हमले के कारण हुई। पश्चिम बंगाल और असम सहित उत्तर भारत में उत्पादन जून में घटकर 11.25 करोड़ किलोग्राम रह गया जबकि पिछले साल जून में यह 12.15 करोड़ किलोग्राम था। दक्षिण भारत में भी उत्पादन जून में घटकर 2.09 करोड़ किलोग्राम रह गया, जबकि 2024 के इसी महीने में यह 2.52 करोड़ किलोग्राम था। बड़े एवं संगठित बागान मालिकों ने जून में 5.52 करोड़ किलोग्राम उत्पादन किया, जो 2024 के इसी महीने के 6.83 करोड़ किलोग्राम से कम है। छोटे उत्पादकों द्वारा उत्पादन इस महीने 6.82 करोड़ किलोग्राम रहा, जो पिछले वर्ष जून में 7.83 करोड़ किलोग्राम से कम है। 'सीटीसी' (क्रश, टियर, कर्ल) किस्म का उत्पादन 11.78 करोड़ किलोग्राम रहा। 'ऑर्थोडॉक्स' (परम्परागत) किस्म का 1.38 करोड़ किलोग्राम और 'ग्रीन टी' का 18.4 लाख किलोग्राम उत्पादन हुआ।

# निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी आठ साल के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी



● प्रवर्तकों ने 54,732 करोड़ रुपये मूल्य की हिस्सेदारी बेची

देश में निजी स्वामित्व वाली सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी अप्रैल-जून तिमाही में गिरकर आठ वर्षों के निचले स्तर 40.58 प्रतिशत पर आ गई। इस दौरान प्रवर्तकों ने 54,732 करोड़ रुपये मूल्य की हिस्सेदारी बेची।

प्राइम डेटाबेस ग्रुप से जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून तिमाही के अंत में सूचीबद्ध निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी 40.58% थी जो मार्च तिमाही के 40.81% से कम है। इससे पहले इतनी कम प्रवर्तक हिस्सेदारी सितंबर, 2017 में 40.19% रही थी। पिछले तीन वर्षों में इस हिस्सेदारी में गिरावट का सिलसिला जारी है। मार्च 2022 में 45.13% पर रही प्रवर्तक हिस्सेदारी में अब तक 4.55% की कुल गिरावट आ चुकी है।

प्राइम डेटाबेस ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने कहा कि प्रवर्तकों की हिस्सेदारी बिक्री के कई कारण हो सकते हैं। बाजार की तेजी का लाभ उठाना, कर्ज चुकाने की रणनीति, पारिवारिक उत्तराधिकार की योजना, परोपकारी उद्देश्य, अन्य क्षेत्रों में निवेश, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानकों को पूरा करना व व्यक्तिगत खर्चों को वजह बताया गया है। हाल में आए आईपीओ अपेक्षाकृत कम प्रवर्तक हिस्सेदारी और बाजार का संस्थागत स्वरूप भी कारणों में हैं।

### एनएसई की 2,086 कंपनियों के आंकड़ों से खुलासा

हल्दिया का मानना है कि जब तक प्रवर्तकों के पास अब भी पर्याप्त हिस्सेदारी बनी रहती है, बिक्री भारी छूट पर नहीं होती और कंपनी के बुनियादी कारकों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक चिंता की जरूरत नहीं है। यह विश्लेषण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की सूची में शामिल 2,131 कंपनियों में से 2,086 द्वारा दाखिल आंकड़ों पर आधारित है। इस दौरान सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तक के तौर पर सरकार की हिस्सेदारी 9.27 से बढ़कर 9.39% हो गई। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 17.82% हो गई, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। दूसरी ओर, विदेशी संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी 13 वर्षों के निचले स्तर 17.04% पर आ गई, जबकि उन्होंने 38,674 करोड़ का निवेश किया। देश के सबसे बड़े संस्थागत निवेशक एलआईसी की हिस्सेदारी 284 कंपनियों में घटकर 3.68% रह गई।



# एसआईआर पर लोकसभा में गतिरोध बरकरार

## विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित

- सदन में हंगामे के बीच आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखे गए
- सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मिली स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर पिछले कुछ दिनों की तरह सोमवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के के कारण सदन की कार्यवाही पहले सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी और फिर दो बजकर 15 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर से आरंभ होने पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। हंगामे के बीच ही आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखे गए और सदन ने सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की दूसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सांविधिक संकल्प को स्वीकृति दे दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सांविधिक संकल्प पेश किया था।

पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की और खेल से संबंधित दो विधेयकों को पारित करने पर जोर दिया। विधायी कार्यों की सूची में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 सूचीबद्ध थे। पाल ने कहा, ''आज दो बहुत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। सरकार 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रही है। देश के खेल और खिलाड़ियों के लिए इससे कुछ महत्वपूर्ण विधेयक नहीं हो सकते।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, हम दो विधेयकों को चर्चा के लिए लाए हैं, लेकिन विपक्ष खेल और खिलाड़ियों के विधेयकों पर चर्चा करने के बजाय हंगामा कर रहा है।



संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

### खेल विधेयक लंबे समय से लंबित : मांडविया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि खेल शासन विधेयक काफी समय से लंबित है। न्यायालय ने भी कहा है कि खेल में सुशासन के लिए कानून बनाया जाए। सदस्यों से आग्रह है कि इस पर चर्चा करें। पीठासीन सभापति पाल ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, आप चुनकर आएं ताकि कानून बना सकें, लेकिन मानसून सत्र में अब तक एक भी विधेयक पारित नहीं हो सका। जनता देख रही है कि आप कानून बनाने के बजाय हंगामा कर रहे हैं। हंगामा नहीं थमने पर पाल ने सदन की कार्यवाही 2.15 बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सोमवार सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, तभी विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करने लगे। बिडला ने सदस्यों के हंगामें पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि देश देख रहा है।

# विपक्ष के हंगामे के बावजूद विधेयक पारित करने के लिए सरकार विवश : रीजीजू



नई दिल्ली, एजेंसी

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि संसद में विपक्षी दलों का प्रदर्शन जारी रहने के बावजूद सरकार अपने विधेयकों को पारित कराने पर विवश होगी। विपक्ष द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हंगामे से दोनों सदनों में सामान्य कामकाज की संभावनाएं धूमिल हो रही हैं।

लोकसभा में सोमवार को सूचीबद्ध कामकाज नहीं हो सका, जबकि राज्यसभा की कार्यवाही अपने वर्तमान सदस्य और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण स्थगित कर दी गई। रीजीजू ने कहा कि सरकार अपने विधेयकों पर संसद में गहन चर्चा चाहती है, लेकिन 'राष्ट्रीय हित' में मंगलवार से इन्हें पारित कराने के लिए दबाव बनाने पर मजबूर होगी क्योंकि प्रस्तावित विधेयक शासन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक पर दो दिन की चर्चा के लिए सहमत हुए थे और दोनों विधेयकों पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा और इन्हें पारित कराने का कार्यक्रम था, लेकिन उन्होंने कार्यवाही बाधित कर दी। विपक्ष इस बात पर जोर दे रहा है कि सरकार संसद में अपना विधायी एजेंडा आगे बढ़ाने से पहले बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की उसकी मांग पर सहमति जताए। हालांकि, मंत्री ने स्पष्ट किया है कि संसद में एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग की प्रशासनिक कार्रवाई और कार्यप्रणाली का हिस्सा है।

### पांच सालों में सरकार ने 7.08 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी : वित्त राज्य मंत्री चौधरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में कहा कि केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने पांच वर्षों में 7.08 लाख करोड़ की कर चोरी का पता लगाया है, जिसमें 1.79 लाख करोड़ की 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) धोखाधड़ी भी है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा साझा किए आंकड़ों के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में, सीजीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 2.23 लाख करोड़ से अधिक की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी का पता लगाया गया। 2025 में पकड़े गए जीएसटी चोरी के 30,056 मामलों में से आधे से ज्यादा या 15,283 मामले आईटीसी धोखाधड़ी से संबंधित थे, जिनमें 58,772 करोड़ की चोरी हुई। 2023-24 में सीजीएसटी क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 2.30 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया, जिसमें 36,374 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल थी।

# मदरसा छात्रों पर एनसीपीसीआर के पत्र को दी जा सकती है चुनौती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने उत्तर प्रदेश व त्रिपुरा सरकार की गैर-मान्यता मदरस छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित के निर्देश को दी है चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा राज्यों से गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का आग्रह करने वाले पत्र को संबंधित हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। याचिकाकर्ता संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के निर्देश को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश व एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वह शीर्ष अदालत द्वारा पूर्व में दिए गए संरक्षण को बढ़ाएगी और उन्हें हाईकोर्ट जाने की स्वतंत्रता देगी। पिछले साल 21 अक्टूबर को पारित आदेश में, शीर्ष अदालत ने एनसीपीसीआर द्वारा जारी पत्र और कुछ राज्यों की परिणामी कार्रवाइयों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि शीर्ष अदालत का पहले से अंतरिम आदेश है जिसमें परिपत्रों के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है। मामले की अंतिम सुनवाई जरूरी है।



उत्तराखंड के वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले ही संकेत दिया था कि मामला हाईकोर्ट में जा सकता है। जयसिंह ने कहा कि शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ मामले में पहले ही आदेश पारित कर चुकी है। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता अब भी हाईकोर्ट जा सकते हैं। यह एक संवैधानिक न्यायालय है।

**ओडिशा के कॉलेज परिसर में आत्मदाह का मामला**

# छात्रा को आत्मदाह के लिए उकसाने में दो छात्र गिरफ्तार

भुवनेश्वर, एजेंसी

● पुलिस के अनुसार दोनों ने कॉलेज में आत्मदाह कर रही छात्रा का बनाया था वीडियो

ओडिशा के बालासोर जिले में 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में दो छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को ये जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दोनों ने कॉलेज में आत्मदाह कर रही छात्रा का वीडियो बनाया था। गिरफ्तार आरोपियों में शुभ्र संबैत नायक और फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज के छात्र ज्योति प्रकाश बिस्वाल है। पीड़ित छात्रा इसी कॉलेज में पढ़ती थी। शुरू में छात्रा को बचाने की कोशिश के लिए बिस्वाल की सराहना हुई थी, क्योंकि आग बुझाने में वह झुलस गया था। पीड़िता ने प्रोफेसर के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कथित निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए 12 जुलाई को आत्मदाह किया था। पुलिस ने बताया कि दोनों को रविवार रात गिरफ्तार किया। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि नायक और बिस्वाल छात्रा की आत्मदाह की योजना के बारे में जानते थे।

# शिक्षक भर्ती को डोमिसाइल नीति की घोषणा

पटना, एजेंसी



● बिहारवासियों को प्राथमिकता देने का मुख्यमंत्री नीतीश का निर्देश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी शिक्षकों की भर्ती में 'डोमिसाइल' नीति की सोमवार को घोषणा की। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि राज्य में जन्मे और पले-बढ़े लोगों के लिए कितने प्रतिशत भर्तियां आरक्षित होंगी। यह घोषणा राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले की गई है।

कुमार ने एक्स पर कहा, शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 से ही लागू की जाएगी जो इस साल होगी। वहीं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीआरई-5 के आयोजन से पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया है। हाल में, बिहार में 'डोमिसाइल नीति' को लेकर बढ़ते घमासान के बीच, बिहार मंत्रिमंडल ने आदेश दिया कि सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत का कोटा केवल राज्य की 'स्थायी निवासियों' तक ही सीमित रहेगा।

वर्ष 2016 में, बिहार सरकार ने सभी स्तरों पर सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35% आरक्षण लागू किया। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्ता में आने पर 100 प्रतिशत डोमिसाइल का वादा किया है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी कुछ दिन पहले डोमिसाइल की मांग के समर्थन में थे, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर राजद की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इंडिगो शुरू करेगी लंदन के लिए दैनिक उड़ान

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सोमवार को लंदन के हिथ्रो हवाई अड्डे के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने अपने परिचालन के 19 साल पूरे होने के मौके पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसकी योजना 26 अक्टूबर 2025 से ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हिथ्रो हवाई अड्डे के लिए सीधी दैनिक उड़ान शुरू करने की है। अभी यह नहीं बताया गया है कि भारत के किस शहर से यह उड़ान शुरू की जाएगी। कंपनी इस मार्ग पर बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमानों का परिचालन करेगी। वह चालू वित्त वर्ष में पांच नये ड्रीमलाइनर विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने वाली है। ये विमान नॉर्स एटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर ले रही।

### ब्रिटेन: भीषण तूफान से खतरे की चेतावनी

**लंदन।** स्कॉटलैंड में दुर्लभ ग्रीष्मकालीन तूफान फ्लोरिस के चलते प्रशासन ने ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं, पार्क बंद कर दिए गए हैं और घरों में भी लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने स्कॉटलैंड के लिए 'एम्बर' स्तर की चेतावनी जारी की है, जिसका अर्थ है कि तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते जीवन और संपत्ति को गंभीर खतरा हो सकता है, विशेषकर तटीय इलाकों में जहां बड़ी लहरें उठ सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान की वजह से हवा की गति 137 किमी घंटे तक पहुंच सकती है। यह तूफान ऐसे समय आया है जब स्कॉटलैंड में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है।

### सूटकेस में दो साल की बच्ची, महिला गिरफ्तार

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में एक सूटकेस में दो साल की बच्ची के जिंदा मिलने के बाद एक महिला को बाल उपेक्षा के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया। बस के चालक ने सामान रखने वाले स्थान में रखे एक सूटकेस में बच्ची को पाया था। पुलिस के अनुसार, ऑकलैंड के उत्तर में काईवाका बस्ती में एक बस स्टॉप पर जब एक यात्री ने चालक से उसका सामान निकालने के लिए कहा तो उसने बैग के अंदर हलचल देखी। चालक ने सूटकेस खोला तो उसमें दो साल की बच्ची थी, उसका शरीर तप रहा था।

### अमेरिकी प्रतिबंध पर ब्राजील का कड़ा विरोध

**पाउलो।** रूस से तेल आयात बंद करने की अमेरिकी मांग के जवाब में राष्ट्रपति के विशेष सलाहकार सेल्सो अमोरिम ने कहा कि ब्राजील अन्य देशों से व्यापारिक संबंधों के कारण लगाए आर्थिक प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा, हम किसी भी स्थिति में ऐसे प्रतिबंधों के खिलाफ हैं, सिवाय कि वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अधिकृत हो। सप्ताह के शुरू में ब्राजील के सांसदों से मिले अमेरिकी सांसदों ने उनके देश के निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ कटौती के लिए रूसी तेल के आयात को कम करने या पूरी तरह बंद करने का आग्रह किया था।

# रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया तो और बढ़ाएंगे टैरिफ

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को धमकी दी है कि यदि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया तो वह भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क और बढ़ा देंगे।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत को इस बात की चिंता नहीं है कि यूक्रेन में रूस कितने लोगों को मार रहा है। इस कारण, मैं भारत पर आयात शुल्क में बड़ी बढ़ोतरी करूंगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहा है, बल्कि उसमें से ज्यादातर तेल खुले बाजार में बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 01 अगस्त से दुनिया के कई देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस संबंध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया गया है। साथ ही ट्रंप ने घोषणा की थी कि रूस से तेल खरीदने के लिए दंड के रूप में भारत पर और शुल्क लगाए जाएंगे।



● अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत को दी टैरिफ में बड़ी वृद्धि की धमकी

# एयर टर्ब्युलेंस

## हवाई यात्रा में लगातार बढ़ता जोखिम

एयर टर्ब्युलेंस वायुमंडल में वायु की तेज, अनियमित और भिन्न दिशाओं वाली चाल का नतीजा होता है। विमानों के लिए यह परिवर्तन जोखिम वाली स्थिति होती है। एयर टर्ब्युलेंस के दौरान हवा की गति में अचानक बदलाव आता है। इससे विमान ऊपर-नीचे या दाएं-बाएं हिलने लगता है और उसमें मौजूद यात्रियों को झटके के रूप में महसूस होता है। हाल ही में भारत में भी ऐसी कई घटनाएं हुई हैं। दो महीने पहले दिल्ली से श्रीनगर जा रहा इंडिगो का विमान इतने तीव्र एयर टर्ब्युलेंस में फंसा कि यात्रियों में चीखपुकार मच गई और उसका अगला हिस्सा (नोज) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक अध्ययन के अनुसार एयर टर्ब्युलेंस की घटनाएं 40 वर्षों में 55 प्रतिशत तक बढ़ी हैं और आगे इसमें और वृद्धि होने का अनुमान है। विमानों की सुरक्षा के लिए चुनौती मानते हुए इससे बचाव के उपाय भी खोजे जाने लगे हैं।



### हाल की प्रमुख घटनाएं

- मई 2024 में लंदन से सिंगापुर आ रही सिंगापुर एयरलाइन की फ्लाइट के टर्ब्युलेंस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। थाईलैंड में आपात लैंडिंग करनी पड़ी।
- जून 2024 में दोहा से डबलिन जा रहा कतर एयरवेज का विमान साफ आसमान में अचानक बिना चेतावनी हुई टर्ब्युलेंस में फंस गया। विमान को तेज झटके लगने से 12 यात्री घायल हो गए।

### भविष्य की तैयारी

आईएटीए और आईसीएओ अंतरराष्ट्रीय संगठन एडवांस एआई बेस्ड टर्ब्युलेंस ट्रैकिंग सिस्टम विकसित कर रहे हैं। बोइंग और एयरबस ऐसे विमान ढांचे बनाने के लिए काम कर रहे हैं जो बेहतर ढंग से टर्ब्युलेंस बर्दाश्त कर सकें। मौसम रडार और उपग्रह डेटा से टर्ब्युलेंस की भविष्यवाणी, रियल टाइम एयर ट्रैफिक कंट्रोल अपडेट और डिटेक्शन सेंसर भी विकसित किए जा रहे हैं।

### क्या हैं कारण और संभावित परिणाम

- तेज गति वाली ऊंचाई की हवाएं जिन्हें जेट स्ट्रीम कहते हैं, एयर टर्ब्युलेंस का प्रमुख कारण बनती हैं।
- थंडरस्टॉर्म यानी बिजली की गड़गड़ाहट और बादलों से भी एयर टर्ब्युलेंस का प्रभाव पैदा होता है।
- ऊंचे पर्वतों के पास हवा की गति में बदलाव होता रहता है जो एयर टर्ब्युलेंस जैसा प्रभाव छोड़ता है।
- इसके अलावा साफ आसमान में अचानक टर्ब्युलेंस होता है जिसका अनुमान लगाना मुश्किल होता है।
- एयर टर्ब्युलेंस से झटके लगते है, दुर्लभ मामलों में विमान की संरचना को भी नुकसान हो सकता है।

### क्यों बढ़ रहे हैं एयर टर्ब्युलेंस

- वैज्ञानिकों और वायुमंडलीय विशेषज्ञों के अनुसार एयर टर्ब्युलेंस लगातार बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन इसका एक बड़ा कारण है।
- गर्म हवा अधिक बनने से जेट स्ट्रीम अस्थिर होती जा रही है। 2023 में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक टर्ब्युलेंस 40 वर्षों में 55% तक बढ़ा है।

### दोगुनी हो सकती हैं घटनाएं

- यूके की यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के विशेषज्ञों के मुताबिक 2040 तक टर्ब्युलेंस की घटनाओं में 100 से 200 प्रतिशत वृद्धि संभव है।
- सबसे ज्यादा बढ़ोतरी साफ हवा में आने वाले टर्ब्युलेंस हो सकती है। यह टर्ब्युलेंस बिना चेतावनी आता है और जोखिम भरा होता है।
- उत्तरी अटलांटिक, यूरोप-एशिया और एशिया-पैसिफिक रूट सर्वाधिक प्रभावित होंगे।

# पाकिस्तानी नागरिक थे पहलगाम में हमला करने वाले, सबूत मिले

## पूरी तरह बेनकाब पाकिस्तान, लश्कर के दुर्दांत आतंकियों के रूप में हुई पहचान

**श्रीनगर, एजेंसी**

सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों की राष्ट्रीयता का पता लगाने के लिए सबूत जुटाए हैं, जिनमें पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी दस्तावेजों और बायोमेट्रिक डेटा सहित अन्य चीजें शामिल है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकवादी पाकिस्तान के नागरिक थे।

आतंकवादी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' के दुर्दांत आतंकवादियों के रूप में पहचाने गए ये तीनों आतंकवादी 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव के दौरान श्रीनगर के बाहरी दाचीगाम जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे। वे पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद से इस वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जुटाए गए साक्ष्यों से पता चला कि इन आतंकवादियों में कोई भी स्थानीय व्यक्ति नहीं था।

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद बरामद हथियारों की जांच और हिरासत में लिए गए कश्मीर के दो युवकों से पूछताछ के आधार पर पता चला कि पहलगाम हमले में ये आतंकवादी शामिल थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पहली बार हमें पाकिस्तानी सरकार की ओर से जारी दस्तावेज मिले हैं, जिनसे पहलगाम हमलावरों की राष्ट्रीयता पर कोई संदेह नहीं बचा है। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के दौरान और उसके बाद एकत्र किए गए फोरेंसिक, दस्तावेज और साक्ष्यों से यह स्पष्ट रूप से पता चला कि तीनों हमलावर पाकिस्तानी नागरिक थे और लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ सदस्य थे। ये तीनों हमले के दिन से ही दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। पहलगाम हमले में कश्मीर का कोई व्यक्ति शामिल नहीं था।



### ए++ श्रेणी का आतंकवादी था सुलेमान शाह

अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान सुलेमान शाह उर्फ फैजल जट्ट के रूप में हुई है। वह ए++ श्रेणी का आतंकवादी था तथा पहलगाम हमले का मुख्य सरगना और मुख्य शूटर था। दूसरे हमलावर की पहचान जट्ट के करीबी सहयोगी अबू हमजा उर्फ 'अफगान' के रूप में हुई है। वह ए श्रेणी का कमांडर था। तीसरे हमलावर की पहचान यासिर उर्फ 'जिबरान' के रूप में हुई है। वह भी ए श्रेणी का कमांडर था।

- हिरासत में लिए गए दो कश्मीरी युवकों से पूछताछ में पता चला कि आतंकवादी 21 अप्रैल को हिल पार्क में स्थित एक 'धोक' (मौसमी झोपड़ी) में आकर रुके थे जो बैसरन घाटी से दो किमी दूर है। दोनों युवकों ने उन्हें रात भर पनाह दी और खाना भी मुहैया कराया। अगले दिन उन्होंने बैसरन घाटी जाकर हमले को अंजाम दिया।
- अधिकारियों ने बताया, लश्कर के रावलकोट प्रमुख रिजवान अनीस ने 29 जुलाई को मारे गए आतंकवादियों के परिवारों से मुलाकात की और गायबाना नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुआ और यह वीडियो अब भारतीय दस्तावेज का हिस्सा बन चुका है।

### आतंकी चेहरे से नकाब उतारने वाले सबूत

- सुरक्षाबलों ने हथियारों के साथ शाह और हमजा की जेबों से पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जिसमें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग से जारी दो मतदाता पर्चियां भी हैं। इन पर्चियों का क्रमांक लाहौर (एनए-125) और गुंझरांवाला (एनए-79) की मतदाता सूची से मेल खाते हैं।
- एनडीआरए से जुड़ी स्मार्ट आईडी चिप एक सैटेलाइट फोन से मिली जिसमें तीनों की उंगलियों के निशान, चेहरे की बायोमेट्रिक प्रोफाइल और पारिवारिक जानकारी मौजूद थी। इससे पुष्टि हुई कि उनके पते चंगा मांगा जिला कसूर और कोइयां गांव, रावलकोट के पास, पीओके में हैं।
- निजी सामान जैसे 'कैंडीलैंड' और 'चोकोमैक्स' चॉकलेट के रैपर भी जब्त किए गए हैं, ये दोनों कराची में निर्मित ब्रांड हैं। बैसरन में मिले खोखों को 28 जुलाई को बरामद तीनों एके-103 राइफल से 'टेस्ट-फायर' किया गया और उनके घर्षण के निशान 100 प्रतिशत मेल खाए।
- पहलगाम में मिली एक फटी शर्ट पर मौजूद खून से लिए गए डीएनए प्रोफाइल तीनों के शवों से लिए डीएनए से पूरी तरह मेल खाते हैं। उन्होंने मई 2022 में गुरेज सेक्टर के रास्ते नियंत्रण रेखा पार की थी। खुफिया इंटरसेप्ट के अनुसार, उसी समय उनका रेडियो चेकइन पाक क्षेत्र से दर्ज किया गया था।

## अमरनाथ यात्रा



### अनुष्ठान के बाद गुफा मंदिर के लिए छड़ी मुबारक यात्रा शुरू

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा का अंतिम चरण सोमवार को शुरू हो गया। महंत दीपेंद्र गिरि ने भगवान शिव की पवित्र छड़ी 'छड़ी मुबारक' को दशनामी अखाड़ा मंदिर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर की यात्रा के रवाना किया। छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत गिरि ने कई साधुओं के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच यहां बुद्धशाह चौक स्थित दशनामी अखाड़ा मंदिर से पवित्र छड़ी यात्रा निकाली। उन्होंने कहा, पवित्र छड़ी यात्रा आज रात पहलगाम पहुंचेगी और वहां दो रात रुकेगी। इसके बाद छह अगस्त को चंदनवाड़ी, सात अगस्त को शेषनाग और आठ अगस्त को पंजतरणी में रात्रि विश्राम किया जाएगा। नौ अगस्त को पवित्र गुफा पहुंचेगी, जो शास्त्रों के अनुसार यात्रा का समापन होगा।

### अमेरिका: भारतीय मूल की वकील ओहायो की नई सॉलिसिटर जनरल

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की वकील मथुरा श्रीधरन को ओहायो का 12वां सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है, जो राज्य और संघीय अदालतों में अपील के लिए राज्य की शीर्ष वकील हैं। अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने एक बयान में कहा कि उन्होंने अपने पूर्ववर्ती इलियट गेसर के जाने के बाद श्रीधरन को इस पद के लिए गर्व से चुना है। गेसर को राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी न्याय विभाग के कानूनी परामर्शदाता कार्यालय का नेतृत्व करने के लिए चुना है। योस्ट ने कहा, मथुरा ओहायोवासियों के हित में काम करती हैं। वह संघवाद और कानूनी ताकत की एक ऐसी चैंपियन हैं जिनका अदालत में सम्मान किया जाना चाहिए।

# मालेगांव विस्फोट: कोर्ट ने भगोड़ों पर आरोप तय करने का रास्ता किया साफ

**मुंबई, एजेंसी**

● घटनास्थल पर विस्फोटकों लदी बाइक खड़ी करने का है आरोप

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने एजेंसी को फरार आरोपियों रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह निर्देश 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अदालत के फैसले के साथ आया है।

मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कलसांगरा और डांगे, एनआईए द्वारा जांचे गए इस मामले में आधिकारिक तौर पर वांछित आरोपी (एए-1 और एए-2) के रूप में सूचीबद्ध हैं। अदालत में पेश किए गए अभियोजन पक्ष के दावों के अनुसार कलसांगरा मालेगांव विस्फोट स्थल पर विस्फोटकों से लदी एलएमएल फ्रीडम मोटरसाइकिल खड़ी करने के लिए जिम्मेदार था। एनआईए ने कहा कि हमले से एक साल पहले से ही कलसांगरा और डांगे दोनों के पास मोटरसाइकिल थी। कलसांगरा के भाई शिव नारायण कलसांगरा को दिसंबर 2017 में चार अन्य व्यक्तियों के साथ बरी कर दिया गया था। जिन्हें पहले महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने इस मामले में गिरफ्तार किया था।

### कई आतंकी घटनाओं में हैं दोनों वांछित

कलसांगरा बंधु किसान है और इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। डांगे एक इंजीनियरिंग स्नातक और प्रोफेसर का बेटा है। दोनों 17 वर्षों से भगोड़े हैं और कई बड़े आतंकी हमलों में भूमिका के लिए एनआईए और सीबीआई सहित कई एजेंसियों द्वारा वांछित हैं। इनमें 2006 के मालेगांव ट्रिपल ब्लास्ट, 2007 का समझौता एक्सप्रेस विस्फोट, 2007 में हैदराबाद में मक्का मस्जिद विस्फोट, 2007 का अजमेर दरगाह विस्फोट और 2008 का मालेगांव विस्फोट शामिल हैं। कलसांगरा रामजी कलसांगरा और विष्णु पटेल जैसे नामों का इस्तेमाल करने के लिए जाना जाता है, डांगे परमानंद उपनाम इस्तेमाल करता है।

# बोइंग: लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारियों ने शुरू की हड़ताल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

बोइंग के लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारी सोमवार को केंद्रीय मानक समय के अनुसार मध्य रात्रि से हड़ताल पर चले गए।

'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स यूनियन' ने बताया कि सेंट लुईस, सेंट चार्ल्स, मिसौरी और मैस्काउटा (इलिनोइस) स्थित बोइंग संयंत्रों में कार्यरत 3,200 कर्मचारियों ने बोइंग के साथ संशोधित चार-वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया। यह मतदान पिछले सप्ताह सदस्यों द्वारा संकटग्रस्त कंपनी के पूर्व प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद हुआ, जिसमें चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था। यूनियन ने 'एक्स' पर लिखा, बोइंग के 200 उच्च-कुशल आईएएम यूनियन सदस्य आधी रात को हड़ताल पर चले गए। मध्यपश्चिम क्षेत्र के लिए यूनियन के महासचिव सैम सिसिनेली ने एक बयान में कहा, आईएएम डिस्ट्रिक्ट 837 के सदस्य ऐसे विमान और रक्षा प्रणालियां बनाते हैं जो हमारे देश को सुरक्षित रखती हैं।

# चीन सख्त, अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिजों की कमी

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने पश्चिमी रक्षा उद्योगों के लिए जरुरी महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर कड़ाई और बढ़ा दी है जिससे उनका रक्षा उत्पादन धीमा हो गया है और कंपनियों को वैकल्पिक स्रोतों की तलाश के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार अमेरिकी सेना को ड्रोन आपूर्ति करने वाले एक विनिर्माता को अपनी आपूर्ति दो महीने के लिए आगे बढ़ानी पड़ी, क्योंकि चीन निर्मित चुंबक की आपूर्ति नहीं हो पाई। यह देरी चीन के रक्षा वस्तुओं पर लगाए गए प्रतिबंधों का असर है। व्यापारियों ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि प्रतिबंधों के प्रभाव में आने के बाद से पश्चिमी रक्षा उद्योग के लिए आवश्यक कुछ सामानों की कीमत लगभग पांच गुना तक बढ़ गई है। इन बाधाओं के कारण खरीद पर असर पड़ रहा है और कीमतें बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले लगभग 80,000 पुर्जों में उन खनिजों का इस्तेमाल होता है, जो चीन के निर्यात नियंत्रण में हैं।



● निर्यात पर कड़ाई से अमेरिकी रक्षा उद्योगों पर संकट, उत्पादन ठप, पांच गुना बढ़ीं कीमतें

### अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा उत्पादन के लिए चिंताजनक


मुद्दे की गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि लगभग पूरा अमेरिकी रक्षा आपूर्ति तंत्र इन महत्वपूर्ण सामानों के लिए किसी न किसी चीनी आपूर्तिकर्ता पर निर्भर है। यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और उत्पादन के लिए बेहद चिंताजनक है। नियंत्रण को बढ़ाते हुए चीनी अधिकारी पश्चिमी खरीदारों से खनिजों के अंतिम इस्तेमाल के संबंध में पूरी जानकारी का खुलासा करने को कह रहे हैं। इसे रक्षा उपकरणों में इन खनिजों के इस्तेमाल को रोकने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। अप्रैल में चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की बिक्री को विनियमित करने के लिए 16 अमेरिकी कंपनियों को अपने निर्यात नियंत्रण सूची में शामिल किया था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अगस्त, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 13.12 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 11.23 तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज घर के छूटे कार्यों को लेकर तनाव हो सकता है। उच्च शिक्षा में परेशानियां होंगी। आर्थिक नुकसान होने की संभावना बन रही है। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष:** आज दांपत्य संबंधों में संवादहीनता न होने दें। अपने स्वभाव में लचीलापन रखना आवश्यक है। नजदीकी लोगों की सलाह को अनसुना करना नुकसानदेह हो सकता है। कोई भी बड़ा निर्णय सोच-समझकर ही लें।

**मिथुन:** आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। काफी समय से चली आ रही उलझनों से राहत मिलेगी। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। रिटेल से जुड़े कारोबार में प्रगति होगी। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आज आपकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से नुकसान होगा। उच्च रक्तचाप के कारण समस्या होगी। आपको सभी काम समय पर करने चाहिए। अटका हुआ धन वापस मिलेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**सिंह:** आज दार्शनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। नये प्रेम संबंधों को लेकर समस्या हो सकती है। निवेश के दौरान सावधानी रखें। अधिकारी वर्ग के साथ तनाव हो सकता है। श्वसन के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है।

**कन्या:** आज रियल एस्टेट से जुड़े नए सौदों को जांच-परख कर ही करें। वायरल बुखार की समस्या हो सकती है। जाने-अनजाने में आपसे कुछ त्रुटियां हो सकती हैं। महिलाओं को किचन में उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में स्थायीत्व बढ़ेगा। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। उच्च अधिकारियों से आपको मदद लेनी चाहिए। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने वाली है। आपकी बातों से लोग अत्यंत प्रभावित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज नई साझेदारियों के लिए आज का दिन शुभ है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ अवरोधो का सामना करना पड़.सकता है। पड़ोसियों से अपने संबंध अच्छे रखें। प्रेम संबंधों को लेकर पारिवारिक सहमति मिल सकती है।

**धनु:** आज दांपत्य संबंधों की कड़वाहट दूर हो सकती है। ससुराल पक्ष से अपने संबंध अच्छे रखें। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। समाज में आपको उचित मान-सम्मान मिलेगा। रुका हुआ कार्य बनने से मानसिक अशान्ति दूर होगी।

**मकर:** आज आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी। बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें। वाहन चलाते समय चोट लग सकती है। जीवनसाथी से कुछ मतभेद उभर सकते हैं।

**कुंभ:** आज कारोबार में नई शुरुआत कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। मित्रों व सहयोगियों की मदद करने से आत्मिक सन्तुष्टि होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। नवीन परियोजनाओं को आरम्भ करने में सफलता मिलेगी।

**मीन:** आज आप अत्यधिक ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी राजनीतिक चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेमी जन से कोई वादा न करें। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

## सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 59 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |





स्टेडियम
अयोध्या, मंगलवार, 5 अगस्त 2025
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### स्टोक्स के बाद ब्रूक बनें कप्तान : वॉन

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मैदान पर हैरी ब्रूक की मौजूदगी अच्छी नेतृत्व क्षमता का भाव देती है और बेन स्टोक्स के बाद उन्हें कमान सौंपी जानी चाहिए। ब्रूक ने भारत के खिलाफ पांचवें और निर्णायक टेस्ट के चौथे दिन 98 गेंद में 111 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। बतौर कप्तान 51 में से 26 टेस्ट जीतने वाले वॉन का मानना है कि ओली पोप शानदार उपकप्तान है लेकिन स्टोक्स के संन्यास के बाद ब्रूक को कप्तानी सौंपी जानी चाहिये। उन्होंने कहा हैरी ब्रूक में नेतृत्व क्षमता नैसर्गिक है। अगर भविष्य में बेन स्टोक्स चोटिल है और पोप उपकप्तान नहीं हैं तो ब्रूक कप्तान हो सकते हैं। ओली पोप अच्छा उपकप्तान है।

### तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा

**नई दिल्ली :** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा हमें यकीन है कि हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे।

### दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं

**पोर्थकॉल (वेल्स) :** भारत की दीक्षा डागर अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के खराब प्रदर्शन के साथ यहां एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता।

# भारत की सबसे छोटी पर यादगार करिश्माई जीत

## मोहम्मद सिराज के जादुई स्पैल ने इंग्लैंड के जबड़े से छीना मैच, सीरीज 2-2 से बराबर, आखिरी दिन सिर्फ एक घंटे में हो गया फैसला



**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड को आखिरी दिन सिर्फ 35 रन चाहिए थे और भारत को लेने थे चार विकेट। कइयों को भरोसा नहीं था कि भारतीय टीम इस मुकाम से मैच जीत लेगी, लेकिन मोहम्मद सिराज कुछ और सोचकर आए थे और उन्होंने वह कर दिखाया जो क्रिकेटप्रेमी बरसों तक याद रखेंगे। चार में से तीन विकेट चटकाकर सिराज ने भारत को छह रन से चमत्कारिक जीत और श्रृंखला में बराबरी दिलाई। इसके साथ ही पिछले कुछ अर्से की सबसे कड़ी और नाटकीय श्रृंखला में से एक का शानदार अंत हुआ। टेस्ट मैच में रनों के हिसाब से यह भारत की सबसे छोटी जीत है।

मैच के आखिरी दिन सुबह अपने फोन पर बिलीव इमोजी वॉलपेपर लगाने वाले सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिए। दूसरे छोर पर प्रसिद्ध कृष्णा (126 रन पर चार विकेट) ने भी उनका साथ बखूबी निभाया और अंततः इंग्लैंड की टीम 374 रन के लक्ष्य से दूर रह गई और भारत ने पांच मैच की सीरीज 2-2 से बराबर कर दी। चौथे दिन थोड़ी देर की बारिश के बाद समय से पहले दिन का खेल खत्म करने के फैसले पर स्टुअर्ट ब्रॉड और माइकल वॉन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए थे, लेकिन यह उचित ही लगा कि बेहद कड़ी सीरीज का निर्णायक मैच भी बाकी चार मुकाबलों की तरह आखिरी दिन तक चला।

दिन की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई लेकिन खेल शुरू होने से दो घंटे पहले साफ आसमान को काले बादलों को घेर लिया जिससे भारत और उनके प्रशंसकों की उम्मीदें और जग गई। पांचवें दिन द ओवल दर्शकों से खचाखच भरा था और 25 पाउंड के बावजूद 27,500 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम तुरंत भर गया। जब खेल शुरू हुआ तो भारत को 22 गेंद के बाद नई गेंद मिली थी लेकिन इंग्लैंड ने उम्मीद के मुताबिक शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। प्रसिद्ध कृष्णा के 23वें ओवर की चार गेंद बाकी थी और उन्हें शुरुआत शॉर्ट गेंद के साथ की जिसे जेमी ओवरटन (09) ने बाउंड्री के दर्शन कराए। सिराज ने इसके बाद पवेलियन छोर गेंदबाजी का जिम्मा संभाला और पुरानी गेंद से कहर बरपाया। उन्होंने खतरनाक जेमी स्मिथ (02) को तीसरी ही गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया जिससे स्टेडियम में मौजूद भारतीय प्रशंसक एक साथ खुशी से झूम उठे। अगली गेंद पर गस एटकिंसन (17) भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके बल्ले से टकराने के बाद स्लिप में लोकेश राहुल के हाथों तक नहीं पहुंची। अपने अगले ओवर में सिराज ने ओवरटन को तेजी से अंदर आती गेंद पर पगबाधा किया। सिराज ने डीआरएस का सहारा लिया लेकिन अंपायर्स कॉल के कारण उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ा। प्रसिद्ध ने इसके बाद जोश टंग (00) को फुल लेंथ की गेंद पर बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर नौ विकेट पर 350 रन किया।



भारतीय टीम के सदस्यों ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने के बाद कराया फोटो सेशन। एजेंसी

### भारत ने इंग्लैंड को छह रनों से हराकर बनाए कई रिकार्ड

**लंदन :** ओवल में यह छह रनों की टेस्ट में भारत की सबसे छोटी जीत है। इससे पहले भारत ने 2004 में मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 107 रनों का बचाव करते हुए 13 रन से मैच जीता था। यह छह रन की हार इंग्लैंड की टेस्ट में तीसरी संयुक्त सबसे छोटी हार भी है। पांचवां विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड का स्कोर 332 रन था। इससे पहले केवल एक बार ऐसा हुआ है कि किसी टीम ने पहले पांच साझेदारियों में इतने रन बनाए हों और फिर भी हार गई हो। 1977 में इंग्लैंड 463 रन के लक्ष्य में 346/5 पर था, लेकिन 45 रन से हार गया। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा टेस्ट में दोनों पारियों में चार या उससे अधिक विकेट लेने वाली भारत की दूसरी जोड़ी बने। इससे पहले 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिशन सिंह बेदी और एरापल्ली प्रसन्ना ने यह उपब्धिक हासिल थी। ओवल में सिराज और प्रसिद्ध का प्रदर्शन किसी टीम के लिए दोनों पारियों में दो गेंदबाजो के चार-चार विकेट लेने का 15वां उदाहरण है। पिछली बार इंग्लैंड के लिए 2012-13 में मुंबई में मोंटी पनेसर और ग्रेम स्वान ने ऐसा किया था।

**भारत पहली पारी : 224 रन**
**इंग्लैंड पहली पारी : 247 रन**
**भारत दूसरी पारी : 396 रन**

### इंग्लैंड दूसरी पारी

**367/10** (85.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉली बोल्ड सिराज | 14 |
| बेन डकेट का राहुल बो कृष्णा | 54 |
| ओली पोप पगबाधा सिराज | 27 |
| जो रूट का जुरेल बो कृष्णा | 105 |
| ब्रुक का सिराज बो आकाशदीप | 111 |
| जैकब बेथल बो कृष्णा | 05 |
| जेमी स्मिथ का जुरेल बो सिराज | 02 |
| जेमी ओवरटन पगाबाधा सिराज | 09 |
| गस एटकिंसन बो सिराज | 17 |
| जोश टंग बो कृष्णा | 00 |
| क्रिस वोक्स नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** आकाशदीप 20-4-85-1, कृष्णा 27-3-126-4, सिराज 30.1-6-104-5, सुंदर 4-0-19-0, जडेजा 4-0-22-0

# सुबह उठने के बाद सबसे पहले गूगल पर बिलीव इमोजी ढूंढा

**लंदन, एजेंसी**

- **जीत के बाद मोहम्मद सिराज ने बताया सफलता का राज**
- **सिराज ने इंग्लैंड के आखिरी चार में से तीन विकेट चटकाए**

मोहम्मद सिराज के शब्दकोष में असंभव शब्द नहीं है और उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह आखिरी टेस्ट में किसी भी स्थिति से भारत को जीत दिला सकते हैं। सिराज ने जीत के बाद कहा मैं सुबह उठा और अपने फोन पर गूगल चेक किया। इसके बाद बिलीव इमोजी वॉलपेपर निकाला और खुद से कहा कि मैं देश के लिये यह करूंगा।

जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज ने श्रृंखला में 185.3 ओवर डालकर 23 विकेट चटकाए। वह इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी। सिराज ने आखिरी चार में से तीन विकेट चटकाकर भारत को छह रन से अविस्मरणीय जीत दिलाई। उन्होंने दूसरी पारी में 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने मैच के बाद जियो हॉटस्टार पर दिनेश कार्तिक से कहा मुझे हमेशा से यकीन था कि किसी भी स्थिति से जीत दिला सकता हूं और सुबह यही किया।

हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज ने कहा मेरी एक ही रणनीति थी कि सही जगह पर गेंद डालनी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विकेट मिलते हैं या रन जाते हैं। चौथे दिन रविवार को शतक जमाने वाले हैरी ब्रूक का 19 के स्कोर पर कैच छोड़ने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा जब मैने गेंद लपकी तो लगा नहीं था कि सीमारेखा को छू लूंगा। यह मैच पलटने वाला पल था।

ब्रूक टी20 अंदाज में बल्लेबाजी कर रहा था। हम मैच में पीछे थे लेकिन अल्लाह का शुक्र है। मुझे लगा था कि मैच हाथ से निकल गया।



प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद खुशी जाहिर करते मोहम्मद सिराज। एजेंसी

### सिराज के लिए कमाल की श्रृंखला और परिणाम : ब्रूक

**लंदन :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सोमवार को पांचवें टेस्ट की अंतिम सुबह अपनी टीम के लिए एक आसान जीत की कल्पना की थी लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की साहसिक गेंदबाजी ने मेजबान टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सिराज ने मैच में नौ विकेट लिये और भारत की छह रन से जीत के शिल्पकार रहे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा इंग्लैंड टीम के **प्लेयर आफ द सीरिज** चुने गए ब्रूक ने कहा मुझे लगा था कि हम आसानी से जीत जायेंगे लेकिन जिस तरीके से सिराज ने गेंदबाजी की, वह इस सफलता का हकदार था। उसने श्रृंखला में कमाल का प्रदर्शन किया और फिनिश भी।

# हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज : शुभमन गिल

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का उचित प्रतिबिंब करार दिया।

श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान माइकल आथर्टन से कहा सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है।




ट्रॉफी के साथ भारतीय कप्तान शुभमन गिल व इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स। एजेंसी

### टेस्ट क्रिकेट से छेड़छाड़ की जरूरत नहीं

**लंदन :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में छह रन की नाटकीय जीत दर्ज करने के बाद सोमवार को इस प्रारूप से छेड़छाड़ नहीं करने की सलाह दी। टेस्ट क्रिकेट पर फ्रेंचाइजी क्रिकेट के कारण खतरे की बात की जा रही है लेकिन इस सीरीज के पांचों मैच पांचवें दिन तक चले और रोमांचक बने रहे। गिल ने चुटिले अंदाज में कहा कि अगर टेस्ट मैच चार दिवसीय होते तो इस सीरीज के चार मैच ड्रॉ पर समाप्त होते। गिल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा मेरे विचार से टेस्ट क्रिकेट जैसा है वैसा ही रहना चाहिए क्योंकि यह सबसे फायदेमंद और संतोषजनक प्रारूप है। इसमें जीत हासिल करने के लिए आपको सबसे ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है और इस प्रारूप की सबसे अच्छी बात यह है कि यह आपको हमेशा दूसरा मौका देता है।

## मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम का केरल दौरा रद्द

**तिरुवनंतपुरम :** महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम केरल के दौरे पर नहीं आएगी। यह जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी अब्दुर्रहमान ने सोमवार को दी।



इससे पहले मंत्री ने जोर देकर कहा था कि सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक मेस्सी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम राज्य का दौरा करेगी और प्रायोजक ने पहले ही इस दौरे के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने हालांकि सोमवार को पत्रकारों से कहा कि अर्जेंटीना की टीम ने उन्हें बताया कि उन्हें इस साल अक्टूबर में राज्य का दौरा करने में परेशानी हो रही है।

## आस्ट्रेलिया दौरे के लिए पुरुष हॉकी टीम का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **युवा खिलाड़ियों को दिया गया मौका, 15 अगस्त से शुरू हो रहा दौरा**

इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिये हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे।



अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिये एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिये भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा। **डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह, पूवन्ना सीबी। **मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह। **फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य।

## विंबलडन चैंपियन को हराकर टॉसन क्वार्टर फाइनल में

**मांट्रियल :** डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विंबलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7.6, 6.3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विम्बलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4.6, 6.3, 7.5 से मात दी। टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था। जापान की नाओमी ओसाका भी लाटविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6.1, 6.0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा।


**यादगार पल** | युवा खिलाड़ियों के बीच जिम्मेदार की भूमिका में रहे केएल राहुल ने जताई खुशी

# मैं इस जीत को करियर में शीर्ष पर रखूंगा

**लंदन, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराना भारतीय क्रिकेट के सबसे यादगार पलों में से एक होगा। क्योंकि यह एक ऐसी टीम द्वारा हासिल किया गया था जिसे विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति में दावेदार नहीं माना गया था। मोहम्मद सिराज ने थकान को धत्ता बताते हुए मैच के पांचवें दिन कमाल की गेंदबाजी करते हुए पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में पांच विकेट झटक कर भारत को छह रन से यादगार जीत दिलाई।

इस श्रृंखला में कई बार बेहतर स्थिति से होने के बावजूद मैच से नियंत्रण गंवाने वाली भारतीय टीम ने आखिरी एक घंटे में शानदार गेंदबाजी से मैच का पासा पलट दिया। राहुल ने मैच के प्रसारकों से कहा हमने भारत को विश्व कप उठाते हुए देखा है, मेरा मतलब है कि विश्व कप जीतने की बराबरी कोई नहीं कर सकता। लेकिन हर किसी के मन में इतने संदेह, इतने सवाल थे कि क्या टेस्ट क्रिकेट रहेगा या नहीं।



लोकेश राहुल। एजेंसी

मुझे लगता है कि दोनों टीमों ने जिस तरह से इस श्रृंखला में खेला है, मुझे लगता है कि हमने उस सवाल का जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा श्रृंखला से पहले किसी को उम्मीद नहीं थी कि हमारी टीम इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दे पायेगी। हमारे लिए हर मैच में संघर्ष कर वापसी करना और श्रृंखला को 2-2 से बराबर करना शानदार है। मुझे लगता है कि यह जीत हमारे लिए और भविष्य में भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए सबसे ऊपर रहेगी।

राहुल इस टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है। उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 532 रन बनाये। वह कप्तान शुभमन गिल के बाद इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने युवा यशस्वी जायसवाल के कई बार टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

### रोहित, विराट के बिना थोड़ा अजीब लगा

जब मैं इस टीम में शामिल हुआ और मैंने चारों ओर देखा और मेरे पास रोहित, विराट और अश्विन नहीं थे, जिनके साथ मैंने अपना सारा क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा उनके बिना टीम में होना थोड़ा अजीब लगा। तभी मुझे यह एहसास हुआ कि युवा खिलाड़ी मार्गदर्शन के लिए मेरी तरफ देख रहे हैं, मुझ से इंग्लैंड की परिस्थितियों के बारे में पूछने आ रहे हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए, उन्हें कैसे तैयारी करनी चाहिए। राहुल ने कहा कि उन्होंने सिर्फ प्रदर्शन करने में ही नहीं, बल्कि युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने में भी अनुभव पर भरोसा किया।